सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 25 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 111, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में करीब 1000 अंकों की गिरावट

कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और आईटी कंपनियों के शेयर में बिकवाली से सेंसेक्स 999.79 अंक या 1.29 प्रतिशत टूटकर 76,664.21 अंक पर बंद हुआ। } 10

## श्रमिकों का कल्याण शासन की प्राथमिकता

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि जो देश अपने श्रमिकों की गरिमा को महत्व देता है, वह प्रगति की राह पर निरंतर आगे बढ़ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसलिए श्रमिकों का कल्याण शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। } 12



## बंगाल की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध : मोदी

### प्रधानमंत्री ने हुगली नदी पर किया नौका विहार, खींची तस्वीरें

एजेंसी



कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार सुबह यहां हुगली नदी में नौका विहार किया और कहा कि इसके पवित्र जल में एक संपूर्ण सभ्यता की शाश्वत भावना बहती है। मोदी ने यह भी कहा कि वह पश्चिम बंगाल के विकास और महान बंगाली लोगों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं।

प्रधानमंत्री ने अपने इस नौका विहार की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिनमें वह हाथ में कैमरा लिए लकड़ी की एक नाव पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। तस्वीरों में पृष्ठभूमि में हावड़ा ब्रिज और विद्यासागर सेतु नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा इस महान नदी की तस्वीरें लेने की कोशिश ...शेष पृष्ठ 10 पर

## राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल भाजपा में शामिल

### आप के सात सांसदों ने पार्टी छोड़ी, स्थापना के 14 साल बाद लगा सबसे बड़ा झटका

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत में राजनीति की नीति और नीयत में क्रांतिकारी बदलावों के दावे के साथ करीब 14 साल पहले भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उपजी आम आदमी पार्टी (आप) के लिए गंभीर संकट पैदा हो गया है क्योंकि शुक्रवार को उसके सात राज्यसभा सदस्यों ने उसकी चिर प्रतिद्वंदी पार्टी भाजपा का दामन थाम लिया।

राष्ट्रीय राजधानी में नवंबर 2012 की सर्दियों में भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों के गुस्से से जन्मी यह पार्टी तेजी से एक ऐसी राजनीतिक ताकत में तब्दील हो गई जिसने दिल्ली में लगातार तीन बार सरकार बनाई पहली बार 2013 में, फिर 2015 और 2020 में। बाद में, पंजाब की सत्ता पर भी काबिज हुई। पार्टी के शुरुआती वर्षों में इसका साथ देने वाले लोगों में कार्यकर्ता, पेशेवर और राजनीति में आए नये लोग शामिल थे। उन्होंने इसे बिल्कुल शुरुआत से खड़ा करने में मदद की। हालांकि, समय के साथ, नेतृत्व शैली और पार्टी की दिशा को लेकर मतभेदों का हवाला देते हुए, इनमें से कई शुरुआती साथी अलग हो गए। शुक्रवार को आप को एक और बड़ा झटका लगा, जब इसके ज्यादातर राज्यसभा सदस्यों ने पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। आप के करीब दो-तिहाई राज्यसभा सदस्यों के इस दल-बदल ने पार्टी की आंतरिक एकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कभी सामूहिक नेतृत्व और विकेंद्रीकृत स्वरूप पर गर्व करने वाली पार्टी के लिए यह एक चुनौती बन गई है। दल-बदल करने वाले समूह का नेतृत्व राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल जैसे हाई-प्रोफाइल चेहरों ने किया। हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजेंद्र गुप्ता और विक्रम साहनी पार्टी छोड़ने वाले अन्य चार सांसद हैं। आम आदमी पार्टी के लिए यह समय विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। पार्टी 2027 में गुजरात, गोवा और पंजाब में चुनावी मुकाबले के लिए कमर कस रही है।

आप नेताओं ने आत्मविश्वास जताते हुए कहा कि पार्टी का जमीनी स्तर से जुड़ाव और शासन का सिद्धांत, नेताओं के साथ छोड़ जाने के बावजूद बरकरार है। वर्ष 2025 में भाजपा के हाथों दिल्ली में सत्ता गंवाने के बाद, आम आदमी पार्टी के पास वर्तमान में दिल्ली विधानसभा में 22 सदस्य हैं। पंजाब में, जहां, वह वर्तमान में सत्ता में है, आप के 92 विधायक हैं। वर्ष 2022 में, आम आदमी पार्टी ने पांच विधायकों के साथ गुजरात विधानसभा में अपना खाता खोला ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

### उज्बेकिस्तानी महिला चारबाग में गिरफ्तार



लखनऊ। नाका थाना क्षेत्र के चारबाग में संदिग्ध हालत में घूम रही उज्बेकिस्तान की महिला को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जांच में महिला का बताया गया नाम फर्जी निकला। उसके पास मिला वीजा भी फर्जी है। पुलिस ने विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 21 मार्च की रात करीब 1 बजे पानदरीबा इलाके में एक विदेशी महिला सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में खड़ी थी। उसके पास कई लोग आते और कुछ बात करके निकल जाते। गश्त कर ...शेष पृष्ठ 10 पर

### मुरादाबाद : डंपर ट्रैक्टर की टक्कर में चार की मौत

मुरादाबाद (उप्र),। मुरादाबाद जिले में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सुबह मैनाठेर थाना क्षेत्र में मुरादाबाद-संभल मार्ग पर हुई जब मुरादाबाद की ओर से आ रहे मिट्टी से भरे डंपर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे ट्रॉली में सवार लोग सड़क पर गिर पड़े और मौके पर अफरातफरी मच गई। मैनाठेर थाना प्रभारी किरनपाल सिंह ने बताया कि ट्रॉली में सवार लोग पारिवारिक समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। इस हादसे में सुमन (30), उनके बेटे अजीत

# छोटे उपभोक्ताओं को योगी सरकार की बड़ी राहत

### एक किलोवाट वाले उपभोक्ताओं का 30 दिन तक नहीं कटेगा कनेक्शन, विद्युत विच्छेदन से पूर्व पांच एसएमएस भेजना अनिवार्य

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने छोटे बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए अहम फैसला लिया है। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने घोषणा की है कि 1 किलोवाट तक के घरेलू उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन अब 30 दिनों तक नहीं काटा जाएगा, चाहे उनका बैलेंस कितना भी नेगेटिव क्यों न हो। इसके साथ ही 2 किलोवाट तक के उपभोक्ताओं को भी राहत देते हुए 200 रुपये तक के माइनस बैलेंस पर बिजली कटौती नहीं की जाएगी। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि किसी भी उपभोक्ता का कनेक्शन काटने से पहले कम से कम 5 एसएमएस भेजना अनिवार्य होगा।




ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भीषण गर्मी के दौरान अनुरक्षण कार्यों को प्राथमिकता देते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। यह निर्णय खासतौर पर आम और छोटे उपभोक्ताओं को राहत देने तथा उन्हें अचानक बिजली कटौती से बचाने के उद्देश्य से लिया गया है। ऊर्जा मंत्री ने साफ किया कि नेगेटिव बैलेंस की स्थिति में भी एक माह का चक्र पूरा होने से पहले किसी भी स्थिति में कनेक्शन विच्छेद नहीं किया जाएगा। साथ ही पारदर्शिता और उपभोक्ता सुविधा को ध्यान में रखते हुए कनेक्शन काटने से पूर्व उपभोक्ताओं को 5 अनिवार्य एसएमएस अलर्ट भेजे जाएंगे। जिससे उन्हें समय रहते भुगतान का अवसर मिल सकेगा। इसके साथ ही 2 किलोवाट के कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को भी राहत प्रदान की गई है। ऐसे उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन 200 रुपये तक के माइनस बैलेंस पर नहीं काटा जाएगा। इनके लिए भी 5 चरणों में एसएमएस सूचना प्रणाली लागू की गई है, जिससे किसी भी असुविधा से बचा जा सके। वहीं बढ़ती गर्मी को देखते हुए ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने सभी जिलों के अधिकारियों को विद्युत अनुरक्षण कार्यों में तेजी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी में लैब टू लैंड की अवधारणा धरातल पर : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को लखनऊ में क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन (उत्तर क्षेत्र) के शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। यह बदलाव वैज्ञानिक तकनीकों, एग्रो-क्लाइमेटिक जोन आधारित रणनीति तथा केंद्र-राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। यूपी में लैब टू लैंड की अवधारणा धरातल पर उतर चुकी है, जिससे किसानों को सीधे लाभ मिल रहा है। कृषि विकास दर में उल्लेखनीय वृद्धि, प्रति हेक्टेयर उत्पादन में रिकॉर्ड सुधार, बहुफसली खेती का विस्तार और वैल्यू एडिशन पर बढ़ता फोकस इस परिवर्तन के स्पष्ट संकेत हैं। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय कृषि सम्मेलनों, अंतरराष्ट्रीय कृषि केंद्रों की स्थापना, कृषि विज्ञान केंद्रों के सशक्तीकरण और प्रगतिशील किसानों की भूमिका को इस बदलाव का प्रमुख आधार बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## एक मई से गन्ना किसानों की फसल का जीपीएस सर्वे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गन्ना सर्वेक्षण नीति जारी की गई है। इसके तहत गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग गन्ने की फसल का जीपीएस सर्वेक्षण कराएगा। यह जीपीएस सर्वेक्षण 1 मई से शुरू होकर 30 जून 2026 तक चलेगा। इसकी सूचना 3 दिन पहले सभी रजिस्टर्ड गन्ना किसानों को मोबाइल एसएमएस के जरिए दी जाएगी।

गन्ना सर्वेक्षण टीम में एक राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक और एक चीनी मिल कर्मचारी शामिल होंगे। इनको सर्वेक्षण से पहले प्रशिक्षित भी किया जाएगा। सर्वेक्षण के दौरान किसान की मौजूदगी जरूरी होगी। टीम किसान के खेत पर पहुंचकर जीपीएस के जरिए उत्पादन का डाटा सीधे विभाग के सर्वर पर फीड करेगी। वहीं सर्वेक्षण के बाद खेत का क्षेत्रफल, गन्ने की किस्म समेत अन्य जानकारी भी किसानों को एसएमएस के जरिए दी जाएगी। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग आयुक्त वीना कुमारी मीना ने बताया कि पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ना सर्वेक्षण नीति जारी कर दी गई है। सर्वेक्षण कार्य 1 मई से प्रारम्भ कर 30 जून ...शेष पृष्ठ 10 पर

## प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर

### आग उगल रहे कई जिले, तापमान 45 के पार पहुंचा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तरप्रदेश में प्रचंड गर्मी अपने पूरे रंग में है। शुक्रवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाके भीषण गर्मी के चपेट में रहे। तपिश के प्रकोप से अब जनजीवन और लोगों का कामकाज प्रभावित होने लगा है। प्रयागराज, वाराणसी, हरदोई, आगरा, मेरठ, अलीगढ़ और शाहजहांपुर जैसे शहरों भयानक लू के थपेड़ों का प्रकोप रहा और दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। 45.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रयागराज प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। वहीं 44.3 डिग्री, बांदा और हमीरपुर में 44.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।



मौसम विभाग का कहना है कि 26 अप्रैल से यूपी में सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश के विभिन्न इलाकों में बूंदाबांदी होगी और तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। साथ ही लू के थपेड़ों और तपिश से राहत मिलेगी। हालांकि शनिवार के लिए भी मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के 45 जिलों में लू की चेतावनी जारी किया गया है। वहीं पश्चिम के 21 ...शेष पृष्ठ 10 पर

### एटा : गड्ढे में गिरी स्कूली वैन, कई बच्चे घायल

एटा (उप्र)। एटा जिले के अलीगंज बाईपास पर शुक्रवार को स्कूली बच्चों को ले जा रही एक वैन अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई, जिससे कई बच्चे मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों व राहगीरों ने राहत कार्य शुरू किया और बच्चों को बाहर निकालकर उन्हें नजदीकी निजी अस्पतालों में पहुंचाया। पुलिस के अनुसार घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक वैन को वहां से हटा दिया गया था। घायल बच्चों को भी उनके अभिभावक अपने-अपने साथ ले गए थे। अलीगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में सटीक जानकारी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विपक्ष ने महिलाओं के साथ किया अन्याय : धामी

### देहरादून की महिला जनाक्रोश रैली में उमड़ा जनसैलाब, सीएम धामी ने किया मार्च

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार और उचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए गए प्रयासों को विपक्ष ने लोकसभा में रोककर न केवल महिलाओं के साथ अन्याय किया है, बल्कि लोकतंत्र की मूल भावना को भी आहत किया है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति को आगे बढ़ने से रोकना देश की प्रगति में बाधा डालने जैसा है।




मुख्यमंत्री धामी परेड ग्राउंड, देहरादून में आयोजित महिला जनाक्रोश रैली को संबोधित कर रहे थे। सभा के बाद उन्होंने हजारों महिलाओं के साथ परेड ग्राउंड से घंटाघर तक निकाली गई विशाल पदयात्रा में हिस्सा लिया। पूरे मार्ग में महिलाओं का उत्साह, जोश और व्यापक समर्थन देखने को मिला। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति मानते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया, ताकि लोकतांत्रिक ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 42.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 25.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- देश को लूटने वाले राष्ट्रद्रोहियों से सावधान रहें : सीएम (पृष्ठ-02)
- वृद्धाश्रमों से बेघर व बुर्जुगों को मिल रहा सहारा (पृष्ठ-02)
- भीषण गर्मी के बीच बिजली की मांग बढ़ी (पृष्ठ-10)
- कच्चे तेल की वायदा कीमत में आयी गिरावट (पृष्ठ-10)
- निवेशकों की संपत्ति 7.17 लाख करोड़ रुपये घटी (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

### डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पावन स्मृति में राजधानी लखनऊ, कैसरबाग स्थित बाल्दा कालोनी में किया गया वितरण

# युवा भाजपा नेता विराज सागर दास ने वितरित की दैनिक उपयोग की सामग्री








वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार एवं राजधानी लखनऊ के पूर्व मेयर तथा बीबीडी ग्रुप के संस्थापक प्रेरणास्रोत डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पावन स्मृति में आज शाम **युवा भाजपा नेता एवं प्रेसिडेंट उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ, प्रेसिडेंट बीबीडी ग्रुप, प्रेसिडेंट डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउण्डेशन, वाइस प्रेसिडेंट, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इण्डिया, चेयरमैन, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन विराज सागर दास** द्वारा राजधानी लखनऊ के कैसरबाग स्थित बालदा कालोनी में सैकड़ों जरूरतमंदों को दैनिक उपयोगी सामग्री वितरित की गयी।


**विराज सागर दास ने महिलाओं के बीच जाकर नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पर की चर्चा**

इस अवसर पर विराज सागर दास ने महिलाओं के बीच जाकर नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पर चर्चा की और उनसे पूछा की इस बिल के लोकसभा में पास नहीं होने पर उन्हे कैसा महसूस हुआ तो महिलाओं ने बताया कि विपक्ष ने उनके साथ आघात किया है, जिसकी सजा उनको आने वाले समय में मिलेगी। विराज सागर दास ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए जो जनाक्रोश ...शेष पृष्ठ 10 पर

# जातिवाद के नाम पर देश को लूटने वाले राष्ट्रद्रोहियों से सावधान रहें : सीएम

## राष्ट्रकवि दिनकर की कृति आज भी राष्ट्र चेतना की मशाल, साहित्य समाज का दर्पण, मुख्यमंत्री ने देखा रश्मिरथी का मंचन, कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति की सराहना की

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी कृति रश्मिरथी आज भी समाज और राष्ट्र को दिशा देने वाली प्रेरणा है। यदि भारत को मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित बनाना है तो जातिवाद के नाम पर समाज को बांटने वाली शक्तियों से सावधान रहना होगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय रश्मिरथी पर्व के शुभारंभ एवं रश्मिरथी से संवाद स्मारिका के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रकवि दिनकर की कालजयी काव्यकृति रश्मिरथी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। साहित्य के ऐसे सशक्त साधक के प्रति हम सब अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए प्रदेश की राजधानी में एकत्र हैं। यहां हम उनकी कालजयी काव्यकृति पर आधारित नाट्य-श्रृंखला का मंचन देखेंगे। हम देखेंगे कि किस प्रकार

- **स्वामी विवेकानंद, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और अटल पर भी होंगे विशेष नाट्य कार्यक्रम**

मां सरस्वती दिनकर की जिह्वा पर विराजती थीं और उनकी लेखनी शब्दों को पिरोती थी। यह सब रश्मिरथी के इस मंचन के माध्यम से हम सभी को देखने-सुनने को मिलेगा। इस अवसर पर दिनकर की स्मृतियों को नमन करते हुए मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। सीएम योगी ने कहा कि जब इस कार्यक्रम का पत्र मिला, तो सबसे पहले मैंने कहा कि यह कार्यक्रम उसी दिन रखिए, जिस दिन मैं भी इसका भागीदार बन सकूं, क्योंकि मैं अक्सर दिनकर जी की कृतियों के कुछ अंश लेकर विरोधियों पर प्रहार भी करता हूं। भारत धन-धान्य से परिपूर्ण रहा है, दुनिया की बड़ी ताकत रहा है, लेकिन भारत ने सैकड़ों वर्षों की गुलामी भी सही है। बल और बुद्धि में भारत का कोई मुकाबला नहीं कर सकता था, लेकिन हमारी कुछ कमियां भी थीं। दिनकर जी ने इन कमियों पर जिस प्रकार प्रहार किया है, उसे देखकर मुझे अच्छा लगता है। आप इस नाट्य मंचन के माध्यम से भी देखेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिनकर जी ने रश्मिरथी में लिखा है कि ऊंच-नीच का भेद न जाने, वही श्रेष्ठ ज्ञानी है, दया-धर्म जिसमें हो, सबसे वही पूज्य प्राणी है। जातिवाद पर भी उन्होंने कितना सशक्त प्रहार किया है, मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का, वीरों का, धनुष छोड़कर और गोत्र क्या होता रणधीरों का। पाते हैं सम्मान तपोबल से भूतल पर शूर, जाति-जाति का शोर मचाते केवल कायर क्रूर।

सीएम योगी ने कहा कि यदि हमें अपनी आजादी को लंबे समय तक अक्षुण्ण बनाए रखना है और विकसित व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करना है, तो जातिवाद के नाम पर देश को लूटने और समाज को कमजोर करने वाले राष्ट्रदोहियों से सावधान रहना होगा। युवा वर्ग के लिए दिनकर जी इस बात की प्रेरणा इन पंक्तियों के माध्यम से दशकों पहले ही दे चुके हैं, सच है, विपत्ति जब आती है, कायर को ही दहलाती है, सूरमा नहीं विचलित होते, क्षण एक नहीं धीरज खोते, विघ्नों को गले लगाते हैं, कांटों में राह बनाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिनकर जी ने समाज की चेतना को जिस रूप में जागरूक किया और पूरे समाज को एकजुट किया, वह अद्वितीय है। अपनी कृतियों के माध्यम से वह अलग-अलग स्तरों पर लोगों को जागृत करते रहे और देश की चेतना को निरंतर सशक्त करते रहे। जब भारत के लोकतंत्र को दबाने का प्रयास हुआ, तब भी दिनकर जी ने आह्वान किया- सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। शब्द किस प्रकार मंत्र बन जाएं और हर व्यक्ति के मन में राष्ट्र के लिए त्याग, चेतना और समर्पण की भावना को जागृत करें, यह गुण महान कवि में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'रश्मिरथी' ऐसे पात्र के बारे में है, जो अपनी पहचान के लिए मोहताज रहा। उसकी गाथा को दिनकर जी ने जिस प्रकार प्रस्तुत किया और उसके गुणों की व्याख्या की, उसने हर व्यक्ति को सोचने के लिए मजबूर किया कि कौन किस स्थान पर हो सकता है और हमें किसी की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। सीएम ने बताया कि उन्होंने संस्कृति विभाग से कहा है कि ऐसी साहित्यिक कृतियों पर आधारित कार्यक्रम आज की पीढ़ी के लिए नई प्रेरणा हैं। इस प्रेरणा को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। कल यहीं पर स्वामी विवेकानंद पर आधारित एक नाट्य मंचन का कार्यक्रम है। स्वामी विवेकानंद हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। वह एक संन्यासी थे, लेकिन हर युवा के लिए मार्गदर्शक बने। उन्होंने वैश्विक मंच पर भारत की वैदिक और सनातन परंपरा को सम्मान दिलाया। उन्होंने ज्ञान को विज्ञान के साथ जोड़कर तत्कालीन समाज को उसके अनुरूप तैयार करने का कार्य किया और भारत की चेतना को जागरूक करने के लिए पूरी शक्ति के साथ समर्पित रहे। स्वामी विवेकानंद ने शिकागो की धर्मसभा के बाद भारत में जो यात्राएं कीं, उनमें लखनऊ, अयोध्या, काशी सहित उत्तर प्रदेश के कई स्थान शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 अप्रैल को यहां लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक पर आधारित कार्यक्रम होगा। तिलक जी ने भारत की स्वाधीनता के लिए स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा, का उद्घोष इसी लखनऊ में किया था, जो भारत की आजादी का एक प्रमुख केंद्र बना। इसी दिन अटल स्वरांजलि कार्यक्रम भी आयोजित होगा, जिसमें भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं पर आधारित एक नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की जाएगी। अटल जी का शताब्दी वर्ष हाल में संपन्न हुआ है, और इस अवसर पर लखनऊ में राष्ट्रप्रेरणा स्थल का निर्माण भी किया गया है। लखनऊ लंबे समय तक अटल जी की कर्मभूमि रहा है। सीएम योगी ने कहा कि भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय तथा अन्य संस्थानों के युवाओं को भी इस कार्यक्रम में सहभागी बनाया जाए। जिनकी परीक्षाएं नहीं हैं, वे आएं और इस कार्यक्रम को देखें। उनके आने-जाने की व्यवस्था भी की जानी चाहिए और इसके लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। वे साहित्य के बारे में जानें, क्योंकि साहित्य वास्तव में समाज का दर्पण होता है। दर्पण जैसा होता है, वैसा ही चित्र दिखाई देता है। हम राष्ट्र को कैसा बनाना चाहते हैं, ये साहित्यिक कृतियां उसका आधार बनती हैं और उनसे हम प्रेरणा प्राप्त करते हैं। सीएम योगी ने कहा कि मैं स्वामी विवेकानंद की स्मृतियों को नमन करता हूं और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने महाराष्ट्र में गणपति महोत्सव के माध्यम से सांस्कृतिक चेतना को राष्ट्रीय चेतना से जोड़कर उसे नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। यही चेतना 1916 में लखनऊ में भी गूंजी, जब तिलक ने स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है का उद्घोष किया। उनकी स्मृति में वर्ष 2017 में लखनऊ में कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसके लिए तत्कालीन राज्यपाल ने प्रेरणा दी थी। उस अवसर पर तिलक जी के परिवार के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रश्मिरथी का मंचन भी देखा। मुख्यमंत्री ने संस्कृति विभाग को निर्देश दिया कि आमजन को ऐसी कृतियों से अवगत कराएं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे, डॉ. सत्यपाल सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, कार्यक्रम संयोजक प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, संस्कृति/पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा नेता नीरज सिंह, दिनकर स्मृति न्यास के अध्यक्ष नीरज कुमार, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के सुपौत्र ऋत्विक उदयन आदि मौजूद रहे।

# सुधार का माध्यम बनाने पर जोर दे रही योगी सरकार

## एजुकेशन कॉन्क्लेव में छाया शिक्षा का योगी मॉडल, शिक्षा नीति बनी चर्चा का केंद्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश में शिक्षा सुधार को लेकर आयोजित एजुकेशन कॉन्क्लेव 2026 में उत्तर प्रदेश का योगी मॉडल प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया। सेंट्रल स्क्वेयर फाउंडेशन (सीएसएफ) की ओर से आयोजित इस राष्ट्रीय मंच पर बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था में हुए बदलावों को रेखांकित किया। कार्यक्रम में मौजूद विभिन्न राज्यों के नीति-निमार्ताओं, विशेषज्ञों और प्रशासकों के बीच उत्तर प्रदेश का मॉडल चर्चा का केंद्र रहा।

कॉन्क्लेव में मूल्यांकन प्रणाली को भी सुधार के दृष्टिकोण से विकसित परख, आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता (एफएनएल), प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा (ईसीई), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और एडटेक के उपयोग जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत

- **स्पष्ट लक्ष्य, सतत मूल्यांकन और सशक्त शिक्षक बने बदलाव की आधारशिला**

राज्यों के अनुभवों और सफल मॉडलों को साझा किया गया। इस दौरान एसीएस श्री शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा सुधार को स्पष्ट लक्ष्य, सतत मूल्यांकन और सशक्त शिक्षक के आधार पर आगे बढ़ाया गया है। राज्य में लक्ष्य आधारित शिक्षण, निरंतर आकलन और शिक्षक-केंद्रित दृष्टिकोण ने शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा दी है। योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए उन्हें जमीन पर परिणाम में बदला गया है, जिससे शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार देखने को मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों को सहयोग देने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर प्रदेश सरकार ने विशेष जोर दिया है।

एआरपी (अकादमिक रिसोर्स पर्सन) जैसे मेंटर कैडर, संकुल बैठकों के माध्यम से संवाद और तालिका के जरिए छात्रों की प्रगति की नियमित निगरानी ने सिस्टम को अधिक जवाबदेह और परिणाममुखी बनाया है। मूल्यांकन प्रणाली को सुधारात्मक दृष्टिकोण के साथ विकसित करते हुए इसे पुरस्कार या दंड के बजाय अधिगम की कमियों की पहचान और उनके समाधान के प्रभावी उपकरण के रूप में उपयोग किया जा रहा है, जिससे वास्तविक सीखने के परिणामों पर फोकस बढ़ा है।

निपुणता हासिल करने में जिन विद्यालयों को कठिनाइयां आ रही हैं, उन्हें निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जबकि तकनीक के प्रभावी उपयोग से प्रशासन और शिक्षक के बीच रियल-टाइम कनेक्टिविटी स्थापित होकर त्वरित निर्णय और प्रभावी क्रियान्वयन संभव हुआ है, जो शिक्षा प्रणाली की एक बड़ी ताकत बनकर उभरा है; साथ ही रणनीति को केवल निपुण विद्यालयों की मान्यता तक सीमित न रखते हुए उन सफल प्रक्रियाओं और प्रथाओं की पहचान कर पूरे राज्य में लागू करने पर जोर दिया जा रहा है, जिससे मॉडल के विस्तार और संस्थागत मजबूती को गति मिल रही है।

# यूपीआई से विश्व का 49% रियल टाइम डिजिटल लेन-देन कर रहा भारत

## इकोनॉमिकल इकोसिस्टम का अभिन्न हिस्सा बन चुका है डिजिटल भुगतान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड की ओर से आयोजित दो दिवसीय मनी अल्फा 360 डिग्री समिट का शुक्रवार को औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री नन्दी ने कहा कि एक समय था जब वित्त केवल कागजों से चलता था। लेन-देन का मतलब था लंबी लाइन, धीमी कार्यशैली, और लम्बी प्रतीक्षा।

बैंकिंग पूरी तरह फिजिकल थी, पूंजी सीमित थी और अवसर भी केवल कुछ ही लोगों तक सीमित थे। लेकिन आज हम एक बिल्कुल अलग दौर में खड़े हैं जहाँ वित्त का आवागमन तेज और समावेशी हो चुका है। फिजकल अनिवार्यता लगभग समाप्त हो गयी है।

आज भारत की आर्थिक विकास यात्रा एक नकद आधारित अर्थव्यवस्था से डिजिटल वित्तीय शक्ति बनने तक बेहद अभूतपूर्व रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन डिजिटल इंडिया ने भारत को दुनिया की सबसे मजबूत डिजिटल सार्वजनिक संरचना के रूप में विकसित किया है।

मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' विजन का ही परिणाम है कि आज भारत विश्व का लगभग 49% रियल-टाइम डिजिटल लेन-देन यूपीआई के माध्यम से कर रहा है। यह हमारी बढ़ती क्षमता, कार्यकुशलता और विश्वास का प्रमाण है। यह केवल सुविधा की बात नहीं है- यह आर्थिक सशक्तिकरण को सर्वव्यापी बनाने की बात है। वित्त की पुरानी धीमी कार्यशैली को पीछे छोड़कर आज हम अक्, ब्लॉक-चेन और फिनटेक के माध्यम से एक पारदर्शी और समावेशी इकोसिस्टम की ओर बढ़ चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में यह समिट नवाचार और निवेश को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है।

मंत्री नन्दी ने कहा कि आज एक सब्जी के ठेले और चाय वाला भी दफकोड से भुगतान स्वीकार कर रहा है। वहीं दूसरी ओर बड़े निवेशक आसानी से वैश्विक स्तर पर पूंजी का आदान प्रदान कर पा रहे हैं। डिजिटल वित्त ने अवसरों को पहले से कहीं अधिक सरल बना दिया है। मंत्री नन्दी ने कहा कि डिजिटल भुगतान इकोनॉमिकल इकोसिस्टम का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह एक बड़े और ऐतिहासिक परिवर्तन का संकेत है। इस दौर में तकनीक ने केवल वित्त की गति को तेज नहीं किया है, बल्कि उसकी सीमाओं को भी विस्तारित किया है। आज बदलाव की गति किसी का इंतजार नहीं करती, यह केवल उन्हें आगे बढ़ाती है जो तेजी से अनुकूलन करते हैं। यही कारण है कि मनी एल्फा 360 डिग्री जैसे प्लेटफॉर्म अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य आवश्यकता बन चुके हैं। इस अवसर पर क्एटछ के चेयरमैन राकेश कुमार, सीए चरनजोत सिंह नंदा, यीडा के सीईओ राकेश कुमार सिंह, क्एटछ स्ट्रेटजिक एडवाइजर बोर्ड के डायरेक्टर मुकेश गुप्ता एवं नोएडा ऑथोरिटी की एसीईओ श्रीमती वंदना त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# महिला सामर्थ्य योजना से अवध के गांवों की बदली सूरत

## लाखों परिवारों की महिलाओं का बड़ा डेयरी नेटवर्क तैयार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की महिला सामर्थ्य योजना अवध क्षेत्र में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदलने वाली बड़ी पहल बनकर उभरी है। अयोध्या, सुल्तानपुर, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, फतेहपुर और कानपुर नगर के डेढ़ हजार से अधिक गांवों में इस योजना के तहत एक लाख से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बनीं हैं। वहीं, लखनऊ, उन्नाव और बाराबंकी में योजना का विस्तार किया जा रहा है। इस योजना की खास बात यह है कि इस पहल के जरिए एक लाख से अधिक महिलाएं डेयरी नेटवर्क से जुड़ चुकीं हैं और अब तक 1380 करोड़ रुपये से अधिक सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर भी किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार इस बात पर जोर देते रहे हैं कि महिलाओं की आर्थिक मजबूती

- **ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन रहीं महिलाएं : रोज चार लाख लीटर दूध का संग्रह**

ही मजबूत परिवार और समृद्ध समाज की नींव है। महिला सामर्थ्य योजना इसी सोच का विस्तार है, जहां महिलाओं को उत्पादन से लेकर बाजार और भुगतान तक सीधे जोड़ा गया है। अवध क्षेत्र के इन जिलों में आज महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन रहीं हैं। रोज करीब 4 लाख लीटर दूध का संग्रह इस बात का प्रमाण है कि डेयरी अब केवल परंपरागत काम नहीं, बल्कि संगठित आर्थिक गतिविधि बन चुकी है। यह नेटवर्क गांव-गांव में रोजगार, आय का नया आधार तैयार कर रहा है। मार्च 2023 में 340 गांवों और 8000 महिलाओं से शुरू हुआ यह अभियान आज 1550 गांवों और एक लाख से भी अधिक महिलाओं तक पहुंच चुका है। दुग्ध व्यवसाय का तेजी से हुआ यह विस्तार दशार्ता है कि योगी सरकार की योजनाएं अब सीधे जमीन पर असर डाल रही हैं। योजना की सबसे बड़ी ताकत है डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी)। महिलाओं को भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में मिल रहा है, जिससे पर्ची-खर्ची और बिचौलिया तंत्र पूरी तरह खत्म हो गया है। इस पारदर्शिता ने महिलाओं के आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी है। सुल्तानपुर के दूबेपुर ब्लॉक के मुकुंदपुर गांव की अनीता वर्मा इस योजना की सफलता की सशक्त मिसाल हैं। दो गायों से उन्होंने छोटा सा प्रयास शुरू किया।

गत वर्ष उन्हें करीब साढ़े छह लाख रुपये का भुगतान हुआ है। उनकी कहानी न सिर्फ आर्थिक बदलाव की है, बल्कि यह दिखाती है कि सही अवसर और समय पर योजनाओं का लाभ मिलने पर ग्रामीण महिलाएं कैसे अपने परिवार और समाज का भविष्य बदल सकती हैं।

# भाजपा सरकार अलोकतांत्रिक और अमानवीय है : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार अलोकतांत्रिक और अमानवीय है। इस सरकार में सभ्य लोग नहीं हैं। गाजीपुर से लेकर हाथरस और हरदोई तक बेटियों की हत्याएं हुई, उन्हें न्याय नहीं मिला। गाजीपुर की तरह ही हाथरस में बाल्मीकि समाज की बेटी को न्याय दिलाने के लिए भी दलों के लोग खड़े हुए लेकिन इस सरकार ने न्याय नहीं दिया। भाजपा सरकार के लोगों ने दाह संस्कार के लिए परिवार को अंतिम संस्कार भी नहीं करने दिया। सनातन धर्म में अंतिम संस्कार के लिए कोई नहीं रोकता है, लेकिन भाजपा सरकार ने अंतिम संस्कार करने से भी रोक दिया। उत्तर प्रदेश में कई घटनाएं हुई है, पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिला। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में शुक्रवार को पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी की जयंती सादगी से मनायी गयी। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रेसवार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि गाजीपुर में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे सपा के प्रतिनिधिमंडल को टारगेट किया जा रहा है। चिह्नित कर एफआईआर किया जा रहा है। गाजीपुर की तरह हरदोई में कुशवाहा समाज की बेटी की निर्मम हत्या हुई, मेरठ के सोनू कश्यप की जान लिया। बिजनौर में सैनी समाज की बेटी की हत्या हो गयी। उन्होंने कहा कि पीडीए को न्याय दिलाने, लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए समाजवादियों को बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी।

# वृद्धाश्रमों से बेघर व असहाय बुर्जुगों को मिल रहा सहारा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार प्रदेश के बुजुर्गों को सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन देने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। सरकार द्वारा समाज कल्याण विभाग के माध्यम से प्रदेश के सभी 75 जिलों में वृद्धाश्रम संचालित किए जा रहे हैं, जहां बेघर, निराश्रित और असहाय बुजुर्गों को आश्रय, भोजन, चिकित्सा और देखभाल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रहीं हैं। इस व्यवस्था से वर्तमान समय में 6055 बुजुर्गों को सुरक्षा और सहारा मिल रहा है। लखनऊ में 128, मैनपुरी में 116, प्रयागराज में 120, हमीरपुर में 107, मुरादाबाद में 127, बरेली में 134, गोरखपुर में 107, कानपुर देहात में 116, जालौन में 114, गौतमबुद्ध नगर में 104 बुर्जुग रह रहे हैं।

वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों के लिए सुबह नाश्ते से लेकर दोपहर और रात के भोजन तक पौष्टिक खानपान की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही साफ-सुथरे वस्त्र, स्वच्छ बिस्तर और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रहीं हैं। वहीं वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों की चिकित्सा सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

नियमित स्वास्थ्य जांच, आवश्यक दवाएं, डॉक्टरों की परामर्श सेवा और आपातकालीन स्थिति में तत्काल उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इससे उन बुजुर्गों को राहत मिली है, जो आर्थिक तंगी या पारिवारिक उपेक्षा के कारण इलाज नहीं करा पाते थे। यूपी के सभी 75 जिलों में 150 क्षमता वाले वृद्धाश्रम संचालित हैं जहां नाश्ते में चाय, हलवा, चना, नमकीन दलिया, नमकीन पूड़ी, पोहा और मीठी दलिया दी जाती है। वहीं दिन के खाने में अरहर दाल, राजमा, मिक्स वेज, मौसमी सब्जी, कढ़ी, रोटी, सब्जी, चावल और सलाद निर्धारित दिनों के अनुसार दिया जाता है।

इसी तरह रात्रि के भोजन में रसेदार सब्जी, तहड़ी, खिचड़ी, पूड़ी, रोटी, चावल और खीर दी जाती है। सरकार की इस बेहतर व्यवस्था से कई ऐसे बुर्जुगों को नया जीवन मिला है, जो पहले सड़कों, रेलवे स्टेशनों या सार्वजनिक स्थानों पर बेसहारा जीवन जीने को मजबूर थे। उन्हें सुरक्षित छत, समय पर भोजन और देखभाल मिल रही है। कई वृद्धाश्रमों में मनोरंजन, योग, भजन-कीर्तन और सामूहिक संवाद जैसी गतिविधियां भी कराई जाती हैं, जिससे बुजुर्ग मानसिक रूप से प्रसन्न और सक्रिय बने रहें।

समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वृद्धाश्रमों की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए समय-समय पर निरीक्षण, समीक्षा और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है। जहां जरूरत है, वहां अतिरिक्त सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं। इसके अलावा प्रतिमाह बुर्जुगों को 1 हजार रुपये वृद्धापेंशन और आयुष्मान कार्ड के जरिए 5 लाख तक निशुल्क इलाज दिलवाने का काम भी विभाग के द्वारा किया जा रहा है।

# पूर्व मध्यमा द्वितीय में सृष्टि और उत्तर मध्यमा द्वितीय में रजनीश ने हासिल किया प्रथम स्थान

## यूपी संस्कृत बोर्ड 2026 का रिजल्ट घोषित, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने दी सफल परीक्षार्थियों को बधाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने उप्र माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित पूर्व मध्यमा द्वितीय, उत्तर मध्यमा प्रथम, उत्तर मध्यमा द्वितीय की परिक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले एवं सभी सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक एवं सभापति डा. महेन्द्र देव एवं सचिव शिव लाल ने शुक्रवार को उप्र माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित पूर्व मध्यमा द्वितीय, उत्तर मध्यमा प्रथम, उत्तर मध्यमा द्वितीय परीक्षाफल की जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व मध्यमा द्वितीय परीक्षा में कुल 21,915 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए, जिसमें 21,107 संस्थागत एवं 808 व्यक्तिगत परीक्षार्थी हैं। परीक्षा में कुल 16,615 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें से 15,941 संस्थागत एवं 674 व्यक्तिगत परीक्षार्थी हैं। सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों के सापेक्ष 14,429 संस्थागत तथा 600 व्यक्तिगत कुल 15,029

- **पूर्व मध्यमा द्वितीय में 95.91 प्रतिशत, उत्तर मध्यमा प्रथम में 94.40 प्रतिशत और उत्तर मध्यमा द्वितीय में 94.86 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने हासिल की सफलता**



परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 95.96 एवं व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 94.78 हैं। पूर्व मध्यमा द्वितीय के सम्पूर्ण परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 95.91 हैं। पूर्व मध्यमा द्वितीय की परीक्षा में 11,340 बालक एवं 3,689 बालिकाएं उत्तीर्ण हुई। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 95.68 एवं बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 96.64 हैं। सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित न होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 946 रही।

उत्तर मध्यमा प्रथम परीक्षा में कुल 19,745 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए, जिसमें संस्थागत 19,116 एवं व्यक्तिगत 629 हैं। परीक्षा में कुल 15,746 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें 15,240 संस्थागत एवं 506 व्यक्तिगत हैं। सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों के सापेक्ष 13,589 संस्थागत तथा 439 व्यक्तिगत कुल 14,028 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 94.45 एवं व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.00 हैं। उत्तर मध्यमा प्रथम के सम्पूर्ण परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 94.40 हैं। उत्तर मध्यमा प्रथम की परीक्षा में 10,420 बालक एवं 3,608 बालिकाएं उत्तीर्ण हुई। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 94.33 एवं बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 94.62 हैं। सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित न होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 887 रही।

उत्तर मध्यमा द्वितीय परीक्षा में कुल 14,162 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए, जिसमें 13,694 संस्थागत एवं 468 व्यक्तिगत हैं। परीक्षा में कुल 13,302 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें 12,854 संस्थागत एवं 448 व्यक्तिगत हैं। सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों के सापेक्ष 11,901 संस्थागत तथा 405 व्यक्तिगत कुल 12,306 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 94.88 एवं व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 94.40 हैं। उत्तर मध्यमा द्वितीय के सम्पूर्ण परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 94.86 हैं। उत्तर मध्यमा द्वितीय की परीक्षा में 9053 बालक एवं 3253 बालिकाएं उत्तीर्ण हुई। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 94.47 एवं बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 95.95 हैं। सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित न होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 330 रही। पूर्व मध्यमा द्वितीय (कक्षा-10) के परीक्षाफल में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में प्रथम स्थान पर सृष्टि (कन्नौज) रहे, जिन्होंने 700 में से 661 अंक (94.43 प्रतिशत) प्राप्त किए। द्वितीय स्थान पर खुशबू सरोज (प्रतापगढ़) ने 660 अंक (94.29 प्रतिशत) हासिल किए। तृतीय स्थान मुलायम सिंह यादव (प्रतापगढ़) और प्रियंका सरोज (प्रतापगढ़) ने संयुक्त रूप से 653 अंक (93.29 प्रतिशत) के साथ प्राप्त किया। वहीं, उत्तर मध्यमा द्वितीय (कक्षा-12) की श्रेष्ठता सूची में रजनीश यादव (प्रतापगढ़) ने 1400 में से 1251 अंक (89.36 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर वंशिका श्रीवास्तव (प्रतापगढ़) रहीं, जिन्होंने 1199 अंक (85.64 प्रतिशत) प्राप्त किए। तृतीय स्थान पर काजल (प्रतापगढ़) और संस्कृति (अमरोहा) ने संयुक्त रूप से 1196 अंक (85.43 प्रतिशत) के साथ स्थान बनाया।

इन परीक्षाओं में प्रदेश के 1091 संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा के दौरान प्रत्येक दिन की उपस्थिति ऑनलाइन अपलोड करायी गयी ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई। परिषद के अनुसार, इस वर्ष का परीक्षा परिणाम गत वर्ष की तुलना में अधिक बेहतर रहा है, जो योगी सरकार की पारदर्शी और नकलविहीन परीक्षा प्रणाली का प्रत्यक्ष प्रमाण है। पूर्व मध्यमा द्वितीय (10) के सम्पूर्ण परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण प्रतिशत में गत वर्ष की तुलना में 2.79 की वृद्धि। उत्तर मध्यमा द्वितीय (12) के सम्पूर्ण परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण प्रतिशत में गत वर्ष की तुलना में 6.82 की वृद्धि। परीक्षाफल संस्कृत परिषद की आधिकारिक वेबसाइट www.upmssp.com पर ऑनलाईन माध्यम से देखा जा सकता हैं।

इस अवसर पर अध्यक्ष संस्कृत न्यास परिषद जितेन्द्र प्रताप सिंह, अपर निदेशक व्यावसायिक शिक्षा मनोज द्विवेदी, अपर परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा विष्णुकांत पाण्डेय, संयुक्त निदेशक कैम्प आरपी शर्मा, संयुक्त निदेशक समग्र शिक्षा विवेक नौटियाल, उपनिदेशक कैम्प राजेश आर्या एवं निरीक्षक संस्कृत शिक्षा पाठशाला पवन श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# बीजेपी विपक्ष को तोड़ रही है : लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल के अध्यक्ष सुनील सिंह ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि आम आदमी पार्टी में बिखराव और नेताओं का बीजेपी में जाना कोई सामान्य राजनीतिक घटना नहीं है, बल्कि यह साफ दिखाता है कि आज देश में डर, दबाव और सत्ता का खेल खुलेआम चल रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी लोकतंत्र को मजबूत नहीं, बल्कि विपक्ष को तोड़ने की राजनीति कर रही है। जनता ने जिन नेताओं को एक विचारधारा और पार्टी के नाम पर चुना। वहीं, नेता सत्ता के लालच में या दबाव में आकर पाला बदल रहे हैं, यह सीधे-सीधे जनादेश का अपमान है। यह डराओ, झुकाओ और शामिल करो की नीति देश के लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।

संक्षेप

## प्रिया ने बढ़ाया विद्यालय का मान, खुशी



प्रतापगढ़। लालगंज क्षेत्र के खजुरी स्थित धर्मराज यादव इण्टर कालेज की मेधावी प्रिया यादव ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में चौरान्नवे प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल होने पर प्रिया को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रणविजय यादव ने किया। इस मौके पर मंगलेश कुमार यादव, नीरज यादव, रवि यादव, राजकुमार यादव आदि रहे।

## अधिवक्ता की पत्नी के निधन पर जताया गया दुख

प्रतापगढ़। क्षेत्र के असांव निवासी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी निरंजन प्रकाश तिवारी की पत्नी गीता 48 के निधन को लेकर शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। वहीं शोक सभा कर साथी की पत्नी के निधन पर दुख जताया। शोक सभा की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, कमलेश मिश्र, शिव नारायण शुक्ल, सूर्यकांत निराला, नीरज दुबे, दिनेश मिश्र, केके शुक्ला आदि अधिवक्ता रहे। वहीं अधिवक्ता निरंजन प्रकाश की पत्नी गीता के गंभीर बीमारी के चलते निधन पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व ब्लाक प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज ने भी संवेदना प्रकट की है।

## छेड़छाड़ व धमकी को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। कालेज में तैनात लिपिक के साथ छेडछाड एवं धमकी को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता एक महाविद्यालय में लिपिक है। तहरीर के मुताबिक वह बीती इक्कीस अप्रैल को दिन में डेढ़ बजे कालेज से घर जा रही थी। इस बीच रास्ते में कोतवाली के पूरे शुक्लन धारूपुर निवासी सौरभ शुक्ल पुत्र सुरेश द्वारा अश्लील हरकत की गई। आरोपी के बाइक से पीछा करने पर पीड़िता ने मना किया तब आरोपी द्वारा गालीगलौज करते हुए शिकायत करने पर उसे जानलेवा धमकी दी गयी। पीड़िता के मुताबिक आरोपी के द्वारा आये दिन उसके साथ रास्ते में छेडछाड कर परेशान किया जाता रहा है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपी के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## निधन से शोक



प्रतापगढ़। इंटर कॉलेज रामनगर अठगवा क्षेत्र के पुनीत ओझा श्री राम शिरोमणि ओझा (सेवा निवृत) अध्यापक इंटर कालेज राम नगर अठगवा जनपद प्रतापगढ़ का स्वर्गवास हो गया है। उनके निधन से शिक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी शिक्षक में गहरा दुख व्याप्त है। उनके निधन से परिवार में छोटे भाई श्री कृष्णकांत ओझा उनके पुत्र श्री मनोज ओझा श्री प्रमोद ओझा श्री अनिल ओखा (प्रधानाचार्य) चंद्रावती विद्या मंदिर श्री विवेक ओझा (एडवोकेट) श्री नवनीत ओझा (सहायक अध्यापक) श्रीमती ज्योति तिवारी (सिंचाई विभाग) के परिवार जनों में दुख व्याप्त है।

## अन्तःकरण से भगवान की आराधना से मिलता है पुण्य

प्रतापगढ़। नगर के दीवानी वार्ड मनीपुर में हो रही श्रीमदभागवत कथा में शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास उत्तराखण्ड के ज्योतिर्मठ बदरिका आश्रम से पधारे दण्डी स्वामी विनोदानंद सरस्वती जी महराज ने कहा कि तन और मन दोनों की निर्मल भक्ति से ही कन्हैया प्रसन्न हुआ करते हैं। उन्होने कहा कि भगवान के नाम का उच्चारण और संकीर्तन जीवन के सभी संताप के हरण का सुगम प्रबन्ध है। उन्होने कहा कि भगवान अन्तःकरण से की गयी भक्ति को स्वीकार किया करते हैं।

# श्रीमद्भागवत कथा से भक्तिमय हुआ वातावरण

## दिव्या रामायणी के प्रवचन से श्रद्धालु हुए भाव विभोर



जिला संवाददाता

पटखौली (श्रावस्ती)। ग्राम पटखौली में 23 अप्रैल से प्रारंभ हुई श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धामय, दिव्य एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ शुरू हुआ। यह पावन आयोजन श्रद्धालु मुन्ना सिंह द्वारा अपनी चारों धाम यात्रा के पुण्य प्रतिफलस्वरूप आयोजित कराया गया है, जिसका मूल उद्देश्य जनमानस में धर्म, भक्ति, संस्कार एवं सदाचार की चेतना का पुनसंचार्र करना है। कथा के प्रथम दिवस पर ही वातावरण भक्ति-रस में पूर्णतः सराबोर हो उठा।

कार्यक्रम का प्रारंभ विधिवत पूजन-अर्चन, वैदिक मंत्रोच्चार, मंगलाचार एवं भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। श्रद्धालु महिलाओं द्वारा सिर पर सुसज्जित कलश धारण कर निकाली गई शोभायात्रा ने ग्राम्य परिवेश को आध्यात्मिक आभा से आलोकित कर दिया। संपूर्ण क्षेत्र में ह्लहरि नामह्व की गूंज ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया, जिससे प्रत्येक उपस्थित जन के अंतर्मन में अद्भुत शांति एवं श्रद्धा का संचार हुआ। कथा का रसपूर्ण एवं ओजस्वी वाचन मथुरा-वृंदावन धाम की विदुषी कथा वाचिका दिव्या रामायणी द्वारा किया जा रहा है। उनकी प्रभावशाली वाणी, मधुर उच्चारण एवं भावपूर्ण प्रस्तुति ने प्रथम दिवस पर ही श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे मानव जीवन का दिव्य आलोक एवं मोक्ष प्राप्ति का सरलतम साधन बताया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कथा व्यवस्थापक राजेश सिंह, राकेश सिंह, लवकुश सिंह, राहुल सिंह एवं सचिन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके समर्पण एवं सेवा भाव की सभी ने सराहना की। अंत में प्रसाद वितरण के साथ प्रथम दिवस की कथा का समापन हुआ, जिसने ग्रामवासियों के हृदय में आस्था, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक चेतना का नव संचार कर दिया।

# पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें

- 41 डिग्री गर्मी में लोग 5 घंटे इंतजार को मजबूर, डीएम ने अफवाहों को बताया कारण

सिद्धार्थनगर- जिले में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। 41 डिग्री सेल्सियस की भीषण गर्मी में लोग पेट्रोल पंपों पर 4 से 5 घंटे तक लंबी कतारों में खड़े होने को मजबूर हैं। सुबह से देर शाम तक पंपों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। जिले के प्रमुख पेट्रोल पंपों पर वाहनों की कतारें सड़कों तक फैल गई हैं। इनमें दोपहिया,



चारपहिया और छोटे व्यावसायिक वाहन शामिल हैं। तेज धूप में खड़े लोग पसीने से तर-बतर हैं, फिर भी ईंधन खत्म होने की आशंका के कारण वे अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। जिले में कुल 123 पेट्रोल पंप संचालित हैं, जिनमें से लगभग 90 पंपों पर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य बताई जा रही है। इसके बावजूद, अचानक बढ़ी भीड़ के कारण वितरण व्यवस्था पर भारी दबाव पड़ गया है। कई पंपों पर एक साथ सैकड़ों वाहनों के पहुंचने से ईंधन भरने की प्रक्रिया धीमी हो गई है, जिससे कतारें और लंबी हो रही हैं। जिलाधिकारी ने एक समाचार पत्र से बातचीत में स्पष्ट किया कि जिले में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी संकट की स्थिति नहीं है। उनके अनुसार, कुछ लोगों द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों के कारण ही पंपों पर यह असामान्य भीड़ देखने को मिल रही है। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखी जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करें और केवल जरूरत के अनुसार ही ईंधन खरीदें। उन्होंने चेताया कि घबराहट में अधिक मात्रा में ईंधन लेने से स्थिति और बिगड़ सकती है, जिससे अन्य लोगों को अनावश्यक परेशानी होगी। प्रशासन ने पेट्रोल पंप संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे ईंधन वितरण में पारदर्शिता बनाए रखें और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता न होने दें। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई संवेदनशील पंपों पर पुलिस बल की तैनाती भी की गई है, ताकि व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इसके साथ ही प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर भी सख्ती दिखाई है। अब दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल लेने के लिए हेल्मेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। बिना हेल्मेट के पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि इस नियम से न केवल सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि व्यवस्था भी बेहतर तरीके से संचालित हो सकेगी। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि वे लगातार काम कर रहे हैं।

## पुलिस ने शातिर चोर को दबोचा, दो जनरेटर बरामद

सिद्धार्थनगर- पुलिस ने जेसीबी मशीन का इस्तेमाल कर जनरेटर चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। यह खुलासा शुक्रवार, 24 अप्रैल को हुआ, जब पुलिस ने आरोपी को दबोचकर दो जनरेटर सेट और चोरी में प्रयुक्त जेसीबी मशीन बरामद की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान उसका बाजार थाना क्षेत्र के उसका राजा निवासी रोशन कुमार पुत्र बलिराम के रूप में हुई है। उसे कस्बे के रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी रोशन कुमार ने जनरेटर चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए गए दो जनरेटर सेट और वारदात में इस्तेमाल की गई जेसीबी मशीन बरामद कर ली है। इस वारदात में चोरी का तरीका बेहद सुनियोजित और असामान्य था, जिसने सभी को हैरान कर दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले रेकी कर मौके का चयन करता था और फिर भारी-भरकम जनरेटर सेट को जेसीबी के जरिए उठाकर फरार हो जाता था। इस कार्रवाई में थाना उसका बाजार पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। टीम में उपनिरीक्षक संतकुमार यादव, उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र और हेड कांस्टेबल जय प्रकाश कुशवाहा शामिल थे। पुलिस ने बरामद जनरेटर सेट और जेसीबी को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# धूमधाम से मना पंचायती राज दिवस



इकौना, श्रावस्ती। ब्लॉक सभागार इकौना में खंड विकास अधिकारी उमेश कुमार पटेल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीण स्वशासन की महत्ता और पंचायतों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी उमेश कुमार पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिन वर्ष 1993 में लागू हुए 73वें संवैधानिक संशोधन की याद दिलाता है, जिसने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान कर लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाया। उन्होंने कहा कि इस दिन का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों को मजबूत करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वशासन की भावना को बढ़ावा देना है। सहायक विकास अधिकारी गौरी शंकर ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिवस ग्रामीण क्षेत्रों में लोकतंत्र को सुदृढ़ करने, पंचायतों की भूमिका को रेखांकित करने और विकास के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि 73वां संविधान संशोधन 24 अप्रैल 1993 को प्रभावी हुआ, जिसने देश में स्थानीय स्वशासन की नींव को सुदृढ़ किया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक किया गया तथा ग्रामीण विकास में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया।

# मूर्ति स्थापना को लेकर निकली शोभा यात्रा, हुई पुष्पवर्षा



प्रतापगढ़। नगर पंचायत के शीतलमऊ वार्ड स्थित पहलवान साहब वीर बाबा में शुक्रवार को श्रीराम दरबार एवं हनुमान जी महराज की मूर्ति स्थापना को लेकर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु अबीर गुलाल उड़ाते धाम से इन्दिरा चौक होते हुए श्रीहनुमत निकेतन व रायबरेली रोड के परमानंद आश्रम से जंगली वीर बाबा धाम पहुंचे। विभिन्न मंदिरों में पूजन अर्चन के साथ श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा में महावीर हनुमान जी महाराज व श्रीराम के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

चौक समेत विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्रा में व्यापारियों तथा नगर के लोग भगवान श्रीराम दरबार पर पुष्पवर्षा भी करते दिखे। वहीं विधिविधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य दूसरे पहर भगवान श्रीराम दरबार व हनुमान जी महाराज की मूर्ति स्थापना हुई।

धार्मिक आयोजन को लेकर भण्डारे में देर शाम तक श्रद्धालुओं ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। शोभा यात्रा में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल भी शामिल हुए। संयोजक समिति के छविराज सिंह, विक्रम सिंह, प्रमोद सिंह, पंकज सिंह, राज सिंह, गोलू सिंह, सौरभ सिंह ने भगवान का विधिविधान से पूजन अर्चन किया। कार्यक्रम में महिला श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत की भी मनोरम प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर रामचंद्र त्रिपाठी, अर्जुन सिंह, शैलेष सिंह, संतोष सिंह, अंशू सिंह, चंदन पाण्डेय, सोनू मिश्र आदि मौजूद रहे।

# इकौना में निक्षय मित्र पहल से टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित



श्रावस्ती। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ह्लनिक्षय मित्र पहलह्व के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इकौना में शुक्रवार को टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामफेरन पाण्डेय ने उपचाराधीन मरीजों को पोटली देकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति आगे आकर निक्षय मित्र की भूमिका निभाए और मरीजों को पोषण के साथ मानसिक सहयोग भी प्रदान करे। सरकार द्वारा टीबी मरीजों को निःशुल्क इलाज के साथ पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अवनीश कुमार तिवारी ने बताया कि इस योजना के तहत जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मरीजों को गोद लेकर छह माह तक हर महीने पोषण पोटली देते हैं, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और उपचार में तेजी आती है। कार्यक्रम में चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों ने टीबी के लक्षण, बचाव, जांच और निःशुल्क उपचार की जानकारी दी। इस अवसर पर निक्षय मित्र, मरीज व उनके परिजन उपस्थित रहे। ह्लटीबी हारेगा, देश जीतेगाह्व के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## 400 टीबी मरीजों को पोषण किट किया वितरित

श्रावस्ती। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चल रही ह्लनिक्षय मित्रह्व योजना से अब टीबी मरीजों को दवा के साथ पोषण और मानसिक सहयोग भी मिल रहा है। जिलाधिकारी एवं इंडियन रेडक्रास सोसायटी की अध्यक्ष अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देश पर शुक्रवार को जिले के मल्हीपुर, इकौना, गिलौला और सोनवा सीएचसी पर करीब 400 मरीजों को पोषण किट बांटी गई। मल्हीपुर सीएचसी में मुख्य अतिथि दद्दन मिश्रा ने मरीजों को किट वितरित करते हुए कहा कि अब समाज के सहयोग से मरीजों को बेहतर सहायता मिल रही है। उन्होंने लोगों से निक्षय मित्र बनकर आगे आने की अपील की। इकौना व गिलौला में पंडित राम फेरन पांडेय और आशुतोष पांडेय ने 100-100 मरीजों को पोषण पोटली दी, जबकि सोनवा सीएचसी में भी 100 मरीजों को किट वितरित की गई। उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संत कुमार ने बताया कि जिले में 1205 मरीजों में से 630 को इस योजना का लाभ मिल चुका है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने लोगों से अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनने की अपील की है।

# मिठवल ब्लॉक में पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप

## टेंडर और मनरेगा कार्यों में गड़बड़ी की जांच की मांग

जिला संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। जनपद के मिठवल ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत सचिव पर वित्तीय अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। स्थानीय सूत्रों और ग्रामीणों के अनुसार, संबंधित सचिव लंबे समय से एक ही ब्लॉक में तैनात रहकर दर्जन ग्राम पंचायतों का प्रभार संभाल रहे हैं, जिससे कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

आरोप है कि ग्राम पंचायतों के टेंडर/निविदा प्रकाशन की प्रक्रिया केवल कागजी औपचारिकता बनकर रह गई है। बताया जा रहा है कि कई मामलों में निविदाओं का प्रकाशन मान्यता प्राप्त समाचार पत्रों के बजाय बिना वैध डीएवीपी/आरएनआई पंजीकरण वाले अखबारों में कराया गया, जिसमें कथित रूप से कमीशनखोरी का भी मामला सामने आ रहा है।



ग्रामीणों का कहना है कि टेंडर प्रकाशित होने के बावजूद न तो समय से निविदाएं डाली गईं और न ही उन्हें खोला गया, जिससे पूरी प्रक्रिया पर पारदर्शिता को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, मनरेगा योजना के तहत कराए गए विकास कार्यों में भी भारी अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। सूत्रों का दावा है कि लाखों से करोड़ों रुपये तक के कार्यों में मानकों की अनदेखी करते हुए स्टीमेट के विपरीत कार्य कराए गए, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है।

हालांकि, इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव ने अधिकांश आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि कुछ छोटी कमियों को छोड़कर बाकी सभी आरोप गलत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जांच कराई जाती है तो उन्हें किसी प्रकार की चिंता नहीं है।

फिलहाल, स्थानीय लोगों और गणमान्य नागरिकों द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की जा रही है। उनका कहना है कि यदि किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए, तो पूरे प्रकरण का खुलासा हो सकता है और सच्चाई सामने आ सकती है।

## निवर्तमान महामंत्री समेत कई पूर्व पदाधिकारियों ने दूसरे दिन भी खरीदे पर्चे, आज से होगा नामांकन

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में शुक्रवार को विभिन्न पदों के सापेक्ष बाइस अधिवक्ताओ ने नामांकन पत्र हासिल किए। शुक्रवार को भी चुनावी रंगत तब बढ़ गयी जब वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए संघ के निवर्तमान महामंत्री हरिश्चद्रं पाण्डेय ने नामांकन पत्र हासिल किया। वही अध्यक्ष पद पर पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंह तथा विकास मिश्र ने भी नामांकन पत्र हासिल किया। अध्यक्ष पद पर पिछले चुनाव में निकटतम प्रतिद्वंदी रहे राजेश तिवारी ने भी चुनाव समिति के कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र खरीदा। गुरूवार को संघ के निवर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश के भी नामांकन पत्र लेने को लेकर शुक्रवार को परिसर में तरह तरह की चर्चा का माहौल दिखा। पूर्व कोषाध्यक्ष रहे राजेश दुबे ने भी इस बार उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र प्राप्त किया है। चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि दो दिनो में अब तक अड़तीस अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र लिए हैं। उन्होने बताया कि आज शनिवार से आगामी अटठाईस अप्रैल तक तहसील परिसर स्थित लाइब्रेरी हॉल में प्रत्याशियों का नामांकन होगा। नामांकन प्रक्रिया को लेकर समिति की हुई बैठक का संचालन महामंत्री वीरेन्द्र सिंह ने किया। बैठक में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, बेनीलाल शुक्ल, रामलगन यादव, शैलेन्द्र चतुवेर्दी, संतोष पाण्डेय मौजूद रहे।

## पहलगाम में बलिदानी को लेकर गांव में छाया मातम, जतायी गयी संवेदना



प्रतापगढ़। पहलगाम में क्षेत्र के बलिदानी सीआरपीएफ में तैनात हवलदार प्रेमचन्द्र पाण्डेय 45 के निधन पर शुक्रवार को जिले भर में मातम छा गया। वहीं गांव व परिजनों में भी शोक का माहौल दिखा। लीलापुर थाना के चमरूपुर शुक्लान निवासी प्रेमचंद्र पाण्डेय इस समय पहलगाम में सीआरपीएफ की एक सौ सोलहवीं बटालियन में तैनात थे। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक प्रेमचंद्र पाण्डेय पिछले एक सप्ताह से बीमार थे। चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख प्रेमचंद्र को सीआरपीएफ कैम्प अस्पताल से पारस हास्पिटल रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान गुरूवार की रात प्रेमचंद्र पाण्डेय का निधन हो गया। जवान के निधन की जानकारी घर पहुंची तब बड़े भाई महेश पाण्डेय समेत परिजन बिलख पड़े। वहीं गांव में भी शोक का माहौल छा गया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी, कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी बलिदानी हवलदार प्रेमचन्द्र पाण्डेय के निधन पर गहरा दुख जताया है। वहीं भाजपा नेता डॉ0 राकेश सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रेमलता सिंह, जय भगवान पाण्डेय, राजा मौर्य, पुरूषोत्तम विश्वकर्मा, विनय दुबे, हिमांशु द्विवेदी, पुरूषोत्तम सोनी ने भी संवेदना प्रकट की है। जानकारी के मुताबिक दिवंगत जवान का शव जम्मू कश्मीर से विमान के द्वारा लखनऊ आयेगा और देर रात तक पार्थिव शरीर के गांव पहुंचने की संभावना है।

## जेईई मेंस के सफल मेधावियों को निदेशिका ने किया सम्मानित



प्रतापगढ़। धधुआ गाजन स्थित आइन्सटीन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को हाल ही में जेईई मेंस की परीक्षा में सफल मेधावियों को निदेशिका श्रुति शुक्ला द्वारा समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। विद्यालय की निदेशिका के हाथों सम्मान पाकर सफल मेधावियों के चेहरे खिल उठे दिखे। मेधावी आर्यन मिश्र, आस्था सिंह, उत्कर्ष द्विवेदी, आश्रय मिश्र, अरूण कुमार मिश्र, उत्कर्ष मिश्र को निदेशिका ने माल्यार्पण तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सफल मेधावी आर्यन मिश्र तथा आस्था मिश्रा ने सिविल सेवा की परीक्षा पास कर देश के विकास में उत्कृष्ट योगदान का संकल्प जताया। वहीं उत्कर्ष शुक्ला तथा उत्कर्ष द्विवेदी एवं आश्रय मिश्र ने इसरो में चयन के संकल्प के जरिए विकसित भारत के निर्माण में योगदान की अभिलाषा प्रकट की। मेधावियों के संकल्प की निदेशिका श्रुति ने भूरि भूरि सराहना की। वही उन्होने इस सफलता के लिए छात्र छात्राओं के अध्ययन में गहरी अभिरूचि व स्कूल के अध्यापकों के कठिन परिश्रम को श्रेय दिया। संरक्षक विभवभूषण शुक्ल ने परीक्षा परिणाम को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा। विशिष्ट अतिथि सौरभ मिश्र रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य शुभ्रांशु सिंह ने किया। इस मौके पर योगेन्द्र शुक्ल, गरिमा मिश्रा, महेन्द्र पाठक आदि मौजूद रहे।

## हीट वेव बचाव हेतु जागरूकता अभियान हुआ तेज



श्रावस्ती। मौसम विभाग द्वारा तापमान वृद्धि के पूवार्नुमान को देखते हुए जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर हीट वेव (लू) से बचाव के लिए व्यापक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन एवं पशु-पक्षियों को सुरक्षित रखने के लिए सभी विभागों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। जिलाधिकारी ने हीट वेव से बचाव हेतु जन-जागरूकता पोस्टर व पम्पलेट जारी करते हुए निर्देशित किया कि सभी कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर इन्हें प्रदर्शित किया जाए। विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान छात्रों को लू से बचने के उपाय बताए जाने के निर्देश दिए गए। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समन्वय में सशस्त्र सीमा बल, रेडक्रॉस एवं आपदा मित्रों द्वारा स्कूलों, सरकारी कार्यालयों और गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को सार्वजनिक स्थलों पर शीतल पेयजल, छायादार शेल्टर तथा पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला पंचायत राज विभाग एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को ग्रामों व विद्यालयों में शीतल जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्साधिकारी को सभी अस्पतालों में कोल्डरूम, शीतल जल व आवश्यक दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि गर्मी में सूती वस्त्र पहनें, अधिक पानी पिएं, अनावश्यक बाहर न निकलें तथा बच्चों, बुजुर्गों व गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें। आपदा की स्थिति में कंट्रोल रूम 1077, एम्बुलेंस 108 व अग्निशमन सेवा से संपर्क करने को कहा गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, अपर जिलाधिकारी वि/रा0 अमरेन्द्र कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में बाढ़ तैयारी बैठक सम्पन्न

श्रावस्ती। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में ह्यह्यबाढ़ दिशा-निर्देशन कमेटी की बैठक आयोजित हुई, जिसमें संभावित बाढ़ को लेकर विभागवार तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी संबंधित विभाग विगत वर्षों के अनुभवों के आधार पर अपनी कार्ययोजना तैयार कर 30 अप्रैल, 2026 तक प्रस्तुत करें तथा बाढ़ से बचाव के सभी कार्य 15 जून, 2026 तक पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित करने, राहत शिविर, नाव, मोटरबोट, गोताखोर, जीवनरक्षक उपकरण एवं बाढ़ चौकियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बन्धों एवं स्परों की मरम्मत युद्धस्तर पर पूर्ण करने को कहा। विद्युत विभाग को खम्भों व तारों को सुदृढ़ करने तथा वैकल्पिक बिजली व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को संक्रामक रोगों से बचाव एवं एंटी स्नेक वेनम सहित दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, पशुपालन विभाग को टीकाकरण व चारा व्यवस्था तथा कृषि विभाग को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराने के निर्देश दिए।

# यूपी बोर्ड : एलएसएस इंटर कॉलेज के छात्रों का रहा शानदार प्रदर्शन



मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के भैंसहा स्थित लीलावती सिंह स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज का यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम बेहद उत्साहजनक रहा। विद्यालय के मेधावी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाई स्कूल वर्ग में नितिन कुमार ने 90.16 फीसद अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उनके बाद आदिती गुप्ता 89.66, स्नेहा पाल 88.5, अंशिका शाही 88.16, अंशिका निषाद 87, खुशी प्रजापति 87, आकाश निगम 86.33, खुशी 86.33, अंजली साहनी 85.16, राशी प्रजापति 85 ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। वहीं इंटरमीडिएट वर्ग में गरिमा प्रजापति ने 84.6 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके साथ विनीत निषाद 84.2, अंशू सिंह 83.6, राधिका साहनी 83.6, निखिलेश निषाद 82.4, रिया यादव 82.2, अनामिका निषाद 82, और सपना यादव 81.4, अंशिका यादव 81, खुशी गुप्ता 81, मनिता भारती 81 एवं रिया गुप्ता 81 ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। छात्रों की उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक राधामोहन सिंह व प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने छात्रों को शुभकामनाएं दी और ये बच्चे आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव सुधाकर तिवारी समेत विद्यालय के शिक्षक संजीव कुमार श्रीवास्तव, रिहांश ठाकुर, दिनानाथ, राम सिंह यादव, मोनू गुप्ता, सुजीत पाण्डेय, दीपचंद, अभिजय पाण्डेय, महिमा, सीमा, नेहा, संजना, काव्या, हर्षिता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किए है।

## बोर्ड परीक्षा में चमके सरस्वती देवी इंटर कॉलेज के होनहार



पिपरौली, गोरखपुर। क्षेत्र के सरस्वती देवी इंटर कॉलेज, पिपरौली बाजार में इस वर्ष यूपी बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में सफलता का उत्सव मनाया गया। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। हाईस्कूल में कुल 159 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से 165 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। इस वर्ग में अरबिया खातुन ने 532/600 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल कर सबका गौरव बढ़ाया। वहीं इंटरमीडिएट में 95 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से 92 सफल रहे, जिसमें अदिति सिंह ने 414/500 अंक प्राप्त कर टॉप किया और विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार सिंह ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अवसर पर शिक्षक रामेश्वर सिंह, दयाराम साहनी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला।

## खबर के बाद जागी पुलिस, सीमा विवाद छोड़ दर्ज किया लूट का मुकदमा




गीडा, गोरखपुर। समाचार पत्र वॉयस ऑफ लखनऊ की सजग पत्रकारिता का बड़ा असर हुआ है। पुलिसिया कार्यप्रणाली और सीमा विवाद की आड़ में दो पीढ़ियों को टरकाने के मामले को जब समाचार पत्र ने शुक्रवार के अंक में दिनदहाड़े महिला के गले से झपटी चेन और मंगलसूत्र शीर्षक के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किया, तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। परिणाम स्वरूप, उच्चाधिकारियों के कड़े रुख के बाद खजनी पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे बेलीपार थाना क्षेत्र के बड़ेरिया निवासी सुनील मौर्य अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ बाइक से ससुराल जा रहे थे। पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे छपिया स्थित सोनवान नाला एनएच 28 फोरलेन बाईपास पर बदमाशों ने चलती बाइक से झपट्टा मारकर महिला के गले से मंगलसूत्र और सोने की चेन लूट ली और फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने संवेदनशीलता दिखाने के बजाय घंटों तक गीडा और खजनी थाना क्षेत्र के सीमा विवाद में समय बर्बाद किया। हद तो तब हो गई जब पुलिस ने सीमा विवाद का बहाना बनाकर पीड़ित की तहरीर तक लेने से इनकार कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का मानना है कि यदि पुलिस उस समय सीमा विवाद में न उलझकर तत्परता दिखाती, तो लुटेरे पकड़े जा सकते थे। शुक्रवार को जैसे ही समाचार पत्र में पुलिस की इस लापरवाही की खबर छपी, उच्चाधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया। आनन-फानन में घटनास्थल की दोबारा पैमाइश और जांच कराई गई, जिसमें पाया गया कि घटनास्थल खजनी थाना क्षेत्र में ही आता है। क्षेत्राधिकारी खजनी दीपांशी राठौर ने बताया कि घटनास्थल खजनी थाना क्षेत्र में होने की पुष्टि के बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें सक्रिय हैं और जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

## 12 दिव्यांगों ने कराया पंजीकरण



जसवंतनगर, इटावा। ब्लॉक सभागार में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से आयोजित विशेष शिविर में 12 दिव्यांगजनों ने सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए पंजीकरण कराया। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन और उनके परिजन मौजूद रहे, जहां योजनाओं के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला। शिविर के दौरान दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इनमें बैसाखी, व्हीलचेयर, हैंड व पैडल संचालित ट्राई साइकिल और रिक्शा प्रमुख रूप से शामिल रहे। पात्र लाभार्थियों को मौके पर पंजीकरण कर उन्हें आगे की वितरण प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में डॉ. विष्णु मेहरोत्रा, डॉ. राहुल आनंद, सीएमओ कार्यालय से अभिषेक अंकित, एडीओ समाज कल्याण वेदप्रकाश और दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय से रोहित बाबू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा सामाजिक संगठनों की भी सक्रिय भागीदारी रही। आधुनिक विद्या मंदिर शिक्षा समिति से ओमप्रकाश, ग्रामीण महिला उत्थान समिति से सुधर सिंह, समाजसेवी प्रेमकुमार शाक्य तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पीएलवी अधिकार मित्र राजेंद्र यादव व लालमन बाथम ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग दिया। शिविर में दिव्यांगजनों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इनमें दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, दुकान निर्माण एवं संचालन योजना तथा कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण योजना शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है, जिससे वे सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें।

## हाईस्कूल-इंटरमीडिएट के टॉपरों को किया विद्यालय परिवार ने सम्मानित

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील क्षेत्र के नई बाजार स्थित रामरती रामप्यारे इंटरमीडिएट कालेज के हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर विद्यार्थियों का विद्यालय परिसर में विद्यालय परिवार द्वारा फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।



शुक्रवार को विद्यालय परिसर में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के सवाधिक अंक प्राप्त करने वाले हाई स्कूल इंटरमीडिएट के पांच पांच विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। रामरती रामप्यारे इंटरमीडिएट कालेज के प्रबधंक डॉक्टर रामेंद्र मणि त्रिपाठी ने हाई स्कूल की आंचल यादव, नमन यादव, शुभम सिंह व इंटरमीडिएट के ईश्वर, दिव्यांशु दुवें, अभिषेक कुमार, दुर्गा पाल, दिवाकर को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया ।उक्त अवसर पर व्यस्थापक शिवांगी वत्स, प्रधानाचार्य राजकुमार राही, साक्षी चौरसिया, अवधेश यादव, रामचंद्र प्रजापति, विकास पासवान, अजय प्रजापति, अनिल कुमार, दिनेश कुमार यादव, शिव रत्न मौर्य, यशवंत कुमार, डिंपल शर्मा, ज्योति जायसवाल, प्रिया यादव, स्नेहा सिंह, रीना सिंह, नीरज विश्वकर्मा, सचिन विश्वकर्मा, चंदन कुमार सहित तमाम लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में चमके एवीपी इंटर कालेज के होनहार


निधि 92 प्रतिशत मुस्कान 90 प्रतिशत साहिल 86 प्रतिशत

गोला, गोरखपुर। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम गुरुवार की शाम घोषित होते ही आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज ककरही में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल शानदार अंक हासिल किए बल्कि अपने परिवार और विद्यालय का नाम भी गर्व से ऊंचा कर दिया। इंटरमीडिएट में सचिन यादव 79 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया। तो विकास 75 प्रतिशत और मोनी 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत का लोहा मनवाया ।वही हाईस्कूल में निधि मौर्या ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुस्कान विश्वकर्मा ने 90 प्रतिशत साहिल ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया ।छात्र छात्राओं की इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक रवि प्रताप राय एवं प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह ने सभी सफल छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। और उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्र छात्राओं की मेहनत शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।

## विनीत मोदनवाल ने एसीसीए की उपाधि हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान, भव्य स्वागत



गगहा, गोरखपुर। मेहनत, लगन और समर्पण जब एक साथ जुड़ते हैं, तो सफलता की नई इबारत लिखी जाती है। इसका जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया है क्षेत्र के होनहार युवा विनीत मोदनवाल ने, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित एसीसीए (यूनाइटेड किंगडम चार्टर्ड अकाउंटेंसी) की उपाधि प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि गगहा क्षेत्र के करवल मझगांवा निवासी स्वर्गीय सत्यनारायण मोदनवाल एवं सुमित्रा देवी के पुत्र विनीत की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपरांत जब वे पहली बार अपने गृह क्षेत्र पहुंचे, तो परिजनों और शुभचिंतकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। गांव में इस अवसर पर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और हर चेहरे पर खुशी झलक रही थी।

इस अवसर पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में ग्राम प्रधान संदीप मोदनवाल, कृष्णप्यारे मोदनवाल, भोलेनाथ मोदनवाल, प्रदीप कुमार, नन्हें मोदनवाल, राजेश कुमार, सूर्य नारायण, कैलाशपति सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं परिजन उपस्थित रहे। सभी ने विनीत को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान संदीप मोदनवाल ने कहा, ह्वविनीत ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से न केवल अपने माता-पिता के सपनों को साकार किया है, बल्कि पूरे समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल कायम की है।

## राहुल गांधी का पुतला फूंकने पर कांग्रेसियों में आक्रोश



इटावा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन एवं कांग्रेस का झंडा जलाए जाने को लेकर गुस्साए कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय के बाहर लोकतांत्रिक तरीके से अपना कड़ा विरोध प्रदर्शन करते हुए भाजपा के संबंधित दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने हेतु एक ज्ञापन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट तौर पर उल्लेख किया गया है कि जब से महिला आरक्षण संशोधन विधेयक गिरा है तब से भाजपाई इस निरर्थक सारहीन मुद्दे को हवा देते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन और कांग्रेस का झंडा जला रहे हैं। जो कि संवैधानिक और कानूनी तौर पर सरासर गलत है क्योंकि राहुल गांधी सिर्फ. कांग्रेस के ही नहीं अपितु इस देश के नेता प्रतिपक्ष भी हैं और सदन में प्रधानमंत्री के बाद दूसरे बड़े नेता हैं। उनकी अपनी एक अलग गरिमा है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इटावा द्वारा यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने जिस तरह से राहुल गांधी का पुतला दहन एवं पार्टी का झंडा जलाया है उससे जनता के बीच झूठ, भ्रम और नफरत फैलने के कारण आपस में दंगा फसाद की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने वालों में शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, कोमल सिंह कुशवाहा, पीसीसी सदस्य प्रशांत तिवारी, अरुण यादव, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शोजब रिजवी, रणवीर सिंह यादव, रमेश यादव पत्रकार, डॉ. जितेंद्र यादव, रन सिंह गोयल, सुमित कुमार, दीक्षा शुक्ला, प्रदीप द्विवेदी, राकेश कुमार, अमन तिवारी, एवं शिवा यादव सहित तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ज्वेलर्स से हुई लूट का पर्दाफाश की मांग



इटावा। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी के अंतर्गत पचावली रोड स्थित राम ज्वेलर्स पर दोपहर 12.30 जंजीर खरीदने के लिए आए युवक मौका देखकर जंजीर लेकर फरार हो गए ज्वेलर्स की सूचना पर थाना पुलिस ने जांच शुरू की रामा ज्वेलर्स के मालिक नीतीश सोनी ने थाना पुलिस को बताया कि वह दोपहर 12.30 बजे अपनी दुकान पर ग्राहकों को ज्वेलरी दिखा रहे थे तभी दो युवक आए और जंजीर खरीदने के लिए जंजीर दिखाने की मांग करने लगे जंजीर देखने के बाद एक युवक ने कहा कि मैं इसकी फोटो अपनी मां को मोबाइल से भेज दूं जिससे उन्हें डिजाइन पसंद आ जाए इसी दौरान वह दुकान पर बैठे अन्य ग्राहकों से बात करने लगे इतने में मौका पाकर लूटेरा जंजीर लेकर अपने अन्य साथी जो पहले से ही नई नीले कलर की स्विफ्ट डिजायर मैं बैठे थे उनके साथ जंजीर लेकर फरार हो गया जिसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई सीसीटीवी कैमरा को खोलना शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही व्यापारी नेता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला वरिष्ठमहामंत्री हरि गोपाल शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष शहर अध्यक्ष ओमरतन कश्यप, युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, जिलाउपाध्यक्ष राजीव कुमार पाल, युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे, युवा शहर उपाध्यक्ष आशीष दत्त तिवारी, युवा जिलाउपाध्यक्ष अंकुर शाक्य आदि ने पहुंचकर जिला प्रशासन से उपरोक्त लूट का अति शीघ्र पदार्फाश किए जाने की मांग की व्यापारी नेताओं ने कहा कि यदि लूट का खुलासा नहीं हुआ तो व्यापार मंडल आंदोलन आत्मक रवैया तैयार करेगा।

# दुष्कर्म में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत थाना पुरवा पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना पुरवा में 23 अप्रैल को धारा 75(2)/65(2) बीएनएस एवं 5(एम)/6 पोक्सो एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही पुलिस द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में 24 अप्रैल 2026 को उपनिरीक्षक सियाराम चैरसिया अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त एवं सुरागरसी पतारसी कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को उसके निवास स्थान मोहल्ला मसवानी, कस्बा व थाना पुरवा से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अदनान पुत्र जाहिद अली, निवासी उपरोक्त के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के पश्चात अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था के प्रति सकारात्मक संदेश गया है तथा आमजन में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत हुई है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक सियाराम चैरसिया एवं कांस्टेबल प्रशांत की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।

## विवाहिता ने की आत्महत्या

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। कोतवाली क्षेत्र के गाँव बिछिया में एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में दुपट्टे को मौत का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गयी सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव पीएम को भेजा। कोतवाली क्षेत्र के बिछिया गांव निवासी राजेन्द्र विश्वकर्मा की 30 वर्षीय विवाहिता बेटी दीक्षा की शादी 13 अप्रैल 2025 को अचलगंज थाना क्षेत्र के रावल गांव निवासी नमन विश्वकर्मा से हुई थी दीक्षा एमए की छात्रा थी जो कि ससुराल से करीब 10 दिन पूर्व बिछिया अपने मायके आई थी जिसका सकरन गांव के डिग्री कॉलेज में एमए चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा देने आई थी गुरुवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में लगे पंखे में दुपट्टे को मौत का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गयी बेटी को कमरे में फंदे से लटकता देख पिता सन्न रह गया।

# विधायक बोले अवैध होने पर पोकलैंड से गिरवा दूंगा कार्यालय

## जांच के बाद भाजपा विधायक का दफ्तर वैध मिला

हिलौली, उन्नाव। पुरवा विधानसभा से भाजपा विधायक अनिल सिंह के मौरावां नगर पंचायत क्षेत्र स्थित माही संस्था कार्यालय को लेकर विवाद सामने आया था। सोशल मीडिया पर यह चचाएं थीं कि यह कार्यालय पीडब्ल्यूडी की भूमि पर अवैध रूप से बना है। इन चचाओं के बीच विधायक अनिल सिंह ने बयान दिया था कि यदि उनका संस्था कार्यालय अवैध पाया गया, तो वे उसे जेसीबी से नहीं बल्कि पोकलैंड मशीन से खुद गिरवा देंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने जांच शुरू की। जांच में पाया गया कि विधायक का कार्यालय वैध भूमि पर बना है। यह जमीन प्रयाग नारायण की थी, जिसे चंदन लाल त्रिपाठी ने खरीदा था और बाद में विधायक अनिल सिंह ने इसे खरीदा। हालांकि, अधिकारियों ने पक्का तालाब के आसपास बनी अन्य दुकानों के कागजात की भी जांच की। इस जांच में सामने आया कि कुछ दुकानों के लिखा-पढ़ी में गाटा संख्या (प्लॉट नंबर) अंकित नहीं है, जिससे उनकी वैधता पर सवाल उठ रहे हैं। इस पूरे प्रकरण पर नगर अध्यक्ष विवेक सेठ ने बताया कि कुछ दिनों पहले नायब तहसीलदार और लेखपाल ने दुकानदारों को 7 दिन के भीतर कागजात दिखाने और दुकानें खाली करने का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने कहा था कि ऐसा न करने पर दुकानें गिरा दी जाएंगी। अध्यक्ष सेठ ने आगे कहा कि यह मामला तहसील प्रशासन के संज्ञान में है और वे नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

## मां के साथ मारपीट करने पर मामला दर्ज

पाटन, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव दौदापुर निवासी हिमांशी पुत्र बृज किशोर ने थाने में तहरीर देकर भूत प्रेत के चक्कर में मां के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। हिमांशी ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 21 अप्रैल को माता शुचि देवी को भूत प्रेत आने की शंका बताते हुए चाची माया व प्रभात ने चप्पलों से पिटाई कर दी। उन्होंने आकर किसी तरह बचाया। 22 अप्रैल को दूसरे दिन मैं घर से कुछ सामान खरीदने गई थी तभी रास्ते में चाची माया ने गलियां देते हुए मेरे साथ मारपीट की। बचाने आई हमारी मां-बहन को माया, पायल व प्रभात ने जमकर मारा पीटा। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज किया गया है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## महिला मोर्चा ने अखिलेश व राहुल गांधी का पुतला फूंका

इटावा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन और विपक्ष के रवैये के विरोध में प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला कल्याण निगम अध्यक्ष व जनपद प्रभारी कमलावती सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में व जिलाउपाध्यक्ष व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विरला शाक्य के नेतृत्व में अखिलेश यादव व राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रकट किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का दावा करने वाले दलों का विरोधाभास तब सामने आया, जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण विधेयक को पारित होने से रोक दिया गया। देश की नारी शक्ति अब इस सच्चाई को भली-भांति समझ चुकी है। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि विधेयक गिराए जाने से देशभर में महिलाएं आक्रोश में हैं।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में एसपीएस इंटर कॉलेज के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन




लखनऊ/उन्नाव। यूपी बोर्ड की इंटर व हाईस्कूल व की परीक्षा में एसपीएस इंटर कॉलेज मीरकापुर उन्नाव के बच्चों का शतप्रतिशत रिजल्ट रहा। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक डॉ. अर्चना वाजपेयी व प्रिंसिपल अलका निगम भी बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भाविष्य की कामना की। गुरुवार को आये परीक्षा परिणामों को लेकर सुबह से ही छात्र छात्राओं में उत्साह देखा जा रहा था। अपराह्न करीब 4 बजे से जब रिजल्ट आने का सिलसिला शुरू हुआ तो सफल रहे छात्र छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। जिसमे यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट में सानिया मिर्जा, हाईस्कूल में यशस्वी, कोशिकी, मोहिनी, रितिका, शुभम और शिवा ने प्रथम श्रेणी में स्थान पाया। इस मौके पर स्कूल की मुख्य प्रबंधक डॉ. अर्चना वाजपेयी, प्रधानाचार्य अलका निगम, उप प्रधानाचार्य रूपम पाल, क्षमा तिवारी, शालिनी दुबे, आशीष कुमार, अर्चना तिवारी, सरनजीत सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, विनीता श्रीवास्तव, दीपाली पांडे, वैष्णवी शुक्ला, इशिता सक्सेना, नीरज पांडे, प्राची गुप्ता, वेदिका गुप्ता, रूबीना, कर्ण यादव, प्रिया वाजपेई, सौरभ जयसवाल, सौम्या मिश्रा व अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप, उपचार के बाद महिला की मौत

## परिजनों ने निष्पक्ष जांच की मांग की

उन्नाव। जनपद में एक निजी अस्पताल पर इलाज में लापरवाही का गंभीर आरोप सामने आया है। पीड़ित परिवार ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली पुरवा क्षेत्र के गांव तुसरौर निवासी सुमित कुमार ने बताया कि 15 मार्च 2025 को उनकी पत्नी को अचानक पेट में दर्द होने पर लखनऊ के एक डायग्नोस्टिक सेंटर में जांच कराई गई थी, जहां रिपोर्ट सामान्य बताई गई। इसके बाद 16 मार्च को उन्हें उन्नाव स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने पूर्व की जांच रिपोर्ट को नकारते हुए महिला के गॉल ब्लैडर और यूट्रस में समस्या बताकर ऑपरेशन की सलाह दी। आरोप है कि ऑपरेशन के नाम पर लगभग एक लाख रुपये लिए गए, जबकि अस्पताल द्वारा जारी बिल में केवल 22 हजार रुपये ही दर्शाए गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि ऑपरेशन के दौरान कोई गंभीर समस्या नहीं थी, फिर भी सर्जरी की गई, जिससे महिला की हालत बिगड़ गई और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के साथ-साथ आर्थिक शोषण का भी आरोप लगाया है। परिवार ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त होने पर जांच कराई जाएगी और यदि किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बोर्ड परीक्षा के परिणाम में बेटियां आई अव्वल

क्पाटन, उन्नाव। यू पी बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम मे तहसील बीघापुर क्षेत्र के एसबीएसआर मेमोरियल इण्टर कालेज केदारखेड़ा की छात्रा कंचन देवी ने 89.60 प्रतिशत अंक लाकर जिले मे 7 वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। तीन बहनों में सबसे बड़ी है। लगभग 6 से 7 घण्टे पढाई कर करती थी। भविष्य मे आईआईटी कर इंजीनियर बनना चाहती है। इनके पिता मिथलेश दिल्ली मे प्राइवेट नौकरी करते है मां सुनीता देवी गृहणी है। इन्होने हिन्दी 93, अंग्रेजी 86, गणित 94, भौतिक विज्ञान 93, रसायन विज्ञान 82 अंक प्राप्त कर कुल 500 में 448 अंक प्राप्त किए। वही भगवन्तनगर स्थित लाल बहादुर पब्लिक स्कूल की छात्रा जिया चैधरी ने 89.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले मे 9 वां स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। जिया यूपीएससी की तैयारी कर प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहती है। इनके पिता वीरेन्द्र कुमार ड्राइवर है माता रीना चैधरी पार्लर चलाती है। जिया ने बताया कि खेल एवं राजनीति में कोई रुचि नही है। विद्यार्थियों को केवल पढ़ाई पर फोकस करना चाहिए। 6 से 7 घण्टे पढ़ाई कर अच्छे अंक लाए जा सकते है। ? अपने परिवार की अकेली बेटी है।

**कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर**

**NOTICE FOR INVITATION OF TENDER**

पत्रांकः- 736/PRO/नि0वि0/न.नि.शाह./2026 दिनांकः - 24.04.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर निगम, शाहजहाँपुर में सीवरेज एवं जलनिकासी योजनान्तर्गत चार नाला निर्माण कार्य ई-निविदायें आमंत्रित की जा रही है। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही बेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्य की समस्त नियम व शर्तें उक्त बेबसाइट पर ही अपलोड की जायेगी। टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। कार्यों एवं महत्वपूर्ण तिथि का विवरण निम्न प्रकार हैः-

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि / समय | 02.05.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | 02.05.2026 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अंतिम तिथि / समय | 23.05.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि / समय | 23.05.2026 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल www.etender.up.nic.in पर किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर

संक्षेप

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से आंगनबाड़ी सुपरवाइजर की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नई बाईपास रोड पर शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में आंगनबाड़ी की एक महिला सुपरवाइजर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भुसौरिया चौराहे के पास सुबह करीब 10 बजे स्कूटी से सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान थाना मितौली क्षेत्र के ग्राम महमदपुर निवासी राम खिलावन वर्मा की बेटी माशी वर्मा के रूप में हुई है, जो गोला ब्लॉक में आंगनबाड़ी की मुख्य सेविका के पद पर कार्यरत थीं। बताया जा रहा है कि वह भुसौरिया स्थित विद्यालय के निरीक्षण के लिए जा रही थीं, तभी यह हादसा हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## नहर में डूबा युवक परिवार में मचा कोहराम

सीतापुर। लहरपुर इलाके में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए दोस्तों के साथ नहर में उतरा एक 18 वर्षीय युवक जिंदगी की जंग हार बैठा। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में शारदा सहायक नहर के रेगुलेटर पुल के पास शुक्रवार दोपहर यह दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को झकझोर दिया। नगर के मोहल्ला नई आबादी कटरा निवासी नदीम (18) अपने दोस्तों अमन, परवेज और तौसीफ के साथ नहर में नहाने गया था। नहाते समय अचानक वह गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूबने लगा। दोस्तों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन कुछ ही पलों में वह पानी में लापता हो गया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और परिजनों को सूचना दी गई। नदीम के लापता होने की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि नदीम के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है और घर की जिम्मेदारी पांच भाइयों और दो बहनों पर है, जो मजदूरी कर अपना गुजारा करते हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू कराया। एक घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी नदीम का कोई पता नहीं चल सका था। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि पुलिस टीम लगातार गोताखोरों के साथ युवक की तलाश में जुटी हुई है। यह हादसा एक बार फिर चेतावनी देता है कि नहरों और गहरे पानी में जरा सी लापरवाही भी जिंदगी छीन सकती है।

## कदमताल में दिखी दमदार तैयारी

सीतापुर। रिजर्व पुलिस लाइंस में 26 अप्रैल को होने वाली पासिंग आउट परेड से पहले महिला आरक्षियों की तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को परेड ग्राउंड में आयोजित रिहर्सल में अनुशासन और तालमेल का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। रिहर्सल के दौरान टोलीवार मार्च पास्ट में आरक्षियों की एकरूपता और कदमताल सटीक रही, जिस पर एसपी ने संतोष जताया और इसे कड़े प्रशिक्षण का परिणाम बताया। साथ ही आरक्षियों को संविधान के प्रति निष्ठा, देश की एकता और अखंडता की शपथ का अभ्यास भी कराया गया।

# सीडीओ के निरीक्षण से दफ्तरों में मची हलचल



सीतापुर। विकास भवन में शुक्रवार को माहौल अचानक बदल गया। कल ही कार्यभार संभालने वाली नवागत मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी ने शुक्रवार को बिना समय गंवाए सीधे एक्शन मोड में आते हुए औचक निरीक्षण शुरू कर दिया। उनके इस ताबड़तोड़ अंदाज से पूरे विकास भवन में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

कुर्सी संभालने के अगले ही दिन डॉ. जोशी दफ्तरों में पहुंचीं और एक-एक शाखा की हकीकत परखी। डीडीओ कार्यालय, समाज कल्याण विभाग और मनरेगा सेल समेत कई अहम विभागों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका खंगाली और लंबित फाइलों की स्थिति पर सीधा सवाल किया। कई जगह काम में सुस्ती और लापरवाही देख उन्होंने सख्त नाराजगी जताई। निरीक्षण का दायरा यहीं नहीं रुकाकृकृषि विभाग, डीपीआरओ कार्यालय, डीआरडीए, सहकारिता, भू संरक्षण, अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय, डूडा और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तक उनकी पैनी नजर पहुंची। साफ-सफाई से लेकर जनसुनवाई रजिस्टर तक की जांच करते हुए उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जनता की शिकायतों के निस्तारण में अब किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। डॉ. दीक्षा जोशी ने स्पष्ट किया कि उनकी पहली प्राथमिकता हैकृसरकारी योजनाओं का लाभ बिना रुकावट सीधे पात्र लोगों तक पहुंचे। उन्होंने पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही पर जोर देते हुए अधिकारियों को कार्यशैली सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीडीओ संतोष कुमार, डीपीआरओ डॉ. निरीश चंद्र साहू समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। नए सीडीओ के इस सख्त और तेज तर्रार अंदाज ने यह साफ संकेत दे दिया है कि अब विकास भवन में पुराना ढर्रा नहीं चलेगाकृआने वाले दिनों में यहां काम करने का तरीका पूरी तरह बदलने वाला है।

## बस स्टैंड पर जाम को लेकर प्रशासन का कड़ा एक्शन



सीतापुर। नगर के बस स्टैंड क्षेत्र में लंबे समय से बनी जाम की समस्या पर आखिरकार प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है।

शुक्रवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट और एआरएम ने संयुक्त रूप से बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं पर सीधा वार किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने यातायात व्यवस्था, अवैध पार्किंग, अतिक्रमण और बस संचालन की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। मौके पर ही सामने आया कि सड़क किनारे अतिक्रमण और बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण जाम की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। सिटी मजिस्ट्रेट ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों और वाहन चालकों को कड़े निर्देश देते हुए साफ कहा कि अब किसी भी हालत में बस स्टैंड और मुख्य मार्गों पर जाम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध रूप से खड़े वाहनों को तुरंत हटाने और बसों को केवल निर्धारित स्थान से ही संचालित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए नियमित अभियान चलाने की बात कही गई। अचानक हुए इस निरीक्षण से बस स्टैंड क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रशासन के इस सख्त तेवर से यह साफ संकेत मिल गया है कि अब लापरवाही और मनमानी पर लगाम कसने की पूरी तैयारी है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस कार्रवाई के बाद शहरवासियों को जाम की समस्या से जल्द राहत मिल सकेगी।

## अग्नि सुरक्षा को लेकर अस्पतालों में चला जागरूकता अभियान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर क्षेत्र के अस्पतालों में शुक्रवार को अग्नि सुरक्षा को लेकर प्रचार-प्रसार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई और सतर्क रहने की अपील की गई।कार्यक्रम के तहत अग्निशमन विभाग की ओर से अस्पताल परिसर में पम्पलेट वितरित किए गए, जिनमें आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों को विस्तार से बताया गया। मरीजों, तीमारदारों और अस्पताल स्टाफ को आग लगने के कारणों, बचाव के तरीकों और आपात स्थिति में तुरंत की जाने वाली कार्रवाई के बारे में जागरूक किया गया। अग्निशमन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार शिन्दे ने बताया कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर बड़ी घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने गैस सिलेंडर, बिजली के उपकरणों और ज्वलनशील पदार्थों के सुरक्षित उपयोग पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों से अपील की गई कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दें और आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाएं।

## इंटरमीडिएट पास छात्र के घर पहुंचे डीएम



लखीमपुर खीरी। यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में 93.60 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप करने वाले झोपड़ी में रहने वाले उमाशंकर के घर डीएम अंजनी कुमार सिंह पहुंचे, तो पूरा गांव मानो एक उत्सव में बदल गया।

जिला मुख्यालय से करीब 60 किमी दूर डीएम सीधे गांव रामनगर बगहा पहुंचे। घाघरा नदी के किनारे स्थित कच्ची झोपड़ी के सामने जब प्रशासनिक काफिला रुका, तो लोग हैरान रह गए। लेकिन असली भावुक पल तब आया जब जिले के मुखिया खुद खटिया पर बैठ गए। डीएम ने उमाशंकर को अपने पास बैठाया और मिट्टी की सादगी में उसकी दुनिया समझने की कोशिश की। बातचीत सिर्फ बधाई तक सीमित नहीं रही, बल्कि सपनों की गहराई तक पहुंच गई। उमाशंकर ने अपनी लिखी कविताओं और गजलों की कॉपी डीएम को दिखाई। पन्नों पर लिखी सादगी भरी पंक्तियां पढ़ते ही डीएम मुस्कुराए और बोले तुम्हारे शब्दों में मेहनत की खुशबू है। छप्पर की छांव में खटिया पर बैठकर यह संवाद किसी सरकारी कार्यक्रम जैसा नहीं, बल्कि प्रेरणा, आत्मीयता का जीवंत दृश्य बन गया। डीएम ने उमाशंकर को माला पहनाई, मिठाई खिलाई, उपहार दिए और उसके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में मिली यह सफलता और भी मूल्यवान है। डीएम ने उमाशंकर के माता-पिता से भी लंबी बातचीत की और उनके संघर्ष को नमन किया। इस दौरान एसडीएम शशि कांत मणि, डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, बीडीओ श्रद्धा गुप्ता सहित आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

## अग्निकांड पीड़ितों से मिले कांग्रेस जिलाध्यक्ष ,जल्द सहायता का भरोसा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ग्राम बांसबेरिया में 21 अप्रैल को हुए भीषण अग्निकांड के बाद शुक्रवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल टीम के साथ गांव पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हालात का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने पीड़ितों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। अग्निकांड में कई मवेशियों की मौत हो गई थी, जबकि एक महिला झुलस गई, जिसका उपचार चल रहा है। जिला अध्यक्ष ने पीड़ितों की समस्याएं सुनने के बाद तहसील प्रशासन से वार्ता कर अहेतुक सहायता जल्द उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने बताया कि प्रयास किया जा रहा है कि शुक्रवार शाम से शनिवार शाम तक पीड़ितों के खातों में सहायता राशि पहुंच जाए। यदि कोई पात्र व्यक्ति वंचित रह जाता है तो उसका सर्वे कराकर उसे भी योजना का लाभ दिलाया जाएगा। प्रहलाद पटेल ने कहा कि यह क्षेत्र उनका पूर्व जिला पंचायत क्षेत्र रहा है और यहां के लोगों से उनका पुराना जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में पार्टी के कार्यकर्ता पीड़ितों के साथ खड़े हैं। इस दौरान उन्होंने ग्राम तलफीपुर, बाबागंज और जनकपुर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं। मौके पर फकीर मोहम्मद काकू, पंकज पटेल, इसरार अहमद, लल्लन सिंह यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### अग्निकांड पीड़ितों के बीच पहुंचे कांग्रेसी बांटी राहत सामग्री

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ब्लॉक बिजुआ की ग्राम पंचायत गोगावां के ग्राम अमरपुर में हुए भीषण अग्निकांड में करीब 70 परिवार प्रभावित हो गए। आग की चपेट में आने से लोगों का घरेलू सामान जलकर राख हो गया, जिससे गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल रहा। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने गांव पहुंचकर हालात का जायजा लिया। एडवोकेट अनूप वर्मा (पूर्व महामंत्री बार एसोसिएशन गोला), एडवोकेट शोएब आलम, मनोज शर्मा और अफजल शाह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान पीड़ितों को लंच पैकेट वितरित किए गए और जरूरतमंदों की सहायता के प्रयास किए गए। टीम ने कहा कि इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़े रहेंगे और हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

## जच्चा-बच्चा की मौत के बाद जनसेवा हॉस्पिटल सीज



लखीमपुर खीरी। थाना नीमगांव क्षेत्र के बेहजम स्थित जनसेवा अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की गुरुवार को हुई मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया। बेहजम में जनसेवा अस्पताल अवैध रूप से संचालित अस्पताल का स्टाफ मौके से फरार हो गया। मृतका के पति विपिन कुमार ने बताया कि 22 अप्रैल को अपनी पत्नी प्रीति को जनसेवा अस्पताल बेहजम में डिलीवरी के लिए भर्ती कराया। ऑपरेशन के बाद पहले उनके बच्चे की मौत हुई। अगले दिन 23 अप्रैल को उनकी पत्नी प्रीति की डॉक्टरों की लापरवाही से मौत हो गई। आरोप है कि जिला महिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर अभिषेक साहू, जन सेवा अस्पताल के संचालक राजेश कुमार शुक्ल द्वारा ऑपरेशन किया गया। लापरवाही के चलते उनकी पत्नी प्रीति व बच्चे की मौत हो गई। अगले दिन 24 अप्रैल को परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पूरी बात बताई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला अस्पताल के डॉक्टर अभिषेक साहू और जनसेवा अस्पताल संचालक राजेश कुमार शुक्ला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। अभिषेक साहू पर मुकदमा दर्ज होने के बाद महिला जिला अस्पताल के बोर्ड से अभिषेक साहू का सम्पर्क सूत्र गायब कर दिया गया। अवैध रूप से चल रहे जन सेवा हॉस्पिटल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बेहजम पहुंचकर सीज कर दिया है।

## शोपीस बनी जल जीवन मिशन योजना, नहीं पहुंचा पानी



पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। ब्लॉक मोहम्मदी क्षेत्र के ग्रंट साहबगंज जोन-2 में जल जीवन मिशन योजना अधूरी हालत में पड़ी है। पाइपलाइन बिछाने और घरों के बाहर टोटियां लगाने के बाद भी पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है।

जानकारी के अनुसार ह्रहर घर जलह्र योजना के तहत साहबगंज ग्रंट जोन-2 परियोजना की लागत करीब 608.97 करोड़ रुपये बताई गई है। योजना का कार्य 3 मार्च 2023 से शुरू हुआ था, जिसके तहत पांच गांवो दिस्तापुर, छेड़ीपर, नंदापुर, रामनगर और साहबगंज को लाभान्वित किया जाना था। परियोजना में एक नलकूप, 500 केएल क्षमता का 16 मीटर ऊंचा जलाशय और 2039 घरों को जल संयोजन देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। वर्तमान में लगभग 10,915 आबादी को लाभ पहुंचाने का दावा किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन बिछाने के बाद काम ठप हो गया। कई स्थानों पर सिर्फ नल लगाकर छोड़ दिए गए हैं, लेकिन जलापूर्ति शुरू नहीं हुई। इससे लोगों को पेयजल के लिए अभी भी पुराने साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना कागजों में पूरी दिखाई जा रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है। परियोजना का कार्य एनसीसी लिमिटेड के जिम्मे है और निगरानी उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), खीरी द्वारा की जा रही है। स्थानीय स्तर पर जेई, एई और अन्य अधिकारी तैनात हैं, लेकिन काम की रफ्तार धीमी बनी हुई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि योजना की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि हर घर जल का सपना धरातल पर साकार हो सके।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

जेई मनोज कुमार मौर्य ने बताया कि हाल ही में उन्हें इस परियोजना का चार्ज मिला है। उन्होंने कहा कि जल्द ही कार्यों की समीक्षा कर कमियों को दूर कराया जाएगा और जलापूर्ति शुरू कराने के प्रयास किए जाएंगे।

## दून पब्लिक स्कूल में सम्मानित किये गये टॉपर्स



मोहम्मदी खीरी। कस्बा के दून पब्लिक स्कूल में सफलता के उच्चतम शिखर को छूने वाले छात्र-छात्राएं की प्रतिभाओं और गौरवान्वित अभिभावकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रबंधक डॉक्टर मेजर सिंह रहे और संचालन व्यवस्थापक विमल अवस्थी ने किया है। आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया है। विद्यालय की अंजनैया मिश्रा, अंजली गुप्ता की टीम ने स्वर और संगीत के साथ वाणी वंदना प्रस्तुत की है। सफलता के उच्चतम शिखर को छूने वाले विद्यार्थी अथर्व रस्तोगी, नीतीश तिवारी, शैलजा त्रिवेदी, अभिषेक कुमार, अब्दुल बाकी, राज वर्मा, इकनूर कौर, इकरा , माहिया, जशनदीप सिंह, अंकुश कुमार, अभिजोत सिंह, आदर्श पाल, लव सिंह, रोहित पाल, अभिज्ञान, अल्शिफा खान, सिमरन दीप कौर, अरशद खान, गुरलीन कौर, सेजल मिश्रा, शोएब खान और अभिनव सिंह को मेडल देकर सम्मानित किया गया है प्रबंधक डॉक्टर गुरमेजर सिंह ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा संस्कारित शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर नागरिक गढना बताया हमारा कीर्तिमान उसी का संकल्प जीवंत प्रमाण है। प्रधानाचार्या कविता मिश्रा ने कहां केवल अंकों की विजय नहीं संकल्प परिश्रम शिक्षकों के मार्ग दर्शन का उत्सव बताया उप प्रधानाचार्य सतनाम सिंह ने बच्चों को बताया सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता निरंतर अभ्यास और लक्ष्य के प्रति समर्पण शिखर तक पहुंचाता है।

## स्कूटी व बाइक की आमने-सामने टक्कर में महिला समेत चार जख्मी

बरवर खीरी। क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर गांव शाहपुर के पास बाइक और स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए रास्ते से निकल रहे सपा नेता क्रांति कुमार ने घायलों को निजी वाहन से इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया डॉक्टर ने तीन लोगों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया है जबकि स्कूटी सवार लड़की का इलाज किया जा रहा है। मकसूद पुर निवासी यश वर्मा अपनी स्कूटी पर बेटी शिजा पटेल को बैठक मोहम्मदी से गांव जा रहे थे शाहपुर के पास पहुंचने समय मैगलगंज निवासी सत्येंद्र अपनी बाइक पर गौरव को लेकर मोहम्मदी की ओर जा रहे थे नशे में होने के चलते बाइक अनियंत्रित होकर स्कूटी से टकरा गई सभी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें डॉक्टर ने जांच के दौरान सत्येंद्र और गौरव की हालत अधिक गंभीर होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया है यश वर्मा और उनकी बेटी का इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है।

## दिल्ली नगर निगम डिप्टी मेयर चुनाव में खीरी की बहू डा. मोनिका पंत भाजपा उम्मीदवार



सिंगाही-खीरी। दिल्ली नगर निगम (MCD) के डिप्टी मेयर पद के लिए 29 अप्रैल 2026 को होने वाले चुनाव में भाजपा ने कस्बे के मोहल्ला छावनी की बहू डा. मोनिका पंत को उम्मीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी के मैदान में न होने और कांग्रेस की कमजोर स्थिति के चलते उनका पलड़ा भारी माना जा रहा है। डा. मोनिका पंत पेशे से चिकित्सक हैं और उनके पति आशीष पंत चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। वे दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री रह चुकी हैं और 2022 में आनंद विहार वार्ड से पार्षद चुनी गई थी। डा. मोनिका पंत दिल्ली बीजेपी में लंबे समय से सक्रिय हैं जिनको मजबूत दावेदार माना जा रहा है। वह कस्बे के छावनी मोहल्ला निवासी स्व. डा. गायत्रीनाथ पंत की छोटी बहू और कस्बे गौरव रिटायर्ड आईआरएस अधिकारी संजय पंत के छोटे भाई की पत्नी हैं।

## योग प्रशिक्षक पर अभद्रता के गंभीर आरोप, जांच टीम पहुंची अस्पताल

सीतापुर। विकास खंड हरगांव के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय झरेखापुर में तैनात योग प्रशिक्षक विवेक कुमार मिश्र पर ड्यूटी के दौरान शराब पीने और मरीज से अभद्रता करने के गंभीर आरोप लगे हैं। मामले ने तूल पकड़ते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। मंसूरपुर गांव निवासी दिलीप कुमार ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया कि जब वह दवा लेने के बाद योग प्रशिक्षक के कक्ष में पहुंचे, तो प्रशिक्षक फोन पर व्यस्त थे। फोन खत्म होने के बाद समस्या बताने पर वह भड़क गए और कथित तौर पर अपशब्दों का इस्तेमाल किया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि उस समय प्रशिक्षक नशे में थे और उन्होंने रौब झाड़ते हुए कहा कि उनकी पहुंच मंत्री और पत्रकारों तक है, कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। शिकायत के बाद शुक्रवार को तीन सदस्यीय जांच टीम अस्पताल पहुंची। टीम में डॉ. धर्मवीर (नीलगांव), डॉ. अजय वर्मा (देवकलिया) और डॉ. अरुण प्रकाश श्रीवास्तव (प्रताप बेंहड) शामिल रहे। टीम ने मौके पर पहुंचकर शिकायतकर्ता और अस्पताल कर्मियों के लिखित बयान दर्ज किए। जांच समिति के सदस्य डॉ. धर्मवीर ने बताया कि सभी पक्षों के बयान ले लिए गए हैं और रिपोर्ट तैयार कर जल्द ही उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी। इस पूरे मामले ने सरकारी अस्पतालों की कार्यशैली और अनुशासन पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## आग ने उजाड़े छह घर, एक झटके में राख हुई जिंदगी की जमा-पूंजी

सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र की प्यारापुर ग्राम पंचायत के मजरा बांधेपुरवा में गुरुवार शाम करीब सात बजे अज्ञात कारणों से लगी आग ने ऐसा तांडव मचाया कि देखते ही देखते छह घर जलकर राख हो गए। इस भीषण अग्निकांड में कई परिवारों की वर्षों की मेहनत पलभर में खाक हो गई। आग की शुरूआत शांती देवी के घर से हुई, जिसने तेजी से फैलते हुए नंदकिशोर, जसवंत, सलभ कुमार, गयाप्रसाद और चन्द्र कुमार के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने घंटों कड़ी मशक्कत कर किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था। इस हादसे में नंदकिशोर के 18 हजार रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन के अलावा अन्य परिवारों के कपड़े, बर्तन, अनाज और पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। घटना की सूचना राजस्व विभाग को दे दी गई है। क्षेत्रीय लेखपाल अनुराग वर्मा ने बताया कि सूचना मिली है, जल्द ही मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अग्निकांड के बाद गांव में मातम जैसा माहौल है। जिन घरों में कभी चूल्हा जलता था, वहां अब सिर्फ राख और सन्नाटा बचा है। इस हादसे ने सबसे ज्यादा दर्द नंदकिशोर के परिवार को दिया है, जहां कुछ ही दिनों बाद खुशियों की शहनाई बजने वाली थी। उनके बेटे कपिल की शादी 27 अप्रैल को तय थी, और घर में सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। नंदकिशोर ने बहू के लिए करीब 2.60 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर, 20 हजार रुपये के कपड़े और शादी का अन्य जरूरी सामान जुटा रखा था। लेकिन आग ने एक ही पल में सब कुछ छीन लिया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या

पत्रांकः- 482 /न.नि.ख.अयो./अधि0अभि0/ निविदा /2026-27/ दिनांक 18 अप्रैल, 2026

अल्पकालीन निविदा संख्या-02/अधि0अभि0/2026-27

(बजट स्वीकृति की प्रत्याशा में)

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा 1750 असफल राजकीय नलकूपों के पुनःनिर्माण की परियोजना (नाबार्ड पोषित) के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद पृथक-पृथक अल्पकालीन निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वगीर्कृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 05.05.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। मुहरबंद निविदाएं दिनांक 05.05.2026 को प्रातः 11:30 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय में रखे गये निविदा बॉक्स में डाली जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 05.05.2026 को उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 02:00 बजे से अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के अनुपस्थित होने पर, निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 27.04.2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक 04.05.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती हैं। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मात्रा (मीटर) | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी.एस.टी. (रू. में)+ स्टेश्नरी | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| Lot No. 01 | Drilling of State Tubewells at District Gonda For 04 Nos. sites, depth approx. 120 Mtr of 450mmx600mmØ bore size including Reaming and lowering of MS Assembly of 350mmx200mmØ size with screening & feeding of Pea gravel under 1750 R&R STW Project. (MS Pipe assembly, Pea gravel & HSD Oil shall be provided by the department as per departmental norms and requirements in different villages) Excluding G.S.T. | 480 | 8.11 | 17000.00 | 225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00 | 120 दिवस | “B” अथवा उच्च श्रेणी |
| Lot No 02 | Drilling of State Tubewells at District Balrampur For 04 Nos. sites, depth approx. 120 Mtr of 450mmx600mmØ bore size including Reaming and lowering of MS Assembly of 350mmx200mmØ size with screening & feeding of Pea gravel under 1750 R&R STW Project.(MS Pipe assembly, Pea gravel & HSD Oil shall be provided by the department as per departmental norms and requirements in different villages) Excluding G.S.T. | 480 | 8.11 | 17000.00 | 225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00 | 120 दिवस | “B” अथवा उच्च श्रेणी |
| Lot No 03 | Drilling of State Tubewells at District Bahraich For 04 Nos. sites, depth approx. 120 Mtr of 450mmx600mmØ bore size including Reaming and lowering of MS Assembly of 350mmx200mmØ size with screening & feeding of Pea gravel under 1750 R&R STW Project.(MS Pipe assembly, Pea gravel & HSD Oil shall be provided by the department as per departmental norms and requirements in different villages) Excluding G.S.T. | 480 | 8.11 | 17000.00 | 225.00 + GST (नियमानुसार) + 500.00 | 120 दिवस | “B” अथवा उच्च श्रेणी |

निविदा से सम्बंधित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड अयोध्या के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(विजय कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

UPID-250446 Date:24.04.2026 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## 10 करोड़ रुपये की कार्ययोजना पास

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर ।** जयसिंहपुर ब्लॉक मुख्यालय पर शुक्रवार को आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए करीब 10 करोड़ रुपये की कार्ययोजना को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ल ने की, जबकि सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपनी योजनाओं और प्रगति की जानकारी दी, लेकिन जल जीवन मिशन के तहत गांवों में खुदाई के बाद सड़कों की मरम्मत न होने का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया गया। ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने इस पर कड़ा विरोध जताया। स्थिति उस समय और तीखी हो गई जब संबंधित अधिकारी को जनप्रतिनिधियों के विरोध के चलते सदन से बाहर जाना पड़ा। शिक्षा विभाग की ओर से बीइओ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि 153 विद्यालयों में डेस्क-बेंच की व्यवस्था की जा चुकी है और 22 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालित हो रहे हैं। वहीं, कृषि, स्वास्थ्य और बिजली विभाग ने भी अपनी योजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में बीडीसी सदस्यों ने मानदेय न मिलने का मुद्दा भी उठाया, जिस पर ब्लॉक प्रमुख ने समाधान का आश्वासन दिया। विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक के अंत में सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों के विकास प्रस्ताव प्रस्तुत किए। बैठक का संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेंद्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता रत्नेश तिवारी, कुलदीप सिंह, नवीन सिंह, बजरंग बहादुर, अतुल पांडेय, जितेंद्र जायसवाल, शैलेन्द्र सिंह, सत्य प्रकाश पांडेय, राजमणि मिश्र, ऋषि शुक्ल, ओमकार सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटरकॉलेज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**लालगंज, रायबरेली।** गुरुवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा ।विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि गत वर्ष 2025-26 में हाई स्कूल में कुल 499 व इंटरमीडिएट में कुल 592 विद्यार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया । हाई स्कूल में वंशिका ने 93 प्रतिशत, कृति 91 प्रतिशत, योगिता 90.6 प्रतिशत, अविरल शुक्ला 90.4 प्रतिशत, प्रशांत मिश्रा ने 90 प्रतिशतअंक प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में सचिन यादव ने 89 प्रतिशत, कार्तिकेय साहू 87 प्रतिशत, विद्या सिंह 85.4 प्रतिशत, सोनाक्षी सिंह 85.4 प्रतिशत, पूजा सिंह 85.2 प्रतिशतअंक प्राप्त किया। हाई स्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा वंशिका ने बताया कि वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। इंटरमीडिएट में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र सचिन यादव ने डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने की मंशा ब्यक्त की। सभी विद्यार्थियों को माला पहनाकर व मुह मीठा कराकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने सभी विद्यार्थियों व शिक्षक शिक्षिकाओं को बेहतर परीक्षा परिणाम हेतु बधाई दी।

# 50 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण

### आंगनबाड़ी केंद्रों का सुदृढ़ीकरण सरकार की प्राथमिकता : अदिति सिंह





**रायबरेली।** विधायक सदर अदिति सिंह ने आज विकास खण्ड राही परिसर में विधानसभा सदर के नव निर्मित 50 आंगनबाड़ी केन्द्रों का बटन दबाकर लोकार्पण किया, जिसमें विकास खंड राही के 21 व विकास खंड अमावां के 29 आंगनबाड़ी केंद्र शामिल है। सदर विधायक ने ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इसके पश्चात उन्होंने तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा 3 बच्चों का अन्नप्राशन कराया। साथ ही पांच आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किया। सदर विधायक ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का सुदृढ़ीकरण सरकार की प्राथमिकता में शामिल है जिससे बच्चों व महिलाओं को पोषण स्वास्थ्य प्रारंभिक शिक्षा एक ही छत के नीचे मिल पाएंगी। नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण से गर्भवती धात्री महिलाओं व बच्चों को दी जाने वाली सेवाएं बेहतर होगी जो विकसित भारत बनाने में सहायक होंगे। इस अवसर पर उपायुक्त श्रम व रोजगार प्रमोद कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी राही गौरी राठौर, बाल विकास परियोजना अधिकारी राही, अंमावा सहित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं मुख्य सेविका उपस्थित रही।

## मेले से लौटते समय बोलेरो पलटी साइकिल सवार समेत 13 घायल

**शुकुल बाजार (अमेठी)।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के खारा गांव निवासी एक ही परिवार के 13 लोग, जिनमें छह बच्चे भी शामिल थे, बोलेरो से बाराबंकी जनपद के देवा मेले में गए थे। गुरुवार रात करीब एक बजे सभी लोग मेला देखने के लिए घर से निकले थे। शुक्रवार सुबह लौटते समय बाजार शुकुलझ्ररानीगंज मार्ग पर गयासपुर गांव के पास बोलेरो की साइकिल सवार से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में चालक समेत वाहन में सवार सभी लोग घायल हो गए, जबकि साइकिल सवार भी गंभीर रूप से चोटिल हो गया।

बताया जा रहा है कि बोलेरो चालक चांद बाबू (30) वाहन चला रहे थे। वाहन में उनकी पत्नी शबाना, भाभी नाजमी, शाहबाज सहित परिवार के अन्य सदस्य सवार थे। तीन सगी बहनें हतुन निशा, रेशमा और गुलशन भी साथ में थीं। इसके अलावा परिवार के छह बच्चे भी बोलेरो में मौजूद थे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी बाजार शुकुल भेजा। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चालक चांद बाबू, आयशा (6) तथा साइकिल सवार अमरजीत (40) की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार में साइकिल सवार से टक्कर के बाद वाहन असंतुलित होकर पलट गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। हादसे के बाद परिजनों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### जनगणना में लगे शिक्षकों को दिया जायेउपार्जित अवकाश

**रायबरेली।** ग्रीष्मावकाश में जनगणना में लगाए शिक्षकों को उपार्जित अवकाश स्वीकृत किए जाने हेतु उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, शाखा-रायबरेली का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली से मिला और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि शिक्षक/शिक्षिकाएं वर्तमान में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व जनगणना कार्य में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। जिलामंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि यह कार्य ग्रीष्मावकाश अवधि में कराए जाने के कारण शिक्षकों को अपने निर्धारित अवकाश का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनमें असंतोष व्याप्त है।

## बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, गंगागंज ने रचा सफलता का नया इतिहास



**रायबरेली।** गंगागंज कस्बा स्थित बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने एक बार फिर शैक्षणिक क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता साबित कर दी है। इस वर्ष हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में विद्यालय ने शत-प्रतिशत सफलता दर्ज की है। विद्यार्थियों ने न केवल विद्यालय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया, बल्कि रायबरेली जनपद की मेरिट सूची में भी टॉप-10 में जगह बनाकर संस्थान का गौरव बढ़ाया। हाईस्कूल वर्ग में छात्रा मुस्कान सिंह ने 95.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया तथा जनपद की मेरिट सूची में पांचवां स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्रा आराधना भारती ने 94.80 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान तथा जनपद मेरिट में सातवां स्थान हासिल किया। इंटरमीडिएट वर्ग में छात्रा तृप्ति शुक्ला ने 91.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया और जनपद की मेरिट सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। प्रबंधक आशा किरण सिंह, उप-प्रबंधक अखिलेश चरण सिंह, प्रधानाचार्या सुनीता सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, एम.पी. वर्मा तथा पूर्व वरिष्ठ शिक्षक राधेश्याम सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के बेहतरीन मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग को दिया है। इस शत-प्रतिशत सफलता ने न केवल बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को जनपद में एक नई पहचान दी है, बल्कि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

## नामांकन न बढ़ने पर स्कूलों के पूरे स्टाफ पर होगी कार्रवाई : बीईओ

**अमेठी/भादर।** शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने नोडल संकुल शिक्षकों के साथ बैठक कर स्कूलों की शैक्षिक स्थिति और निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत शासन की ओर से जारी दिशा निदेशों के अनुपालन की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने नवीन शैक्षिक सत्र में नामांकन की प्रगति में सुधार के कड़े निर्देश दिए और कहा कि गत शैक्षिक सत्र से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों के विरुद्ध 30अप्रैल के बाद कार्रवाई सुनिश्चित है, इसलिए एक सप्ताह के भीतर सेवित क्षेत्र में अभिभावकों से सम्पर्क करके आउट आफ स्कूल सभी बच्चों का नामांकन जरूर करें, अन्यथा की स्थिति में विद्यालय का पूरा स्टाफ जिम्मेदार माना जाएगा, केवल प्रधानाध्यापक कार्रवाई की जद में नहीं आयेंगे पूरे स्टाफ पर कार्रवाई होगी। खंड शिक्षा अधिकारी ने बैठक में स्मार्ट क्लास और आई सी टी लैब का संचालन नियमित रूप से करने के निर्देश दिए, बी आर सी के स्टाफ और ए आर पी को स्मार्ट क्लास संचालन में आ रही दिक्कतें दूर करने के निर्देश दिए। बैठक के पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए। स्मार्ट क्लास और एल बी डी लैब का निरीक्षण किया ।एल बी डी इंचार्ज स्नेहा शुक्ला को सप्ताह का वर्क कैलेंडर तैयार कर प्रतिदिन करके सीखने की गतिविधियां आयोजित करने और फोटो/, वीडियो अपलोड करने के निर्देश दिए ।ई सी सी एजूकेटर को तीन वर्ष से छः वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को स्कूल में लाकर बाल वाटिका और कक्षा एक में प्रवेश कराने के निर्देश दिए। बैठक में ब्लाक संसाधन केंद्र से दिनेश कुमार, अनिल यादव, सलिल मिश्र, अनुराग शुक्ल, ए आर पी राजेन्द्र कुमार, सी बी तिवारी चिंतामणि उपाध्याय, नोडल संकुल शिक्षक देवांशु सिंह, इन्द्र पाल गौतम, राघवेन्द्र सिंह, सुमन सिंह, फूल चंद्र बौद्ध, रोहित प्रताप सिंह, अलखकुमार मिश्र, अनिल सोनी, कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम के इं प्र संजीव कुमार , ओमप्रकाश राव आदि मौजूद रहे।

## आग की लपटों में झुलस कर तीन वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार को ऐंधी गांव में चूल्हे की आग से उठी चिंगारी से दो घरों के छप्पर में आग लग गई जिससे दोनों घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। छप्पर के नीचे सो रहा 3 वर्षीय बालक आग की लपटों में बुरी तरह से झुलस गया जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक बालक के सात वर्षीय भाई ने मौके से भाग कर जान बचाई। हादसे के वक्त मां खेतों में काम करने गई थी। मृतक बालक का पिता रोजी-रोटी के लिए दिल्ली की एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता है। घटना की जानकारी होने पर पुलिस-प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। रेशमी पत्नी राम सुमेर सुबह के ग्यारह बजे चूल्हे में खाना पकाकर दोनों बच्चों को खिलाने के बाद खेतों में काम करने चली गई। चूल्हे में आग से उठी चिंगारी से उसके घर के छप्पर में आग लग गई। छप्पर के नीचे उसका तीन वर्षीय पुत्र आदित्य और सात वर्षीय पुत्र आदर्श दोनों सो रहे थे। अचानक छप्पर में उठती आग की लपटों को देखकर बड़ा पुत्र आदर्श अपनी मां को बुलाने खेतों की ओर चला गया। भीषण आग की लपटों के बीच तीन वर्षीय पुत्र आदित्य की झुलसकर दर्दनाक मौत हो गई। रश्मि के छप्पर के बगल में उसकी सास राजवती दूसरे छप्पर के नीचे रहती थी। आग की लपटों के बीच उसका भी छप्पर और गृहस्थी जलकर स्वाहा हो गई। पुत्र की दर्दनाक मौत से रश्मि का रो-रोकर बुरा हाल है। दोनों छप्परों में आग सूचना मिलने पर पुलिस व प्रशासन मौके पर पहुंचा। तहसीलदार शिवम सिंह राठौर ने नुकसान का मुआयना कर जनहानि व प्राकृतिक आपदा के तहत परिजनों को आर्थिक मदद दिलाए जाने का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, घटना की जांच की जा रही है।

मृतक बालक के परिजन गांव से बाहर खेतों में छप्पर डालकर रहते थे। उसमें भी आग लग गई। घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। तीन वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत से गांव में मातम का माहौल है।

# महिलों आशापुर में आग लगने से 15 छप्पर जले, लाखों का नुकसान



**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के महिलों आशापुर गांव में शुक्रवार दोपहर अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने तीन परिवारों के कई छप्परों को जलाकर राख कर दिया। हादसे में अनाज, भूसा, लकड़ी और घरेलू सामान सहित लाखों की संपत्ति नष्ट हो गई। गांव निवासी बहरैची पाल के छह छप्पर आग की चपेट में आ गए। इनमें एक आवासीय छप्पर था, जिसमें रखा घरेलू सामान व कपड़े जलकर राख हो गए, जबकि बाकी गैर-आवासीय छप्परों में रखा चावल, गेहूं और भूसा जल गया। वहीं रघुनाथ शर्मा के छह गैर-आवासीय छप्परों में रखा लगभग 10 कुंतल अनाज और भूसा आग में नष्ट हो गया। इसके अलावा पराग शर्मा के तीन गैर-आवासीय छप्परों में रखा अनाज, भूसा और लकड़ी भी जलकर राख हो गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान देरी से पहुंचने पर दमकल कर्मियों से लोगो की कुछ कहा सुनी भी हुई। आग की चपेट में आने से बहरैची पाल हल्का झुलस भी गए। सूचना पर द्वारिकागंज चौकी प्रभारी अशोक कुमार, पुलिस कर्मियों के साथ और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। हल्का लेखपाल संदीप सिंह ने बताया कि नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, गृहस्थी राख

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र के डींगुरपुर बनके गाँव मे अज्ञात कारणों से लगी आग से एक परिवार की गृहस्थी राख हो गई। ग्रामीणों की कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील को भेज दी है। जानकारी के अनुसार डींगुरपुर बनकेगाँव निवासी पिंटू पुत्र धर्मराज के आवासीय मकान और छप्पर में शुक्रवार शाम छह बजे के करीब अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक पिंटू की सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई। पीड़ित की माने तो आग से करीब सवा लाख रुपये के करीब नुकसान हुआ है।

## अंशिका को 547 अंक तो आर्यन को गणित में शत-प्रतिशत अंक

- मेधावी छात्रों को प्रबंधक ने किया सम्मानित





**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)** गुरुवार को घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम के बाद क्षेत्र के विद्यालयों में उत्साह का माहौल रहा। इसी क्रम में शुक्रवार को अनारकली युग निर्माण इंटरमीडिएट कॉलेज, सरोजपुरम राघवपुर में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने मेधावी विद्यार्थियों को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हाईस्कूल की छात्रा अंशिका पांडेय ने 600 में से 547 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं छात्र आर्यन मिश्रा ने गणित विषय में 100 में 100 अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। इसके अलावा भी कई छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। अंशिका पांडेय ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और विद्यालय के गुरुजनों को देते हुए बताया कि वह आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती हैं। वहीं आर्यन मिश्रा ने कहा कि वह इंटरमीडिएट में गणित विषय लेकर आगे की पढ़ाई करेंगे और आईआईटी या नीट की तैयारी करना उनका लक्ष्य है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक राममूर्ति मिश्रा ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। वहीं रामराजी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा अदिति मिश्रा ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 81.40 प्रतिशत अंक लाकर नाम रोशन किया है। उनके पिता रमेश कुमार मिश्र व माता रेखा मिश्रा ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका रेखा मिश्रा, संतोष मिश्रा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### ग्राम चौपाल में जन समस्याओं पर चर्चा

**नसीराबाद, रायबरेली।** शुक्रवार को छतोह ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों जमालपुर हुरेर्या और बरावां में ग्राम चैपालों का आयोजन किया गया। शासन के निर्देश पर जनता की समस्याओं का समाधान गांव में ही करने के लिए हर शुक्रवार को ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों में चैपालों का आयोजन किया जाता है।

जमालपुर हुरैर्या के पंचायत भवन में ग्राम प्रधान सुभाष चन्द्र की अध्यक्षता में चल रही चैपाल में बीडीओ शिव बहादुर सिंह ने कहा कि शौचालय का उपयोग करने से भारत पोलियो मुक्त हो रहा है। क्योंकि इसके जीवाणु खुले में शौच करने से प्रभावी होते हैं। उन्होंने कहा कि दो लाख से कम आमदनी वाले परिवार की महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जुड़कर स्वरोजगार करना चाहिए। राजेश कुमार ने बताया कि बिजली की समस्या बार बार तार टूटने से बरकरार रहती है।

## एनएसपीएस त्रिपुला में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर हुआ आयोजन




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसमें स्थानीय स्वशासन की महत्ता को प्रभावशाली ढंग से दशार्या गया और संदेश दिया कि सशक्त पंचायतें ही समर्थ भारत की आधारशिला हैं। इस नाट्य प्रस्तुति में अभिनव और सान्वी ने विद्यार्थियों की भूमिका निभाते हुए शिक्षा के महत्त्व पर जोर दिया, अंशुल ने किसान के रूप में ग्रामीण समस्याओं को प्रभावी ढंग से उजागर किया, आदित्य सिंह ने इंजीनियर के रूप में विकास कार्यों की आवश्यकता को रेखांकित किया, आरफा और अदिति ने महिला सदस्यों की भूमिका निभाते हुए पंचायत में महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। इसके अलावा चित्रांश ने दादाजी के रूप में परंपरागत ज्ञान और अनुभव को दशार्या, जबकि अहमद हबीब खान ने सरपंच की भूमिका में पंचायत की कार्यप्रणाली और निर्णय प्रक्रिया को जीवंत कर दिया। विद्यार्थियों के अभिनय, संवाद और अभिव्यक्ति ने ग्रामीण जीवन की वास्तविक झलक प्रस्तुत की और संदेश दिया कि कैसे पंचायत स्तर पर लिए गए निर्णय गांव के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं को प्रभावित करते हैं। कार्यक्रम में छात्रा आराध्या सिंह ने अपने भाषण में पंचायती राज व्यवस्था की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, वर्तमान प्रासंगिकता और लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था भारत के लोकतंत्र की मजबूत नींव है, ग्राम स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया में सहभागिता ही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने कंडौरा गांव में तालाब की जमीन पर बने 8 अवैध मकान गिराये

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडौरा गांव में शुक्रवार को प्रशासन ने तालाब की सरकारी जमीन पर बने अवैध मकानों के खिलाफ बड़ी ध्वस्तीकरण कार्रवाई शुरू कर दी। यह कार्रवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में राजस्व विभाग द्वारा की गई। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल की तैनाती की गई। सूत्रों के अनुसार, कोर्ट के आदेश पर कुल 15 मकानों को गिराने का लक्ष्य था, जिनमें से आज 8 मकानों पर बुलडोजर चला दिया गया। शेष 7 लोगों को जिलाधिकारी के समक्ष अपील करने के बाद फिलहाल राहत मिल गई है। जानकारी के मुताबिक तालाब की जमीन पर बने लगभग 125 मकानों के खिलाफ मुकदमें पहले से चल रहे हैं। राजस्व विभाग ने नाप-जोख के बाद जिन लोगों की जमीन तालाब क्षेत्र में पाई गई, उन्हीं के खिलाफ अवैध अतिक्रमण का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। प्रशासन का कहना है कि तालाब की जमीन सार्वजनिक उपयोग के लिए संरक्षित है और अवैध कब्जे हटाकर उसे उसके मूल स्वरूप में बहाल किया जाएगा। ग्रामीणों में इस कार्रवाई को लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएं देखी गईं, हालांकि पुलिस सुरक्षा के कारण कोई बड़ा विरोध नहीं हुआ।

## सिलेंडर के लिये उपभोक्ताओं को जाना पड़ रहा है 26 किलोमीटर

**अमेठी ।** गैस सिलेंडर की किल्लत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है ।आज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी नेता कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने एडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए अमेठी कस्बे के बंद प्रकाश गैस एजेंसी को फिर से संचालित करने या फिर अमेठी कस्बे में गैस वितरण कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई ।जिस पर एडीएम ने एक सप्ताह के भीतर समस्या के निस्तारण का भरोसा दिया है। दरअसल एक महीना पहले अमेठी के सबसे बड़े गैस एजेंसी संचालक प्रकाश गैस एजेंसी को प्रशासन ने अनियमित तथा के आरोप में बंद करवा दिया ।शुरू में कंपनी द्वारा कस्बे के ककवा रोड स्थित देव मैरिज लान में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर का वितरण किया गया लेकिन भारी भीड़ और अव्यवस्था के चलते गैस वितरण एजेंसी का संचालन संग्रामपुर में कर दिया गया ।अब संग्रामपुर के साथ ही रामगंज में भी गैस की डिलीवरी उपभोक्ताओं को की जा रही है ।संग्रामपुर अमेठी कस्बे से 12 किलोमीटर दूर है जबकि रामगंज 26 किलोमीटर से दूर है ।उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने के लिए संग्रामपुर या फिर रामगंज जाना पड़ रहा है ।जिससे उनका भारी नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही सिलेंडर में मिलने की वजह से छोटे दुकानदार भी सड़क पर आ गए हैं और उनके दुकान पूरी तरह से बंद हो गए हैं। आज व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी नेता कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने यह एसडीएम अर्पित गुप्ता को ज्ञापन सौपते हुए कार्रवाई की मांग की। व्यापारी नेता महेश सोनी ने कहा कि गैस सिलेंडर की कमी के चलते छोटे दुकानदार सड़क पर आ गए हैं और उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

# नामित सभासदों को दिलायी गयी शपथ




**परशदेपुर, रायबरेली।** नगर पंचायत कार्यालय परशदेपुर में शुक्रवार को आयोजित शपथ समारोह में शासन द्वारा नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सभी ने मिलजुलकर नगर के विकास को नई दिशा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सलोन विधायक अशोक कुमार का नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कौशल व उपजिलाधिकारी सलोन चंद्र प्रकाश गौतम व अधिशाषी अधिकारी निमिषा भारद्वाज ने बुके भेंटकर स्वागत किया।

उपजिलाधिकारी ने नामित सभासद संत प्रसाद उपाध्याय, जियाराम पासी व सुधीर कुमार मिश्रा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नामित सभासदों ने नगर के विकास, स्वच्छता, जनसुविधाओं के विस्तार और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। सलोन विधायक अशोक कुमार ने कहा कि सरकार का लक्ष्य सिर्फ योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के नामित सभासद ह्यजनता और सरकारह्य के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करेंगे। सभी जनप्रतिनिधि पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करें तभी विकास होगा। आप सभी को जो जिम्मेदारी मिली है, वह केवल पद नहीं बल्कि जनसेवा का एक अवसर है। प्रदेश सरकार नगर निकायों को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। नगर अध्यक्ष विनोद कौशल ने नामित सभासदों को बधाई देते हुए कहा कि सभी के साथ मिल जुलकर नगर का समग्र विकास कराया जायेगा। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का संचालन मनोज साहू ने किया। इस मौके पर सभासद शम्सी रिजवी, प्रभाकर मिश्रा, संदीप मोदनवाल, मो.मुर्तजा मंडल अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी, राजेंद्र चतुवेर्दी, रंजीत सिंह, कुंवर प्रताप सिंह, बच्चा त्रिवेदी, आशीष पांडेय, अनूप पांडेय, मो. हाशिम, सुरेंद्र चैरसिया, मो. मुर्तजा, बच्चा त्रिवेदी, आशीष पांडेय, अनूप पांडेय, अजय मौर्य, भीम निर्मल सहित नगर के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## भाकियू की महत्वपूर्ण बैठक हुई

**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष नवल सिंह पटेल की अध्यक्षता में नहर कॉलोनी में आयोजित बैठक में युवा जिला उपाध्यक्ष युसूफ तबरेज का जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में किसानों की लंबित समस्याओं पर चर्चा हुई और स्व. महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि सहित कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का ऐलान किया गया।बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णयों में को स्व. महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि नहर कॉलोनी में श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाने का फैसला शामिल है। इसके अलावा, विभिन्न ब्लॉकों में नहरों में पानी छोड़ने और किसान मुद्दों को लेकर घेराव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे भिटौरा ब्लॉक के मिजापुर मिटारी में घेराव।ऐराया ब्लॉक के धूमन कुआं में घेराव। हसवा ब्लॉक के बहरामपुर में घेराव।ऐराया ब्लॉक में घेराव।किसानों की प्रमुख मांगेंबैठक में जिले के किसानों और ग्रामीणों की कई ज्वलंत समस्याओं को उठाया गया।

# विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक बैठक संपन्न

जिला संवाददाता



**देवरिया।** पुलिस लाईन देवरिया के प्रेक्षा गृह में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एस0जे0पी0यू0) की मासिक समीक्षा बैठक माह-अप्रैल आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री ओम प्रकाश तिवारी डिप्टी लिगल डिफेन्स प्रतिनिधि, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का संचालन श्री जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री ओम प्रकाश तिवारी के द्वारा बैठक में सभी बाल कल्याण पुलिस अधिकारी को जे0जे0 एक्ट के अनुरूप कार्य करने एवं विधिक सहायता प्राप्त करने से अवगत कराया गया। बैठक में श्री जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी के द्वारा बताया गया कि जनपद में मानव तस्करी विशेषकर बाल तस्करी को रोकने के लिये शासन द्वारा निर्गत शासनादेश में जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय रिव्यू कमेटी का गठन कराया गया है। उक्त समीति की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता मे 22 अप्रैल, 2026 को संपादित किया गया।

इसके अतिरिक्त जनपद को बाल विवाह मुक्त जनपद बनाये जाने के लिये जिलाधिकारी महोदया के द्वारा भी दिनांक 18.04.2026 को देवरिया तहसील मे समस्त अधिकारियो को बाल विवाह रोकथाम के लिये शपथ एवं प्रतिज्ञा दिलाते हुये आम नागरिक से अपील किया गया कि देवरिया जनपद को बाल विवाह मुक्त जनपद बनाये जाने के लिये समाज के संभ्रान्त और गणमान्य समस्त धर्मगुरू, धार्मिक स्थल, प्रबन्धक विवाह स्थल/कार्यक्रम स्थल आदि सम्बन्धित विभाग/अधिकारी सजग रह कर नियमित निगरानी रखा जाये। बैठक मे श्री विवेकानन्द मिश्र सदस्य बाल कल्याण समीति के द्वारा बाल कल्याण समीति के कार्यो और बाल कल्याण समीति को पुलिस विभाग के सहयोग से सम्बन्धित बातो से अवगत कराया जाये।

बैठक मे श्री दिनेश कुमार श्रम प्रर्वतन अधिकारी के द्वारा श्रम विभाग से सम्बन्धित योजनाओ की जानकारी दिया गया। बैठक मे डा0 संजय गुप्ता नोडल अधिकारी स्वास्थ विभाग के द्वारा उम्र परीक्षण एवं मेडिकल परीक्षण के बारे मे जानकारी दिया गया। श्री रामकृपाल प्रभारी अधीक्षक राजकीय बाल गृह बालक द्वारा बाल गृह मे आवासित बच्चो के बारे मे जानकारी देते हुये बताया गया कि उक्त सभी बच्चे बाल कल्याण समीति के आदेश से संस्था मे आवासित कराये जाते है। बैठक मे श्री सुरेश कुमार वर्मा प्रभारी थाना ए0एच0टी0यू0 के द्वारा विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के कत्वर्य एवं दायित्व के बारे मे अवगत कराते हुये अपील किया गया कि सभी बाल कल्याण पुलिस अधिकारी जे0जे0 एक्ट एवं उसके प्राविधानो के अन्तर्गत कार्य करे और कोई समस्या उत्पन्न होने पर बच्चो के क्षेत्र मे कार्य करने वाले संस्थाओ एवं उच्च अधिकारी से सम्पर्क करे। बैठक में श्रीमति नीतू भारती प्रबन्धक वन स्टाप सेन्टर के द्वारा सेन्टर पर 05 बालिकाओ को 05 दिन का आविसत कराये जाने के बारे मे जानकारी दिया गया तथा थानो के विवेचक से अपेक्षा किया गया कि 05 दिन से अधिक निरूद्ध पीड़िताओ को यथाशीघ्र सेन्टर से मुक्त कराकर नियमानुसार कार्यवाही कराया जाये। बैठक में सुश्री अनुराधा राज के द्वारा चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 के द्वारा जनपद मे उपलब्ध कराये जाने वाले सेवा और सुविधाओ के बारे मे जानकारी दिया गया। बैठक मे मुख्य रूप से श्री अरबिन्द यादव जिला बाल संरक्षण इकाई, श्री सुनील कुमार सिंह आरक्षी, श्री सत्यपाल चौहान मुख्य आरक्षी, श्री आकाश सिंह कुशवाहा आरक्षी, थाना ए0एच0टी0यू0 तथा समस्त थानो पर नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## उद्योग लगाने के लिए मिलेगा 10 लाख तक ऋण

**देवरिया।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी वीरेन्द्र प्रसाद ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना संचालित की जा रही है।उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद देवरिया के लिए 12 इकाइयों के बैंक वित्तपोषण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 30 मई 2026 तक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के ग्रामीण क्षेत्र के व्यक्ति अधिकतम 10 लाख रुपये तक के उत्पादन एवं सेवा आधारित उद्योग स्थापित कर सकते हैं। आवेदन के साथ अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधान द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र (जनसंख्या सहित), प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा कार्यस्थल का नक्शा (चौहद्दी सहित) अपलोड करना होगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि एक जनपद एक उत्पाद (डउ्डढ) योजना के अंतर्गत सजावटी बल्ब निर्माण, झालर, झूमर, मेजपोश, गेट पर्दा सहित अन्य उद्योगों में कार्य करने के इच्छुक अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही आईटीआई, पॉलिटेक्निक तथा अन्य शिक्षित बेरोजगार युवाओं एवं परंपरागत कारीगरों को भी वरीयता मिलेगी उन्होंने बताया कि योजना के तहत सामान्य वर्ग के पुरुष लाभार्थियों को पूंजीगत मद में केवल 4 प्रतिशत ब्याज वहन करना होगा, जबकि शेष ब्याज शासन द्वारा वहन किया जाएगा। वहीं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला, भूतपूर्व सैनिक एवं दिव्यांग लाभार्थियों के लिए इकाई के संचालन की स्थिति में पूरी ब्याज राशि शासन द्वारा वहन की जाएगी

## जिला सैनिक बंधु की बैठक 28 को

**देवरिया।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी देवरिया कर्नल डॉ. सुधाकर त्यागी (अ.प्रा.) ने बताया कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की व्यक्तिगत समस्याओं के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 28 अप्रैल 2026 (मंगलवार) को अपराह्न 1 बजे नवीन सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर, देवरिया में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु लिखित प्रार्थना पत्र, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र की छायाप्रति के साथ 27 अप्रैल तक कार्यालय में तीन प्रतियों में उपलब्ध करा दें।

## अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार के क्रम में सीडीओ ने की वार्ता

**देवरिया।** तहसील बरहज में स्व. विजेंद्र सिंह (अधिवक्ता) के मृत्यु की वजह से अधिवक्ताओं द्वारा किये जा रहे कार्य बहिष्कार के क्रम में आज मुख्य विकास अधिकारी तथा बार एसोसिएशन तहसील बरहज के कार्यकारिणी सदस्यों के मध्य एक वार्ता हुई।कार्यकारिणी द्वारा दी गई प्रस्ताव / मांग पत्र में निम्न बिंदुओं पर वार्ता की गई- परिवार के सदस्यों द्वारा दी गई प्राथमिकी के अनुसार आरोपी व्यक्तियों की गिरफ्तारी तथा घटना स्थल पर उपस्थित लोगो का भी मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज हो तथा घटना की न्यायिक जाँच हो। पीड़ित परिवार को 5 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए,परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, परिवार के सदस्यों को स्थायी सुरक्षा दी जाए।संघ के अध्यक्ष को तत्काल 2 सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराया जाए।हल्का लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व सचिव को निलंबित किया जाए।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने अधिवक्ताओं की मांगों को गंभीरता से सुना तथा उक्त मांगों पर उचित माध्यम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया, साथ ही साथ वादकारियो के हित को ध्यान में रखते हुए अधिवक्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्य बहिष्कार को खत्म करने पर जोर दिया। अधिवक्ताओं द्वारा कहा हुआ कि संतोषजनक कार्यवाही न होने तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

# बोर्ड परीक्षा में केश्वर इंटर कालेज के मेधावियों ने लहराया परचम

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में लिंह सन बुद्धिस्ट इंटरमीडिएट कालेज, बुद्ध मार्ग कुशीनगर के मेधावियों ने अपनी सफलता का परचम लहराया। विद्यालय के प्रबंधक दिनेश कुमार वर्मा और प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

बोर्ड की इंटरमीडिएट विज्ञान विषय की परीक्षा में समीक्षा सिंह 81.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की।

इसी क्रम में निक्की सिंह 81% अंक पाकर द्वितीय और आंखना शर्मा ने 80% अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्रकार टापर रहीं। इसी क्रम में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय की टॉपर रहीं।




तो दीपक सिंह 91.83 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय और सुजाता गुप्ता 91.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं।

विद्यालय के प्रबंधक श्री वर्मा, प्रधानाचार्य श्री ने बोर्ड परीक्षा के टॉपरों को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बोर्ड परीक्षा में सफल बच्चो को शिक्षक गण ने बधाई दी है।

# स्कूली वाहनों पर सख्ती सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता

फतेहपुर। कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने पिछली बैठक के निदेर्शों की समीक्षा की और सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। बैठक में स्कूली वाहनों की सुरक्षा, प्रवर्तन कार्रवाई और जागरूकता कार्यक्रमों पर विशेष जोर दिया गया।प्रमुख निर्देश और निर्णयजिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए स्कूली वाहनों की सुरक्षाः जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्कूली वाहन चालकों का 100% नेत्र परीक्षण कराने और प्रमाण-पत्र लेने का आदेश। बिना फिटनेस के कोई वाहन संचालित न हो।प्रवर्तन कार्रवाईः आरटीओ और पुलिस को संवेदनशीलता से सख्त प्रवर्तन करने के निर्देश। गंभीर दुर्घटना में लापरवाही वाले चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करें, दुर्घटना रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराएं।जागरूकता अभियान आरटीओ को समाजसेवियों, फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स स्कूल स्टाफ, ढाबा, टोल, पेट्रोल पंप कर्मी को शामिल कर प्रशिक्षण और प्रचार-प्रसार करने को कहा।

जागरूकता कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए एनएचआई को कानपुर-प्रयागराज मार्ग पर फतेहपुर प्रवेश द्वार पर बड़ा साइनेज लगाने के निर्देश। पीडब्ल्यूडी को हाईवे संपर्क मार्गो पर स्पीड ब्रेकर, टेबल टॉप, साइनेज लगाने को कहा।अन्य उपायः जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट टीम की नियमित पेट्रोलिंग, रंबल स्ट्रिप्स, स्पीड ब्रेकर, व्हाइट पट्टी पेंटिंग का कार्य सुनिश्चित करें। हेलमेट, सीट बेल्ट अनिवार्यता का प्रचार।स्कूल जागरूकता पर फोकसजिलाधिकारी ने पुलिस जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट टीम की पेट्रोलिंग सशक्त करने और सुझावों पर अमल करने को कहा। विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्लब और यान परिवहन समिति की नियमित बैठकें कर छात्र-छात्राओं को जागरूक करने पर बल दिया।

## मानव एकता दिवस, निरंकारी भक्तों ने 70 यूनिट किया रक्तदान



**बांदा।** मानव एकता दिवस के अवसर पर संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में सत्संग समाप्ति के बाद एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। रक्तदान शिविर में राज्यमंत्री रामकेश निषाद, अपर जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित रहे। निरंकारी सेवादल एवं श्रद्धालु भक्तों ने 70 यूनिट रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक टीम के चिकित्सक एवं उनकी टीम ने रक्तदाताओं की समुचित स्वास्थ्य जांच के उपरांत सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से रक्तदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई। संपूर्ण आयोजन के दौरान स्वच्छता, सतर्कता एवं सेवा-भाव का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यह पहल केवल जीवनदायिनी सेवा तक सीमित न रहकर मानवता, करुणा और उत्तरदायित्व के उच्चतम आदर्श का प्रतीक बनकर उभरी। जब हृदय में करुणा, प्रेम और एकत्व की दिव्य चेतना जागृत होती है, तब मानव अपने सीमित स्वार्थों से ऊपर उठकर सम्पूर्ण सृष्टि के कल्याण का सशक्त माध्यम बन जाता है। परोपकार, करुणा और परमार्थ जैसे अलौकिक मूल्यों से प्रकाशमान यह पावन अवसर उस दिव्य अनुभूति का प्रतीक बना, जहां मानव को मानव हो प्यारा, एक-दूजे का बने सहारा का संदेश केवल शब्दों तक सीमित न रहकर हृदयों में जीवंत हुआ। मानव एकता दिवस 24 अप्रैल को, बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में, सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज, निरंकारी राजपिता के सान्निध्य में दिल्ली के ग्राउंड नं. 8 में आयोजित हुआ।

## लू से बचाव को लेकर श्रमिकों को सतर्क रहने की अपील

**देवरिया।** सहायक श्रम आयुक्त स्कन्द कुमार ने बताया कि प्रदेश में इन दिनों लू (हीट वेव) का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे आम जनमानस के साथ-साथ धूप में कार्य करने वाले श्रमिक वर्ग के प्रभावित होने की आशंका है।उन्होंने कारखानों, ईंट-भट्ठों पर कार्यरत मजदूरों, दिहाड़ी श्रमिकों, डिलीवरी बॉय सहित धूप में कार्य करने वाले सभी श्रमिकों से अपील की है कि वे लू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें। उन्होंने कहा कि श्रमिक अपने शरीर को पूरी तरह ढककर रखें तथा काम पर जाते समय गमछा, टोपी, हल्के कपड़े, चश्मा और जूते का प्रयोग अवश्य करें।साथ ही अपने पास पानी की बोतल व नींबू रखें तथा समय-समय पर शीतल जल, नींबू पानी, शिकंजी एवं नारियल पानी का सेवन करते रहें। कार्य स्थल पर काम करते समय सिर पर गमछा बांधकर रखें।उन्होंने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों एवं बीमार व्यक्तियों को दोपहर के समय धूप में बाहर न निकलने की सलाह दी है। कहा कि दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक तेज धूप में बाहर निकलने से बचें। इसके अलावा अत्यधिक प्रोटीन युक्त एवं बासी भोजन के सेवन से भी परहेज करें।

सहायक श्रम आयुक्त ने सेवायोजकों से भी अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में लू से बचाव के लिए उचित प्रबंध सुनिश्चित करें। श्रमिकों के लिए शीतल जल, ओआरएस घोल एवं छाया की व्यवस्था उपलब्ध कराएं तथा कार्य के समय में आवश्यक परिवर्तन करें।उन्होंने कहा कि यदि किसी श्रमिक को चक्कर आना, उल्टी, तेज बुखार, कमजोरी या बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दें, तो उसे तत्काल नजदीकी चिकित्सालय में उपचार के लिए भेजा जाए।

# 76 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू

जिला संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि जनपद की 76 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक / एकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए विस्तृत समय-सारिणी जारी कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि पंचायत सहायकों के माध्यम से ग्राम सचिवालयों का संचालन सुचारु रूप से किया जा रहा है, जहां जन सेवा केंद्रों के जरिए ग्रामीणों को आय, जाति, निवास सहित करीब 280 प्रकार की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं ग्राम पंचायत विकास योजना की ऑनलाइन फीडिंग में भी पंचायत सहायकों की अहम भूमिका है। जिलाधिकारी ने बताया कि कुछ स्थानों पर पंचायत सहायकों के त्यागपत्र देने अथवा अनुपस्थित रहने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा था। ऐसे में रिक्त पदों को भरने के लिए चयन प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे ग्राम सचिवालयों की कार्यप्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी।जारी कार्यक्रम के अनुसार 05 मई तक आवेदन पत्र ग्राम पंचायत, विकास खंड कार्यालय एवं जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में जमा किए जा सकेंगे। 06 से 11 मई तक प्राप्त आवेदन संबंधित ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके बाद 12 से 19 मई के बीच मेरिट सूची तैयार कर प्रशासनिक समिति से अनुमोदन कराया जाएगा और विकास खंड व जिला स्तरीय समिति को भेजा जाएगा। 20 से 26 मई तक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण किया जाएगा। अंत में 27 से 29 मई तक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे।

**● 12 से 19 मई के बीच मेरिट सूची तैयार कर प्रशासनिक समिति से अनुमोदन कराया जाएगा**

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र भरकर व्यक्तिगत रूप से या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से संबंधित कार्यालयों में जमा कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों एवं सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) को निर्देश दिए हैं कि चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाए।

## मुन्ना कॉलोनी में जलजमाव


**कुशीनगर।** नगर पालिका परिषद पडरौना के अंतर्गत मुन्ना कॉलोनी (तिलक नगर) के करीब 35-40 परिवार आज ऐसे हालात में जीने को मजबूर हैं, जिसे सुनकर किसी भी संवेदनशील व्यक्ति का दिल दहल जाए। साफ-सफाई और जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित यह कॉलोनी इन दिनों बदबू, सड़न और जलभराव की त्रासदी झेल रही है।

स्थानीय निवासी एवं अधिवक्ता प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा नगर पालिका को दिए गए पत्र में कहा गया है कि कॉलोनी में नाली व्यवस्था पूरी तरह ठप है। नतीजतन, गंदा पानी खाली जमीन में जमा होकर करीब 3 फीट तक भर गया है। हालात यह हैं कि इस सड़े हुए पानी से उठ रही दुर्गन्ध ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है, वहीं मच्छरों और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि जलभराव के चलते करीब 10 मकान गिरने के कगार पर पहुंच चुके हैं।

## बोर्ड परीक्षा में मेधावियों का सम्मान छात्रों ने लहराया परचम

**फतेहपुर।** चौधरी शिव सहाय सिंह इंटर कॉलेज, जयरामपुर खागा में यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालेछात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में मेधावियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में प्रबंधक नरेश सिंह व प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यालय में विशेष कक्षाएं संचालित की गईं, जिससे छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन मिला और परिणाम उत्कृष्ट रहा। हाईस्कूल में संजय कुमार ने 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में 8वां स्थान हासिल किया। वहीं अनन्त गौतम 94.16% मनीष कुमार प्रजापति 93.16% और आराधना देवी 92.66%,विभा सिंह 91.33%, सुचित कुमार प्रजापति 91.16% लक्ष्मी देवी 90.16%, दिब्यांशू मौर्या 90% सुशील कुमार 88.83%दीप सिंह 88.50%,आरसी सेन, 88.33%राधिका देवी 88.16% अंक प्राप्त कर प्रमुख रहे। इंटरमीडिएट में दीक्षा ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लक्ष्मी देवी 85.8% व सत्यम 85.8% यश कुमार 84.4%तन्मय विश्वकर्मा 84%,मो. अमन 84% उदय सिंह 82.2% अभय कुमार 82% दीपक सिंह 81.8% प्रतीक सिंह 81.4%श्रेया सिंह 81.4% सादिया बानों 80.2%ने बेहतर प्रदर्शन किया। इस मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इन सभी विद्यार्थियों की *इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षक ध्यान सिंह और गोवर्धन सिंह की रही। कार्यक्रम का संचालन विद्वान शिक्षक सुनील कुमार ने किया।

## कालेज में सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्रों को मिष्ठान खिलाकर दी शुभकामनाएं



**भटनी(देवरिया)।** जनता इण्टरमीडिएट कालेज पुरैनी परसिया मे कक्षा 10व कक्षा 12के बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाकर मिष्ठान खिलाकर प्रबन्धक ने शुभकामना।बोर्ड परीक्षा के कक्षा 10वी के छात्र आदर्श मिश्र91%कुमारी प्रिया प्रजापति 90पाकर दुसरा स्थान प्राप्त किया वही कक्षा-12की छात्रा कुमारी कविता 62अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया ।10वी व 12वी के शानदार प्रदर्शन करने वालो छात्रो को मिष्ठान खिलाकर व माल्यार्पण कर कालेज के प्रधानाचार्य रामबली राम ने सम्मानित किया।

# सदर तहसील में डीएम का औचक निरीक्षण



जिला संवाददाता

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने तहसील कार्यालय सदर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नायबतहसीलदार कोर्ट, तहसीलदार न्यायिक कोर्ट और अन्य पटलों का जायजा लिया तथा कार्यप्रणाली में सुधार के लिए कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रजिस्टरों की अनियमितता पर नाराजगी जाहिर करते हुए लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया।

प्रमुख निर्देशजिलाधिकारी ने तहसील की कार्य कुशलता बढ़ाने के लिए निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिलायाःरजिस्टरों का नियमित परीक्षणः सभी नायब तहसीलदार अपने क्षेत्रीय रजिस्टर स्वयं नियमित जांचें। अद्यतन न होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी।पेशकारों की ट्रेनिंगः तहसील में तैनात सभी पेशकारों को तत्काल प्रशिक्षण कराएं, ताकि सेवा वितरण सुगम हो।

लंबित वादों का निस्तारणः धारा-67 के पुराने वादों सहित सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाएं। एक माह में निस्तारण सुनिश्चित करें।तहसील निरीक्षणः एसडीएम को नियमित रूप से सभी पटलों का मुआयना करने और मत्स्य पट्टों की प्रगति पर नजर रखने को कहा। अगले माह नए पट्टों के आवेदन प्रक्रिया तेज करें।निरीक्षण का विवरणनिरीक्षण के दौरानजिलाधिकारी ने नायब तहसीलदारों के रजिस्टर परखे और अद्यतन न होने पर नाराजगी व्यक्त की। एसडीएम से दो माह पूर्व निरीक्षण की जानकारी पर नियमितता पर बल दिया। तहसीलदार न्यायिक कोर्ट में विभिन्न फाइलें जांचकर तत्काल निस्तारण का आदेश दिया।उपस्थित अधिकारीइस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व डॉअविनाश त्रिपाठी एसडीएम सदर अनामिकाश्रीवास्तव,तहसीलदार सदर अमरेश कुमार, नायब तहसीलदार सहित तहसील स्टाफ मौजूद रहा। इन निदेर्शों से तहसील कार्य में गति आएगी।

# पौधरोपण बना फोटो इवेंट, जमीन पर नहीं दिख रहे पेड़, जिम्मेदार कौन




कुशीनगर। जनपद में वन विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। कागजों में लाखों पौधे रोपे जाने और हरियाली बढ़ाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। जंगल सिकुड़ रहे हैं, पौधरोपण योजनाएं दम तोड़ रही हैं और जिम्मेदार अधिकारी धृतराष्ट्र बने बैठे है।

### पौधरोपण बना सिर्फ कागजी खेल

गौरतलब है कि हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर पौधरोपण अभियान चलाया जाता है, लेकिन अधिकांश पौधे या तो लगाए ही नहीं जाते या फिर विभाग की लापरवाही के कारण कुछ ही दिनों में सूख जाते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गड्ढे खोदकर फोटो खिंचवा ली जाती है और बाद में सब कुछ भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। नतीजतन न निगरानी, न रखरखाव, बस फाइलों में हरे-भरे जंगल उगाए जा रहे हैं।

### अवैध कटान पर लगाम नहीं

कहना ना होगा कि वन विभाग की सबसे बड़ी नाकामी अवैध कटान रोकने में दिख रही है। रात के अंधेरे में लकड़ी माफिया सक्रिय हैं और कीमती पेड़ों की कटाई धड़ल्ले से हो रही है। कई बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होना विभाग की मिलीभगत या लापरवाही की ओर इशारा करता है।

### नाम में जंगल जमीन पर सन्नाटा

जिले में जंगल बेलवा, जंगल खिरकिया, जंगल जगदीशपुर, जंगल कुरमौल, जंगल बनवीरपुर, जंगल चौरिया, जंगल धर्मपुर,जंगल हनुमानगंज, जंगल अमवा, जंगल शाहपुर, जंगल नाहर छपरा जैसे दर्जनों गांव आज भी अपने नाम में ह्लजंगलह्व ढो रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि इन इलाकों में अब जंगल का नामोनिशान तक नहीं बचा। सवाल यह उठता है जब यहां जंगल ही नहीं, तो ये नाम किस इतिहास की गवाही दे रहे हैं?

### नाम क्यों पड़े जंगल

स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि कभी ये पूरे इलाके घने पेड़ों और प्राकृतिक जंगलों से आच्छादित थे।अंग्रेजी शासन और उससे पहले भी यह क्षेत्र हरित पट्टी के रूप में जाना जाता था। धीरे-धीरे आबादी बढ़ी, खेती फैली और जंगल कटते चले गएबची-खुची जमीन पर भी कब्जे और लापरवाही ने अंतिम चोट कर दी। जंगल की जमीन पर कब्जे का खेल भी तेजी से बढ़ रहा है।

## एसडीएम ने पेट्रोल पंप का निरीक्षण कर दिए निर्देश



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तवर के निर्देश पर उपजिलाधिकारी कसया डॉ संतराज सिंह बघेल ने एक पेट्रोल पंप का निरीक्षण/ सत्यापन किया और आवश्यक निर्देश दिए। शुक्रवार को अपराह्न 1:25 बजे नायरा यमुना फिलिंग स्टेशन कसया कुशीनगर पेट्रोल पंप का निरीक्षण/ सत्यापन किया। मौके पर जांच के समय प्रोपराइटर/ प्रबंधक मौके पर मौजूद थे। पेट्रोल पंप संचालक ने बताया कि डीजल का स्टॉक 8085 लीटर है, जब की पेट्रोल का स्टॉक 1223 लीटर है। पेट्रोल पंप के मैनेजर ने बताया कि 10 हजार लीटर का इंडेक्ट दिनांक 23 अप्रैल 2026 को कंपनी में लगाया गया है। पेट्रोल 10 हजार लीटर कंपनी से आ रहा है जो बस्ती जिले तक पहुंच गया है 2 घंटे में पेट्रोल पंप पर आ जाएगा और वितरण पेट्रोल का भी शुरू हो जाएगा। एसडीएम ने उपभोक्ताओं से वार्ता की और कहा कि पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। प्रत्येक पंप पर पेट्रोल और डीजल की सप्लाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही चेताया कि तेल के जमाखोरों और ब्लैक करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अर्थव्यवस्था की रैंकिंग

मिडिल ईस्ट युद्ध का असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ने लगा है। गैस संकट के कारण चाय-समोसे से लेकर खाने-पीने की तमाम चीजों के दाम पहले ही बढ़ गये थे। लेकिन अब देश की अर्थव्यवस्था पर डाउनग्रेड का खतरा मंडराने लगा है। भारत के लिए यह चिंताजनक है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की अप्रैल, 2026 की रिपोर्ट के मुताबिक, अब भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं है, बल्कि वह लुढक कर छठवें स्थान पर आ गई है। जापान 4.38 ट्रिलियन डॉलर के साथ चौथी और ब्रिटेन 4.26 ट्रिलियन डॉलर के साथ 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत की जीडीपी 4.15-4.17 ट्रिलियन डॉलर आंकी गई है। यह गिरावट डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा रूपये के अवमूल्यन के कारण है। करीब 95 रुपये की कीमत एक डॉलर के बराबर तक पहुंच गई है। अलबत्ता हमारी अर्थव्यवस्था आज भी विश्व में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है और जीडीपी की विकास-दर भी 6.5-7 फीसदी के बीच है। विकास-दर विश्व की तमाम बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक है। ईरान युद्ध और उसके बाद तमाम अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास-दर बरकरार रही है। यदि रुपये की स्थिति में सुधार होता है, तो हम 2027 में 5वें स्थान पर लौट सकते हैं, लेकिन 2030 से पहले हम चौथा स्थान दोबारा हासिल शायद ही कर पायें। हालांकि कुछ वैश्विक रेटिंग एजेंसियों और विशेषज्ञों के आकलन हैं कि यदि डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत मजबूत होती है, तो भारत 2031 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। यही प्रधानमंत्री मोदी का दावा भी है कि भारत बहुत जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने




वाला है, लेकिन भारत आज भी दो स्तरों पर पिछड़ा हुआ है। एक, भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में अब भी काफी पीछे है, लेकिन दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश में शेष 1 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी बढ़ाना कोई टेढ़ी खीर नहीं है। दूसरे, भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बजाय छठे स्थान तक खिसक गया है। हमारे पीछे फ्रांस भी चुनौती पेश कर रहा है। बहरहाल भारतीय रिजर्व बैंक का भी मानना है चूंकि अब आयातित वस्तुएं-कच्चा तेल, गैस, इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रो केमिकल उत्पाद आदि-महंगी पड़ेंगी, नतीजतन देश में महंगाई बढ़ सकती है। हालांकि मुद्रास्फीति 4.6 फीसदी, राजकोषीय घाटा 4-5 फीसदी का अनुमान लगाया जा रहा है। भारत पर कर्ज जीडीपी का करीब 55.6 फीसदी है। बहरहाल अर्थव्यवस्था में गिरावट के प्रभाव कई किस्म के होंगे। विदेशी और बड़े निवेशकों की धारणा पर अल्पकालिक असर जरूर होगा, लिहाजा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में अस्थिरता आ सकती है। अर्थव्यवस्था के 5 ट्रिलियन डॉलर के दावों पर सवाल उठ सकते हैं और घरेलू स्तर पर धारणा में नकारात्मक बदलाव देखा जा सकता है। भारत ईरान के होर्मुज के रास्ते करीब 90 फीसदी एलपीजी, 40 फीसदी कच्चा तेल और 50 फीसदी एलएनजी आयात करता है। इनके दाम पहले ही बढ़े हुए हैं, लेकिन अब हमारी अर्थव्यवस्था में गिरावट से भारत का आयात बिल काफी बढ़ जाएगा। उसका देश पर असर स्पष्ट दिखाई देगा। एक और चर्चा सामने आई है कि रूस, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कुछ अन्य खाड़ी देश अब डॉलर के बजाय चीन की मुद्रा-युआन-में तेल और गैस के कारोबार करना चाहते हैं। उन्होंने अमरीका के वर्चस्व को नकारना शुरू कर दिया है। 1974 में जो समझौता किसिंजर ने कराया था, उसके बाद सभी अरब देश डॉलर में तेल-गैस का व्यापार कर रहे थे, लेकिन ईरान युद्ध ने अमरीका के प्रति उनका मोहभंग कर दिया है। दरअसल अमरीका वर्चस्व टूटना तो ठीक है लेकिन इसके बदले चीन का बढ़ना भी हमारे लिए अच्छा नहीं है। इसलिए भारत को अपनी प्रगति और तेज करनी होगी।

विचार

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

–महावीर स्वामी.

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

–टॉलस्टॉय.

# भारतीयों पर ट्रंप की टिप्पणी अमर्यादित


लोकमित्र

पल में तोला, पल में माशा' स्वाभाव वाले अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक ही सांस में भारत को महान देश भी बताते हैं और प्रधानमंत्री मोदी को अपना सबसे अच्छा दोस्त भी कहते हैं। लेकिन उसी सांस में यह कहते भी नहीं झिझकते कि भारत और चीन अमरीका के लिए 'नर्क का द्वार' हैं। गौरतलब है कि 23 अप्रैल 2026 को राष्ट्रपति ट्रंप ने कट्टरपंथी अमरीकी लेखक और रेडियो होस्ट माइकल सैवेज की उस पोस्ट को शेयर किया, जिसमें सैवेज ने भारत और चीन को 'हेल होल' (नर्क का द्वार) बताया है। माइकल सैवेज ने अपनी लंबी चौड़ी पोस्ट जो कि एक वीडियो है, को 1 अप्रैल 2026 को यू-ट्यूब में चैनल पर लाइव स्ट्रीम किया था। ट्रंप ने इस वीडियो में कही गई बातों को चार पन्नों की चिट्ठी के रूप में ट्रूथ सोशल मीडिया में पोस्ट किया है, जिसमें मूलतः यह लिखा गया है कि जन्म के आधार पर अमरीका में बच्चों को जो नागरिकता मिलती है, उसका भारत और चीन फायदा उठाते हैं और गर्भावस्था के समय में अमरीका में आकर बच्चों को जन्म देते हैं ताकि उन्हें तुरंत नागरिकता मिल जाए। इस तरह से देखा जाए तो एक कट्टरपंथी लेखक के बहाने अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और चीन पर यह तंज कसा है कि इन देशों के प्रवासी चालाकी से अपने बच्चों को पैदा करके यहां स्थायी नागरिकता हासिल कर लेते हैं।

अपनी राजनीति चमकाने के लिए या कुर्सी में मजबूती से बने रहने के लिए भावनात्मक मुद्दे उभारकर ट्रंप अमरीकियों का भला नहीं कर रहे बल्कि उन्हें एक ऐसे दलदल में फंसा रहे हैं, जिसके कारण आज पूरी दुनिया अमरीका की ताकत को शक की निगाहों से देखने लगी है।

ट्रंप की यह पोस्ट जितनी फूहड़ है, मंशा उससे भी ज्यादा काली है। यह अपने किस्म का नस्लवाद है, जो बिना किसी तर्क को जाने-समझे सिर्फ भावनाएं भड़काने का काम कर रही है। गौरतलब है कि अमरीका में अनडॉक्यूमेंटेड जितने लोग हैं, उनमें से अकेले 40 से 45 फीसदी मैक्सिको के हैं और अगर सारे लैटिन अमरीकी अवैध प्रवासियों को जोड़ लें तो अमरीका में इस समय जो करीब एक करोड़ दस लाख के आसपास गैरकानूनी अप्रवासी हैं, उनमें 70 से 80 लाख अकेले लैटिन अमरीका के ही हैं। भारत के सभी तरह के गैरकानूनी अप्रवासी अमरीकी रिकॉर्ड के मुताबिक ही सिर्फ 6 से 7 लाख हैं और वो बिना कोई लाभ हासिल किए हर तरह के टैक्स देते हैं, बात यह भी नहीं है। अगर गहराई से देखा जाए तो जो अमरीका कुछ मुट्ठीभर प्रवासियों के चलते भारत को अपमानित करने की



कोशिश कर रहा है, वही भारतीय आज की तारीख में अमरीका की आर्थिक रीढ़ की हड्डी हैं। सिलिकॉन वैली से लेकर वॉलस्ट्रीट तक ये भारतीय ही हैं, जो आधुनिक टेक इंडस्ट्री को नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं। सुंदर पिचाई और सत्या नडेला भी भारतीय ही हैं, जिनका दिमाग अमरीकी टेक्नोलॉजी की दिशा तय कर रहा है। अगर अमरीकी नागरिकों की आय, शिक्षा और टैक्स के योगदान में भारतीयों को देखें हम शीर्ष पर हैं। ऐसे में भारत को नर्क का द्वार कहना न केवल भाषा के घटियापने की बल्कि उससे ज्यादा सोच के विकृत होने का सबूत नहीं तो और क्या है? हाल के एक सर्वे के मुताबिक अमरीका में बसे भारतीय मूल के लोग सबसे ज्यादा साइंस, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कार्यरत हैं और हाई स्किल या टेक्नोलॉजी में अमरीका की अगुवाई कर रहे हैं। यही नहीं भारतीय औसतन सबसे ज्यादा इन्कम ग्रुप में भी हैं। अगर समग्रता में देखें तो आज अमरीका इनोवेशन, पेटेंट्स, एआई और स्टार्टअप्स में दुनिया का सिरमौर बना हुआ है, तो इसकी वजह भारतीय ही हैं। क्योंकि भारतीय इन सभी क्षेत्रों में शीर्ष पर हैं।

## भारतीयों का योगदान भी देख लें डोनॉल्ड ट्रंप

अमरीका में पहली पीढ़ी के प्रवासी यहां की कुल आबादी के लगभग 13 से 14 प्रतिशत हैं और आज उनका अमरीका के कुल जीडीपी में योगदान 15 से 17 फीसदी तक है। गौर से देखा जाए तो प्रवासी अमरीका का खाते नहीं बल्कि उसे खिलाते हैं यानी उनकी आर्थिक भागीदारी, उनकी जनंसख्या हिस्सेदारी से भी ज्यादा है। अमरीका हर साल प्रवासियों से 500 से 600 अरब डॉलर टैक्स वसूलता है। इसमें फेडरल इंकम टैक्स, स्टेट टैक्स, सेल्स टैक्स और पे-रोल टैक्स शामिल हैं। मजे की बात ये है कि इनमें जिन प्रवासियों को गैरकानूनी माना जाता है यानी अनडॉक्यूमेंटेड, उनका भी हर साल अमरीका के टैक्स कलेक्शन में 90 से 100 अरब डॉलर का योगदान होता है और प्रवासियों से वसूले गये इस समूचे टैक्स में भारतीयों की हिस्सेदारी लगभग 19 से 20 फीसदी होती है। जबकि कुल प्रवासी आबादी में उनकी संख्या 12 से 13 फीसदी ही है। इस तरह देखा जाए तो भारतीय प्रवासी अमरीका में रहकर अमरीका को बेहतर बनाने में ही योगदान दे रहे हैं। कहीं से उस पर बोझ नहीं है। आज कुल अमरीकी वर्कफोर्स में 17 से 18 फीसदी हिस्सा प्रवासियों का है और कुल प्रोडक्शन में उनकी भूमिका 32 से 34 फीसदी तक है।

टेक जॉब्स में तो 20 प्रतिशत से ज्यादा विदेशों में पैदा हुए प्रवासी ही हैं। अगर आज ये सब अचानक हट जाएं, तो अमरीका की अर्थव्यवस्था एक झटके में पटरी से उतर जायेगी। क्योंकि अमरीका में जो फॉर्च्यून 500 कंपनियां हैं, उनमें से 40 फीसदी कंपनियां प्रवासियों की हैं और इनमें बड़ा हिस्सा भारतीयों का है। इसलिए अमरीकी राष्ट्रपति और उनके प्रभाव में जो कट्टरपंथी प्रवासियों के विरूद्ध हल्ला बोल रहे हैं, वह बिना किसी तर्क के सिर्फ नस्लवादी उन्माद से ज्यादा कुछ नहीं है। अमरीका में प्रवासी यहां पैदा हुए अमरीकियों से बिजनेस शुरू करने में कई गुना आगे होते हैं। आज अमरीका ही नहीं दुनिया की तीन सबसे बड़ी कंपनियां, गूगल, टेस्ला और इंटेल, इन तीनों की स्थापना प्रवासियों ने की है। अमरीका में हर साल जितने पेटेंट्स दाखिल होते हैं, उनमें करीब 30 फीसदी पेटेंट इन प्रवासियों द्वारा दाखिल किये जाते हैं। सिलिकॉन वैली जैसी जगहें जो आधुनिक अमरीका की लैंडमार्क समझी जाती हैं, वह प्रवासियों और खासकर भारतीय प्रवासियों की वजह से ही जगमगा रही हैं।

इसलिए देखा जाए तो अमरीकी राष्ट्रपति बात-बात में जिस तरीके से 'अमरीका अमरीकियों के लिए' कहकर यहां स्थानीय लोगों को भड़काते हैं, वह इस सुपर पावर और महान देश के मूल सोच से बिल्कुल अलग हैं। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने चुनाव के दौरान भी इस पर जोर दिया था कि तीसरी दुनिया के देशों के लोग अमरीका को 'बर्थ टूरिज्म' का अड्डा बना लिया है और इसे रोकने के लिए वो अमरीकी संविधान के 14वें संशोधन को खत्म करेंगे, जिसके मुताबिक अमरीका में पैदा हुआ हर बच्चा अमरीका का जन्मजात नागरिक होता है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप और तमाम दूसरे कट्टरपंथियों ने इस मसले को बेहद सरलीकरण कर दिया है। उन्हें लगता है कि कोई अवैध प्रवासी अपनी गर्भवती बीवी के साथ अमरीका में प्रवेश करता है और बच्चा पैदा होते ही वो वैध प्रवासी बन जाते हैं, ऐसा नहीं होता।

कोई भी अमरीका में पैदा हुआ, 21 साल की उम्र के पहले तक अपने मां-बाप के लिए सिटिजनशिप ऑफर नहीं कर सकता, तो महज जन्म होते ही कोई बच्चा अपने अवैध मां-बाप को वैध नागरिक बना दे, यह संभव नहीं है। हां, अगर 21 साल तक विभिन्न अमरीकी एजेंसियां इन अवैध प्रवासियों को ढूंढ़कर इन्हें इनके देशों में डिपोर्ट नहीं कर देती, तो अलग बात है। सवाल है 21 सालों तक कहीं छुपे रहकर बने रहना आसान है क्या? सच तो ये है कि ये अमरीकी प्रशासन के भ्रष्टाचार की वजह से ही वहां बने रहते हैं। अमरीका में कुल आबादी का करीब 1 फीसदी अवैध प्रवासियों का है और यह आज से नहीं पिछले एक दशक से स्थिर अनुमान है। इसलिए महज अपनी राजनीति चमकाने के लिए या कुर्सी में मजबूती से बने रहने के लिए भावनात्मक मुद्दे उभारकर ट्रंप अमरीकियों का भला नहीं कर रहे बल्कि उन्हें एक ऐसे दलदल में फंसा रहे हैं, जिसके कारण आज पूरी दुनिया अमरीका की ताकत को शक की निगाहों से देखने लगी है।

सोशल मीडिया



माननीय केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के साथ आज लखनऊ में आयोजित क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन (उत्तर क्षेत्र) के शुभारम्भ कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ।

योगी आदित्यनाथ, सीएम.

# रचनात्मक विचार

रचनात्मकता जीवन में आनन्द का रस घोल देती है। कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी, काम भी बुरी बात नहीं है। बुरा केवल काम का दुरुपयोग है। दुरुपयोग करने से तो अमृत भी विष बन सकता है।

अंतर्दृष्टि

# सियासत में महिलाओं की बढ़ती भूमिका


विमर्श • वीना गौतम

भारत की चुनावी राजनीति में चाहे वो लोकसभा के चुनाव हों या विधानसभाओं के, महिलाएं एक खामोश क्रांति बनकर उभरी हैं। यह क्रांति नारों या भाषणों में ही नहीं बल्कि मतदान केंद्रों पर कतार में खड़ी उन महिलाओं के द्वारा हुई है या हुई मानी जा रही है, जो अब केवल परिवार के साथ वोट देने वाली भर नहीं हैं बल्कि चुनाव का परिणाम तय करने वाली निर्णायक ताकत बन चुकी हैं। कभी हाशिये पर रहीं महिलाएं आज हर राजनीतिक दल की रणनीति के केंद्र में हैं। चाहे मुफ्त योजनाओं का वायदा हो, चाहे सम्मान की राजनीति हो, चाहे सत्ता में हिस्सेदारी का सवाल हो। हर जगह महिलाओं को हालिया कुछ सालों में सर्वाधिक तरजीह दी गई है, जिससे साफ पता चलता है कि आज जाति, धर्म से आगे जाकर महिलाएं अपने आपमें एक ताकतवर राजनीतिक वर्ग बनकर उभरी हैं। पिछले कुछ सालों में महिलाओं को विधानसभा चुनावों से लेकर लोकसभा चुनावों तक में जिस तरह से साधा गया है, उस कारण सभी राजनीतिक पार्टियां आज महिलाओं को साधने की होड़ में लगी हैं और संसद में जब भी महिलाओं से संबंधित कोई मुद्दा आता है, हर राजनीतिक दल यह दिखाने या साबित करने की कोशिश में रहता है कि वह महिलाओं का असली शुभचिंतक है।



हाल में जिस तरह से यह पता होने के बावजूद कि संशोधित महिला आरक्षण विधेयक गिर जायेगा, इसके बाद भी सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा पूरी गर्मजोशी से न केवल संसद में संशोधित महिला आरक्षण विधेयक फिर से पेश किया ताकि 2034 की बजाय 2029 से ही उन्हें विधानसभा और लोकसभा चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण दे दिया जाए। जबकि इसके पहले 2023 में पारित महिला आरक्षण विधेयक जो कि संसद में कानून बन चुका था, उसके मुताबिक महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में आरक्षण 2025 में होने वाली जनगणना के बाद दिया जायेगा। लेकिन जो जनगणना 2025 में शुरू होनी थी, वह अब जाकर शुरू हुई है और इस जनगणना के बाद होने वाली परिसीमन प्रक्रिया के बाद बढ़ी हुई लोकसभा सीटों के तहत महिलाओं को जो आरक्षण दिया जाना है, वह 2029 के लोकसभा चुनाव के समय तक संभव नहीं है। इसलिए यह माना जा रहा था कि 2034 के लोकसभा चुनाव में ही 33 फीसदी महिला आरक्षण व्यवहारिक रूप से लागू होगा। लेकिन महिलाओं के प्रति अपने आपको सबसे शुभचिंतक राजनीतिक पार्टी होने का श्रेय लेने के कारण भाजपा ने इसे पहले से तय प्रक्रिया के उलट 2029 में ही महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के लिए पिछले दिनों 17 से 19 अप्रैल 2026 के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाया, जो कि अंततः संख्याबल पूरा न होने के कारण प्रस्तावित संशोधन विधेयक सदन में गिर गया। लेकिन इस बात की तो पुरजोर पुष्टि हो ही गई है कि महिलाएं चुनावी राजनीति में सबसे प्रभावशाली वर्ग बनकर उभरी हैं। साल 1950 से 60 के दशक में महिलाओं की राजनीति में भागीदारी सीमित थी। जबकि आज कई राज्यों में महिला मतदान प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा रहता है। साल 2024 तक महिलाएं वोटर बेस के रूप में 50 फीसदी के करीब पहुंच चुकी हैं।

शायद यही कारण है कि महिलाओं की मजबूत होती राजनीतिक चेतना को देखते हुए आज कोई भी राजनीतिक दल उन्हें अनदेखी करने की सोच नहीं सकता। इसका सबूत है कि पिछले 10-12 सालों में रेवड़ी राजनीति के केंद्र में ज्यादातर महिलाएं ही रही हैं। चाहे मुफ्त गैस की 'उज्जवला' जैसी योजना रही हो, चाहे राज्यों द्वारा अपने-अपने ढंग से महिलाओं को दी गई 'सम्मान निधि' की योजनाएं रही हों, चाहे दिल्ली और कर्नाटक जैसे राज्यों में महिलाओं को प्रदान की गई 'मुफ्त बस यात्रा' योजना हो या फिर मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की 'लाडली बहना' और 'लाड़की' तथा 'लक्ष्मीबाई' जैसी योजनाओं को महिलाओं के कल्याण वाली योजनाएं रही हों, इन सभी योजनाओं का लक्ष्य एक ही महिला वोटों को लुभाना और उन्हें अपना निष्ठावान वोट बैंक बनाना।

आज महिलाओं को लेकर उन्हें लुभाने की राजनीति एक अकेली भाजपा नहीं कर रही बल्कि लगभग-लगभग सभी राजनीतिक पार्टियां कर रही हैं। चाहे वह दिल्ली में लंबे समय तक सत्ता में रही आम आदमी पार्टी रही हो, चाहे पश्चिम बंगाल में काबिज तृणमूल कांग्रेस हो, सभी की रणनीति, महिला उम्मीदवारों को लुभाना और अपना वोट बैंक बढ़ाना रही है। इसके लिए सभी राजनीतिक पार्टियां महिलाओं पर फोकस अलग-अलग तरह की योजनाओं के जरिये किया है और सभी ने हर सार्वजनिक मंच में महिला मुद्दों पर आक्रामक राजनीति भी की है। यह अलग बात है कि किसी भी राजनीतिक पार्टी ने अभी तक चुनावों में महिलाओं को 50 फीसदी सीटें चुनाव लड़ने के लिए नहीं दी। लेकिन महिलाओं के वोटर बेस के 50 फीसदी होने के कारण हर राजनीतिक पार्टी प्रतिस्पर्धी महिला राजनीति कर रही है। सवाल है क्या महिलाएं वास्तव में देश की राजनीतिक धूरी बनकर उभरी हैं या फिर उनका वोट हासिल करने के लिए ही विभिन्न राजनीतिक पार्टियां ऐसा माहौल बना रही हैं? इसमें कोई दो राय नहीं है कि पंचायतों में आरक्षण के बाद लाखों महिला नेता पैदा हुई हैं। यह महिला राजनीतिक शक्ति का उदय ही है कि आज राजनीति में 14.5 लाख से ज्यादा निर्वाचित महिला प्रतिनिधि हैं। लेकिन इस दिखने वाली ताकत की एक सीमा भी है, क्योंकि आज भी लोकसभा में सिर्फ 14 फीसदी महिलाएं ही हैं। जबकि हम जानते हैं कि देश की राजनीति को निर्णायक ताकत और दिशा संसद से ही मिलती है और भारत की संसद में महिलाओं की मौजूदगी दुनिया के कई देशों के मुकाबले बहुत कम है।

भारत वैश्विक रैंकिंग में (महिला राजनीति) काफी पीछे है। इसका मतलब ये है कि महिलाएं वोटर के रूप में तो सर्वाधिक ताकतवर वर्ग के रूप में उभरी हैं, लेकिन उनका लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व अभी भी कमजोर है। विशेषकर लोकसभा के चुनाव में जिस तरह महिलाओं की संख्या 13-14 फीसदी के आसपास ही पिछले 75-76 सालों में बनी हुई है, उसे देखकर साफ लगता है कि हकीकत कुछ ओर है और बताने की कुछ और कोशिश हो रही है। बहरहाल अब जबकि महिला वोट बैंक में निर्णायक बढ़ोत्तरी हुई है, तो देर सवेर महिलाओं का प्रतिनिधित्व भी बढ़ेगा। इसमें कोई दो राय नहीं है और इसी प्रतिनिधित्व का श्रेय लेने के लिए आज हर राजनीतिक पार्टी सबसे आगे खड़ी नजर आना चाहती है।

### 1952 से 2024 तक लोकसभा में जीतकर पहुंची महिला सांसद

| संसदीय आम चुनाव का वर्ष | निर्वाचित महिला संसद सदस्य |
|---|---|
| 1952 | 22 |
| 1957 | 27 |
| 1962 | 31 |
| 1967 | 29 |
| 1971 | 28 |
| 1977 | 19 |
| 1980 | 28 |
| 1984 | 44 |
| 1989 | 28 |
| 1991 | 37 |
| 1996 | 40 |
| 1998 | 43 |
| 1999 | 49 |
| 2004 | 45 |
| 2009 | 58 |
| 2014 | 62 |
| 2019 | 78 |
| 2024 | 74 |

## आप की बात

### नियोजित विकास

शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते है और न ही विकास प्राधिकरण।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

### प्रगति के लिए ऊर्जा जरूरी

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। आज जिस तरह ऊर्जा संसाधनों पर कब्जा के लिए अमरीका दुनिया पर युद्ध थोप रहा है और ऊर्जा आपूर्ति में बाधाएं उत्पन्न कर रहा है, उससे स्पष्ट है कि जो देश ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर नहीं होंगे उनको भविष्य में अनेक तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

**शिवशंकर अवस्थी, लखनऊ.**

संक्षेप

## युवती से मारपीट, परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज

**बांदा।** नरैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 20 वर्षीय युवती की बीच सड़क पर पिटाई का मामला अब कानूनी कार्रवाई तक पहुंच गया है। पहले सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर चर्चा में आए इस प्रकरण में अब युवती की तहरीर पर पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने उसकी मां, भाई और पिता सहित तीन लोगों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इससे पहले इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें युवती को उसके ही परिजन बीच सड़क पर घेरकर बेरहमी से पीटते नजर आ रहे थे। आरोप है कि युवती एक युवक के साथ जाने की जिद कर रही थी, जिसका परिवार विरोध कर रहा था। इसी विवाद के चलते परिजनों ने आपा खो दिया और सार्वजनिक रूप से मारपीट की। घटना में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा में भर्ती कराया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवती लगातार अपनी बात पर अड़ी रही, लेकिन परिजन उसकी एक नहीं सुन रहे थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामदिनेश तिवारी ने बताया पिता रमेश, मां सुखरानिया भाई भगवानदीन, रामसुफल के खिलाफ गाली गलौज का मामला पंजीकृत किया है।

## एक साल बाद भी नहीं मिली वृद्धा को पेंशन

**ललितपुर।** जिले के ग्राम सिमरधा निवासी एक वृद्ध व्यक्ति ने अपनी वृद्धा पेंशन दिलाए जाने को लेकर जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। सिमरधा निवासी जाहर सिंह पुत्र आसाराम जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा और प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने एक वर्ष पहले वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन किया था, लेकिन अब तक उसे पेंशन का लाभ नहीं मिल पाया है। पीड़ित का कहना है कि जब वह संबंधित विभाग में जानकारी लेने जाता है, तो वहां के कर्मचारी उसे आश्वासन देकर वापस लौटा देते हैं कि पेंशन जल्द ही आ जाएगी। लगातार चक्कर लगाने के बावजूद कोई समाधान न मिलने से परेशान होकर वृद्ध ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शीघ्र पेंशन दिलाने की मांग की है।

## बेटी के मंडप में घुसकर दबंगों ने जमकर बरपाया कहर

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत मंडी रोड पर एक वैवाहिक समारोह के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कुछ दबंगों ने मंडप में घुसकर मेहमानों और परिजनों पर जानलेवा हमला कर दिया। ईंट-पत्थरों से किए गए इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीडिता बेटीबाई पत्नी स्व. रामसहाय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 अप्रैल 2026 की रात लगभग 8.30 बजे उनकी बेटी सीमा का वैवाहिक समारोह चल रहा था। तभी अचानक राजू पुत्र जूजू मंडप में घुस आया और उपस्थित लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब रिश्तेदारों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो राजू के बुलाने पर उसके परिवार के अन्य सदस्य राजकुमार, देवेन्द्र, राजकुमारी, भूरी और श्रीबाई वहां पहुंच गए। आरोप है कि इन लोगों ने ईंट-पत्थरों से मेहमानों पर हमला कर दिया।

इस हिंसक हमले में दामाद दुर्जनपुरा निवासी सुमरन, गौना निवासी भाभी सूरज बाई और ग्राम बढ़ई का कुआ निवासी नाती श्रीराम सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ललितपुर में भर्ती कराया गया है। पीडिता का आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे पूरा परिवार दहशत में है। तहरीर के आधार पर महरौनी पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

## एआई समिट विरोध प्रदर्शन

ललितपुर। दिल्ली में 20 फरवरी को आयोजित एआई समिट के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

इस आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने के आरोप में ललितपुर निवासी रितिक शुक्ला उर्फ मोंटी शुक्ला जो युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हैं को दिल्ली पुलिस ने 21 फरवरी को उनके आवास से गिरफ्तार किया था।

इस पूरे प्रकरण के बाद 22 अप्रैल 2026 को राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में आंदोलन के बाद गिरफ्तार किए गए सभी युवा नेताओं से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने युवाओं से संवाद करते हुए उनके अनुभव सुने और आगे की रणनीति को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया।

# ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों के अपूर्ण कार्यों को जल्द पूरा करें: डीएम

जिला संवाददाता




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निपुण भारत के अंतर्गत जनपद स्तरीय टास्क फोर्स तथा ऑपरेशन कायाकल्प की बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिये कि विद्यालयों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा शिक्षकों की उपस्थिति एवं पठन-पाठन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को आयेजित बैइक में बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों में नामांकित प्रत्येक छात्र-छात्रा को निर्धारित दक्षताओं तक पहुंचाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक ब्लॉक के विद्यालयों में उपलब्ध कंप्यूटरों की संख्या तथा जिन विद्यालयों में कंप्यूटर उपलब्ध नहीं हैं, उनकी अलग-अलग सूची शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही, कितने विद्यालयों में चेस (शतरंज) की व्यवस्था की गई है तथा कितने विद्यालयों में यह उपलब्ध नहीं है, उसकी भी विस्तृत सूची प्रस्तुत की जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक स्कूल में बालिका छात्राओं के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था करें साथ ही उसमें पानी की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बेसिक शिक्षा विभाग सहित जिन विभागों के इंडिकेटर अद्यतन नहीं है, तत्काल उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता करना न बरतें। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी कोई कमी पाई जाती है तो उस कमी को प्राथमिकता के आधार पर दूर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारीयों को निर्देशित किया कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत जिन स्कूलों में निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण नहीं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर विद्यालयों का निरीक्षण कर अपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही, अभिभावकों एवं स्थानीय समुदाय की सहभागिता बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के निर्धारित मानकों स्वच्छ पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, रैंप, खेल सामग्री, पुस्तकालय एवं अन्य सुविधाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई और अधिकारियों को शेष कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी एवं खंड शिक्षा शिक्षा अधिकारी मौजूद थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने मारी गोली, मौत

बांदा। तिंदवारी थाना क्षेत्र के बहिंगा गांव में बीते दिवस एक युवक ने खुद को गोली मार ली। 22 वर्षीय अनिल यादव उर्फ छोटा की शादी 12 मई को चित्रकूट जिले के मकरीपहरा गांव में तय थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी, लेकिन इस घटना से खुशियां मातम में बदल गईं। परिजनों का कहना है कि बीते दिवस शाम करीब पांच बजे वह घर से निकला और गांव से कुछ दूरी पर आबादी मार्ग के किनारे स्थित महुवा के पेड़ के पास पहुंचा। वहां उसने अपने पास मौजूद अवैध 12 बोर की बंदूक से खुद को सिर में गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े और उसे खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा। सूचना मिलते ही स्वजन मौके पर पहुंचे और बिना देर किए उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज ले जाया गया, वहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे कानपुर के हैलेट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

स्वजन उसे एंबुलेंस से कानपुर ले जा रहे थे, लेकिन फतेहपुर के पास रास्ते में ही रात करीब आठ बजे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि अनिल तीन भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटा था। घटना के समय उसके पिता जागेश्वर यादव घर पर नहीं थे। जानवर चराने के लिए बाहर गए हुए थे। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मां विद्या का रो-रोकर बुरा हाल है। तिंदवारी थाना प्रभारी संदीप कुमार पटेल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्मघाती प्रतीत हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि चर्चा यह भी सामने आ रही है कि युवक की शादी लव मैरिज हो रही थी। वह शराब पीने का आदी भी था। पुलिस लड़की पक्ष से भी बातचीत कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि कहीं शादी को लेकर कोई विवाद या इन्कार तो नहीं हुआ था, जिसके चलते युवक ने यह कदम उठाया। घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल उस बंदूक को लेकर खड़ा हो गया है, जिससे युवक ने खुद को गोली मारी। ग्रामीणों और पुलिस के अनुसार, बंदूक लाइसेंसी नहीं थी। क्षेत्र में अवैध हथियारों की मौजूदगी और उन पर नियंत्रण को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि यदि अवैध हथियारों के खिलाफ समय रहते सख्त कार्रवाई की जाती, तो इस तरह की घटना को रोका जा सकता था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बंदूक कहां से आई, किसकी थी और घटना के पीछे की वास्तविक वजह क्या रही।

# हाई स्कूल में जिले में पांचवा स्थान प्राप्त कर मुनीर अंसारी ने नगीना का नाम रोशन किया



**नगीना, बिजनौर।** घोषित हुए बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में एम0एम0 इंटर कॉलेज नगीना का परिणाम बहुत शानदार रहा है। .विद्यालय में इस वर्ष हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 में 533 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए जिसमें 467 छात्र/छात्राएं उत्तीर्ण हुए। हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 का रिजल्ट 87.61 प्रतिशत रहा। हाई स्कूल के छात्र मुनीर अहमद अंसारी पुत्र नसीम अहमद अंसारी निवासी काजी सराय नगीना ने 92.33 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम एवं जिले में पांचवा स्थान प्राप्त किया। मौ0 जरीफ पुत्र जमीर अहमद ने 80.50 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा अनमोल कुमार पुत्र संदीप ने 76.66 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि छात्राओं में इशिका रानी पुत्री अशोक कुमार ने 83.16 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि जिया पुत्री लीलपत रवि ने 82.33 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं अंशु रानी पुत्री सुनील कुमार ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 में एम0एम कॉलेज में 598 छात्र/छात्राएं सम्मिलित हुए जिसमें 537 छात्र/छात्राएं उत्तीर्ण हुए, इस प्रकार इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 का रिजल्ट 90 प्रतिशत रहा। टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 में छात्रों में कार्तिक पुत्र लेखराज सिंह ने 78.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि मौ0 अशहद पुत्र लईक अहमद ने 74.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा मौ0 समीर पुत्र मौ0 सलीम ने 73.60 अंक प्राप्त कर तृतीय अंक प्राप्त किया जबकि छात्राओं में अफजा परवीन पुत्री खालिद अली ने 80.40 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि कुमारी आयशा शम्सी पुत्री मौ0 इमरान ने 79.40 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा मंताशा पुत्री हसनैन अहमद ने 78.8 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया .विद्यालय के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर एवं कालेज प्रबंधक पुत्र चेयरमैन संघ के जिाध्यक्ष शाहनवाज खलील एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सभी छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# आयुक्त ने किसानों से गेहूं खरीदने का दिया निर्देश



**बांदा।** आयुक्त अजीत कुमार ने मंडल में संचालित गेहूं खरीद व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा बैठक की। संभागीय खाद्य नियंत्रक, उपायुक्त एवं उप निबंधक, सहकारिता, समस्त अपर जिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गेहूँ खरीद कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता, अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**● अनुपस्थित एफसीआई मंडल प्रबंधक से मांगा जवाब**

बैठक में आयुक्त ने निर्देशित किया कि सभी कृषकों से गेहूं की खरीद सुनिश्चित की जाए। किसी भी किसान को केवल फार्मर रजिस्ट्री के अभाव में वापस न किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को सुविधा प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी गेहूं क्रय केन्द्र समय से खोले जाएं। केंद्र प्रभारी स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर क्रय कार्य सुनिश्चित करें। किसानों के लिए पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था सहित आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। डीएम व एडीएम अपने-अपने जनपदों के क्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अनुश्रवण सुनिश्चित करें। सम्भागीय खाद्य नियंत्रक एवं उपायुक्त सहकारिता को निर्देशित किया गया कि वे स्वयं भी क्रय केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें। कमियों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित कराएं।

बैठक में मंडलीय प्रबन्धक एफ0सी0आई0 के अनुपस्थित रहने पर आयुक्त ने उनसे स्पष्टीकरण तलब किया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कार्यक्रम आयोजित, योजनाओं की दी जानकारी

जिला संवाददाता




**बिजनौर।** सचिव/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर नैन्सी धुन्ना ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एंव उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश संजय कुमार सप्तम के मार्गदर्शन में गुरुवार को बैराज रोड़ स्थित वीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर नैन्सी धुन्ना द्वारा व संचालन स्वेता शर्मा द्वारा किया गया। सचिव द्वारा शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को नालसा द्वारा संचालित स्कीम जैसे डान यूनिट, आशा, जागृति, संवाद, साथी योजनायें, दहेज प्रतिषेध कानून, घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005, लैंगिग अपराधों से संरक्षण, कार्यस्थल पर यौन शोषण, गर्भका चिकित्सीय समापन अधिनियम, 1971, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 12 के अन्तर्गत महिलाओं अधिकार एवं पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के बारे में जानकारी दी गयी। मातृत्व लाभ अधिनियम व सरकार के द्वारा चलायी जा रही कन्या सुमंगलम योजना, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, बाल योजनाओं आदि विषयों पर जागरूक किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मई 2026 के बारे में बताया गया कि पक्षकार अपने वाद को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते है। लोक अदालत की प्रक्रिया सकते अत्यन्त सरल व सुगम है जिसमें आप समस्त प्रकार के शमनींय आपराधिक मामले, चैक बाउन्स से सम्बन्धित धारा 138 एन0आई0एक्ट, बैक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, बिजली-जल के बिल से सम्बन्धित समनीय दण्ड वाद, राजस्व वाद, सिविल वाद, आरबिट्रेशन से सम्बन्धित वाद, प्री-लिटिगेशन वैवाहिक वादों को कानूनी जटिलता से परे सरलता के साथ निपटा सकते है। अतैव वादकारीगण उपरोक्त दिनांक, समय व स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर, उपरोक्त रिति से अपने-अपने वाद का निस्तारण करा, लोक अदालत का लाभ उठाये। उक्त शिविर में वीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डायरेक्टर डॉ0 अमित कुमार बंसल, डीन मनोज कुशवाहा, डीन डॉ0 लोकेश कुमार, छात्र छात्रायें व कर्मचारी जिला विधिक सेवा प्राधिरकण, बिजनौर उपस्थित रहे।

# कुल्हाड़ी से हमले में युवक की मौत, तीन टीमें आरोपियों की तलाश में जुटीं

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते हुए हमले में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन कर दबिश शुरू कर दी है। बीती 23 अप्रैल 2026 की शाम करीब 7 बजे विजयपुर बगिया में 19 वर्षीय आशीष कुशवाहा पर उसके ही गांव के केहर कुशवाहा तथा उसके पुत्र रितेन्द्र व महेन्द्र ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में आशीष के सिर पर गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही थाना पूराकला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के पिता मुकेश कुशवाहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है, जो संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। क्षेत्राधिकारी तालबेहट ने बताया कि घटना के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है और किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

# फील्ड ट्रेनरों ने जनगणना-2027 के कार्य में नियुक्त सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण




**बिजनौर।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण के कार्य कराये जाने के लिये नियुक्त किये गये दूसरे बैच के सुपरवाइजरो, प्रगणकों को फील्ड ट्रेनर मोहित एंव मौहम्मद इजहार नूरानी द्वारा दूसरे दिन का प्रशिक्षण दिया गया।

नगर पंचायत सहसपुर के सभागार कक्ष में शुक्रवार को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला प्रभारी जनगणना बिजनौर जे0पी0 यादव के द्वारा उपस्थित प्रणकों एंव सुपरवाइजरों को विस्तार से जानकारी दी गई। तथा नियुक्त कर्मचारियों से प्रशिक्षण से सम्बन्धित प्रश्न भी पूछे गये जिसका प्रगणको एंव सुपरवाइजरों के द्वारा सही सही उत्तर दिया गया जिसपर जे0पी0 यादव ने प्रसन्ता व्यक्त की तथा जनगणना-2027 के प्रथम चरण के कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किये जाने की आशा व्यक्त की तथा प्रशिक्षण में भाग ले रहे सभी लोगों का धन्यवाद दिया। इसके बाद जिला प्रभारी जनगणना बिजनौर जे0पी0 यादव द्वारा मौहल्ला हकीमपुरा वार्ड-10, 11 एंव मौहल्ला मौलवियान वार्ड-13 के ब्लाकों का स्थलीय सत्यापन सहायक अधिकारी जनगणना/प्रधान लिपिक नगर पंचायत सहसपुर सलमान अली को साथ लेकर किया गया जो पूर्ण तरह सही पाया गया।

# विद्यालय प्रशासन मेधावियों की शिक्षा में हर संभव करेगा सहयोग: सुरेन्द्र




**ललितपुर।** राजकीय इण्टर कॉलेज के मेधावी छात्र प्रिंस कुशवाहा ने इण्टरमीडिएट उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा-2026 में जनपद स्तरीय मेरिट सूची में नौवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार एवं समस्त शिक्षकों ने प्रिंस कुशवाहा को फूल-मालाओं से लादकर स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान शिक्षकों ने छात्र को मिठाई खिलाकर उसकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी। भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर प्रिंस कुशवाहा ने बताया कि वह स्नातक शिक्षा पूर्ण करने के बाद बैंक अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। इस पर विद्यालय के शिक्षकों ने उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार ने छात्र को सील्ड प्रदान कर उसका उत्साहवर्धन किया और आश्वासन दिया कि विद्यालय प्रशासन उसकी आगे की शिक्षा में हर संभव सहयोग करेगा। इस अवसर पर प्रवक्ता अमित शुक्ला, अरुण बाबू शर्मा, सहायक अध्यापक कमलेश कुमार, श्रीकांत खरे, महेश कुमार सरौनिया, मुकेश, वृजेन्द्र कुमार निगम, प्रियंका शिवहरे सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

**● मेधावी छात्र का जीआईसी में हुआ भव्य सम्मान**

# नसीमुद्दीन के आगमन से सपा को मिली ताकत, बदले समीकरण



जिला संवाददाता

**बांदा।** जनपद की सियासत में सपा का दामन थामने के बाद पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के यहां आगमन के बाद राजनीतिक समीकरण में बदलाव माना जा रहा है। लंबे समय बाद ऐसा नजारा देखने को मिला, जब एक नेता के स्वागत ने पूरे जिले को सपाइयों को उत्साह, भावनाओं और राजनीतिक संदेशों से भर दिया। यह दौरा सिर्फ एक नेता के स्वागत तक सीमित नहीं रहा यह सपा के लिए एक बड़ा संदेश बन गया है कि जमीनी पकड़ और भावनात्मक जुड़ाव अब भी उसकी सबसे बड़ी ताकत है।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी जैसे ही अपने गृह जनपद बांदा पहुंचे, पार्टी कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया कि यह सिर्फ एक आगमन नहीं, बल्कि सियासी शक्ति प्रदर्शन बन गया। तिंदवारी सीमा में प्रवेश करते ही स्वागत का सिलसिला शुरू हो गया। सड़कों पर कार्यकर्ताओं की भीड़, फूल-मालाओं की बारिश, गूंजते नारे हर दृश्य यह बता रहा था कि यह दौरा खास है।

जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए और पूरे रास्ते को एक राजनीतिक उत्सव में बदल दिया। इस दौरान पार्टी के कई बड़े चेहरे मौजूद रहे। राष्ट्रीय महासचिव विशंभर निषाद, जिलाध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा, राष्ट्रीय सचिव हसनुद्दीन सिद्दीकी, प्रांतीय कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह गौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष इमरान अली राजू, मुमताज अली, किरन वर्मा, ओमनारायन त्रिपाठी विदित, पूर्व चेयरमैन मोहन साहू, प्रमोद गुप्ता राजा, उमेश यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपने नेता का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरे का सबसे भावुक और चर्चित पल तब सामने आया, जब नसीमुद्दीन सिद्दीकी और उनके छोटे भाई हसनुद्दीन सिद्दीकी आमने-सामने आए। अलग-अलग राजनीतिक राहों के कारण दोनों के बीच दूरियां थीं, लेकिन इस मुलाकात में दोनों भाई गले मिलते नजर आए। नसीमुद्दीन का काफिला चिल्ला, सादी मदनपुर, पपरेंदा, अतरहट समेत कई गांवों से गुजरा, जहां हर जगह लोगों ने बढ़-चढ़कर स्वागत किया। यह दौरा धीरे-धीरे एक जनसमर्थन रैली में बदलता नजर आया, जिसने सियासी हलकों में नई चचाओं को जन्म दे दिया। तीन दिवसीय प्रवास के दौरान नसीमुद्दीन सिद्दीकी पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और कार्यकताओं से संवाद करेंगे।

माना जा रहा है कि यह दौरा आगामी चुनावों की रणनीति तय करने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिहाज से बेहद अहम है।

# प्रगणक व पर्यवेक्षकों को दी गई सर्वेक्षण प्रक्रिया और डेटा संकलन की विस्तृत जानकारी



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार को जनगणना- 2027 के अंतर्गत प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पी.एन. स्कूल कोतवाली के सामने आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा जनगणना कार्य की प्रक्रिया, डेटा संकलन की विधि, घर-घर सर्वेक्षण की तकनीक तथा आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया कि वह जनगणना कार्य को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आधार पर विभिन्न योजनाएं बनाई जाती हैं। इसलिए सभी कार्मिक पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ कार्य करें, ताकि सटीक आंकड़े प्राप्त हो सकें और योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। कार्यक्रम में चार्ज अधिकारी/अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, डिप्टी डायरेक्टर जनगणना झांसी मंडल मनोज मौर्य, जिला जनगणना प्रभारी प्रत्युष, जनगणना प्रभारी/कर निर्धारण अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, जनगणना लिपिक हबीब खान, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अग्निकांड से कई परिवार हताहत जीवनयापन का संकट



**बांदा।** तहसील अतर्रा क्षेत्र में गुरुवार और शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए अग्निकांड की घटनाओं से कई परिवारों का घर-गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया, जिससे पीड़ितों के सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है। शुक्रवार सुबह अतर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम महुटा में गुलजारीलाल साहू पुत्र गोरेलाल साहू के घर में विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। कच्चे खपरैल के मकान में लगी इस आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया और घर का सारा सामान, मोटरसाइकिल, गेहूं, सरसों आदि जलकर राख हो गए। पीड़ित परिवार के सामने खाने तक की समस्या खड़ी हो गई है।

शुक्रवार को दोपहर अनथुआ गांव में भी बिजली की शॉर्ट सर्किट के कारण शिव मूर्ति यादव पुत्र प्रभु यादव के मकान में आग लग गई। चिंगारी से भड़की आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और घर का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। इसी तरह गुरुवार को ग्राम पंचायत रीगा में अज्ञात कारणों से राममिलन पुत्र लल्लू कुशवाहा के घर में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि उनका मकान और टीन छप्परयुक्त घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। आग की सूचना पर ग्रामीणों ने अतर्रा फायर स्टेशन को जानकारी दी, जिसके बाद दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस आग की चपेट में पास ही स्थित राजबहादुर पुत्र गया प्रसाद कुशवाहा का मकान भी आ गया, जिससे उनके घर में रखा धन, भूसा, गेहूं, सरसों आदि पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया।

लगातार हो रही इन अग्निकांड की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़ित किसानों और ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता एवं राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि वे दोबारा अपने जीवन को पटरी पर ला सकें। लगातार बढ़ती गर्मी और विद्युत शॉर्ट सर्किट की घटनाओं को देखते हुए ग्रामीणों ने बिजली विभाग से भी उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

संक्षेप

## सैमसंग ने भारत में लॉन्च किये बीस्पोक एआई विंडफ्री एसी

नयी दिल्ली। सैमसंग ने भारत में अपनी नई बीस्पोक एआई विंडफ्री इंवर्टर स्प्लिट एसी रेंज लॉन्च की है। इस नई सीरीज में 23 मॉडल शामिल हैं, जिनकी शुरूआती कीमत 32,940 रुपए रखी गई है। कंपनी ने इसे बढ़ते तापमान और ऊर्जा दक्षता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पेश किया है। यह एसी एआई एनर्जी मोड के जरिए 30% तक बिजली बचाने की सुविधा देते हैं। नई रेंज में एआई फास्ट और कंफर्ट कूलिंग तकनीक दी गई है, जो कमरे की स्थिति और उपयोग के पैटर्न का विश्लेषण कर तेजी से कूलिंग शुरू करती है। इससे कमरे का तापमान तेजी से कम हो जाता है और तुरंत राहत मिलती है। तापमान कम होने के बाद, जब कमरे का टेम्परेचर मनचाहे स्तर पर आ जाता है, तो सिस्टम विंडफ्री /ड्राई कंफर्ट मोड पर चला जाता है ताकि आरामदायक कूलिंग बनी रहे।

## पोको ने पेश की पोको सी81 सीरीज

बेंगलुरू। पोको ने आज पोको सी81 सीरीज को लॉन्च करने की घोषणा की है। इस सीरीज में पोको सी81 और पोको सी81एक्स शामिल हैं। भरोसेमंद प्रदर्शन, बड़ा शानदार डिस्प्ले और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी प्रदान करने के लिए बनाई गई, यह नई सीरीज उपयोगकर्ताओं की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करेगी। पोको सी81 सीरीज में बड़ी और आकर्षक स्क्रीन दी गई है, जो आपके रोज के देखने के अनुभव को और मजेदार बनाती है। पोको सी81 में 6.9 इंच की एचडी+ स्क्रीन है।

## येज्दी और बीएसए की दो नयी मोटरसाइकिलें लॉन्च

नयी दिल्ली। पहली बार एक साथ आए येज्दी और बीएसए, भारत के नए दौर के राइडर के लिए दो दमदार स्क्रैम्बलर लेकर आए हैं। ये राइडर ऐसी मोटरसाइकिल्स की चाहत रखते हैं, जो शहर की सड़कों पर सहज हो, कच्चे रास्तों पर भरोसेमंद हो और हाईवे पर भी बेफिक्र चल सके। अपनी मूल स्क्रैम्बलर पहचान को बरकरार रखते हुए दोनों ब्रांड प्रीमियम बाइकिंग सेगमेंट के दोनों सिरों को कवर कर रहे हैं। येज्दी स्क्रैम्बलर 350 और बीएसए स्क्रैम्बलर 650 में दमदार इंजन के साथ रफ-एंड-रियल डिजाइन का खास तड़का है। मेरा मानना है कि स्क्रैम्बलर भारतीय बाइकिंग को वैसे ही बदल देंगे जैसे एसयूवी ने कारों की दुनिया बदल दी। स्क्रैम्बलर यानी मोटरसाइकिल्स की एसयूवी।

## लैक्टोजिप्सम प्रोसेसिंग प्लांट की घोषणा

नयी दिल्ली। वैल्यू एडीशन एवं सस्टेनेबिलिटी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के कुंभी में एक लैक्टोजिप्सम प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना को मंजूरी दे दी है, यह पीएलए के उप-उत्पादों से मूल्य सृजन बढ़ाने तथा इसके समेकित संचालन को मजबूत बनाने की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि है तकरीबन रुपये 160 करोड़ तक के अनुमानित निवेश से बनी यह प्रस्तावित युनिट लैक्टोजिप्सम का उपयोग कर जिप्सम बोर्ड बनाएगी। लैक्टोजिप्सम कंपनी के आगामी पॉलीलैक्टिक एसिड प्रोजेक्ट का उप-उत्पाद है।

## द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड के डिजिटल प्रीमियर की घोषणा

नयी दिल्ली। थिएटर में रिलीज के बाद काफी चर्चा बटोरने वाली फिल्म द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड अब 8 मई को हिंदी जी5 पर रिलीज होने जा रही है। अपनी डिजिटल रिलीज के साथ, यह फिल्म और भी बड़े दर्शक वर्ग तक पहुँचने का लक्ष्य रखती है, ताकि इसकी प्रभावशाली और भावनात्मक कहानी देशभर के घरों तक पहुँच सके। मजबूत कहानियों को जिम्मेदारी और सही संदर्भ के साथ दर्शकों तक पहुँचाना हिंदी जी5 में हमारी कहानी कहने की सोच का अहम हिस्सा है। द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड का डिजिटल प्रीमियर हमें इसकी भावनात्मक रूप से समृद्ध और जटिल कहानी को देशभर के दर्शकों तक पहुँचाने का अवसर देता है।

## ह्यूमन वर्ल्ड फॉर एनिमल्स ने किया दौरा

लखनऊ। आज, मार्स, इंकॉरपोरेटेड की परोपकारी संस्था, मार्स इम्पैक्ट फंड के प्रतिनिधियों ने ह्यूमन वर्ल्ड फॉर एनिमल्स इंडिया के एनिमल्स बर्थ कंट्रोल केंद्र का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य शहर के एकीकृत, मानवीय तरीके से आवारा कुत्तों के प्रबंधन और सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रम को देखना था। इस दौरे से यह पता चला कि कैसे कुत्तों की नसबंदी और रेबीज-रोधी टीकाकरण की पहलें मजबूत सामुदायिक जुड़ाव के जरिए सफल हो सकती हैं। यह सामुदायिक जुड़ाव ही लखनऊ को एक 'मॉडल शहर' के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाता है।

# सेंसेक्स में करीब 1000 अंकों की गिरावट




मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और आईटी कंपनियों के शेयर में भारी बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।

विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी, वैश्विक बाजारों में नकारात्मक रुख और होर्मुज जलडमरूमध्य में लगातार व्यवधान ने कारोबारियों के बीच निराशा को और बढ़ा दिया। बीएसई सेंसेक्स 999.79 अंक या 1.29 प्रतिशत टूटकर 76,664.21 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह।,260.13 अंक या 1.62 प्रतिशत फिसलकर 76,403.87 अंक तक चला गया था। बीएसई पर कुल 2,905 शेयर में गिरावट आई जबकि।,326 में बढ़त हुई और 158 अपरिवर्तित रहे। एनएसई निफ्टी 275.10 अंक या 1.14 प्रतिशत लुढ़ककर 23,897.95 अंक पर बंद हुआ। बीते सप्ताह सेसेंक्स।,829.33 अंक या 2.33 प्रतिशत गिरा और निफ्टी में 455.6 अंक या 1.87 प्रतिशत की कमजोरी हुई। भारतीय शेयर बाजारों ने लगातार तीसरे सत्र में गिरावट दर्ज रही। जोखिम से बचने की भावना ने निवेशकों के भरोसे को प्रभावित किया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और आईटी क्षेत्र में लगातार कमजोरी ने बाजार पर दबाव बनाना जारी रखा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इन्फोसिस का शेयर सबसे अधिक 7.09 प्रतिशत टूटा। इसके अलावा एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, एशियन पेंट्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे। ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट 0.95 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट 0.91 प्रतिशत टूटा। क्षेत्रवार बात करें तो बीएसई आईटी में 5.13 प्रतिशत, बीएसई फोकस्ड आईटी में 4.65 प्रतिशत, स्वास्थ्य देखभाल में 1.35 प्रतिशत, दूरसंचार में 1.33 प्रतिशत, रियल्टी में 1.30 प्रतिशत, सेवाओं में 1.17 प्रतिशत की गिरावट आई। भारतीय बाजारों में लगातार तीसरे सत्र में अपनी कमजोरी जारी रही। कमजोर वैश्विक संकेतों, आईटी कंपनियों के कमजोर नतीजों, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, महंगाई की चिंताओं और मुद्रा को लेकर दबाव ने समग्र धारणा को प्रभावित किया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 107.3 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 3,254.71 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# विदेशी मुद्रा भंडार 2.36 अरब डॉलर बढ़कर 703.30 अरब डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान 2.36 अरब डॉलर बढ़कर 703.30 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 3.82 अरब डॉलर बढ़कर 700.94 अरब डॉलर रहा था। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से पहले इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान देश का विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद के हफ्तों में भंडार में गिरावट देखी गई जिसका मुख्य कारण 28 फरवरी 2026 के आसपास शुरू हुआ पश्चिम एशिया संघर्ष था। बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता ने भारतीय रुपये पर दबाव डाला जिससे आरबीआई को डॉलर की बिक्री के माध्यम से विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार 17 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 1.48 अरब डॉलर बढ़कर 557.46 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में होने वाली वृद्धि या कमी का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 79 करोड़ डॉलर बढ़कर 122.133 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक ने बताया कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.841 अरब डॉलर हो गए। आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन सप्ताह के अंत में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित स्थिति 1.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.87 अरब डॉलर हो गई।

# निवेशकों की संपत्ति 7.17 लाख करोड़ रुपये घटी



नयी दिल्ली। शेयर बाजार में तीन सत्र की गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 7.17 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स तीन प्रतिशत से अधिक टूट गया।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने आपूर्ति बाधित होने की आशंकाओं को बढ़ा दिया है जिससे कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। तीन सत्र में 30 शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 2,609.12 अंक या 3.29 प्रतिशत टूटा। सेंसेक्स शुक्रवार को 999.79 अंक या 1.29 प्रतिशत फिसलकर 76,664.21 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह।,260.13 अंक या 1.62 प्रतिशत फिसलकर 76,403.87 तक चला गया था। इन तीन सत्र में बीएसई में शामिल कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7,17,476.54 करोड़ रुपये घटकर 4,61,49,758.18 करोड़ रुपये रह गया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने आपूर्ति व्यवधान की आशंकाओं को बढ़ा दिया है जिससे ब्रेंट क्रूड 106 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। भारत जैसी तेल आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्था के लिए इसका मतलब मुद्रास्फीति का जोखिम, मुद्रा पर दबाव और सभी क्षेत्रों में मुनाफे में कमी है।

# बिजली की अधिकतम मांग 240 गीगावाट के पार



नयी दिल्ली। देश में बिजली की अधिकतम मांग बढ़ते तापमान के कारण कूलर और एयर कंडीशनर जैसे शीतलन उपकरणों के अधिक इस्तेमाल के मद्देनजर बृहस्पतिवार को इस मौसम में सर्वाधिक स्तर 240 गीगावाट के पार पहुंच गई। देश में पूरी की गई अधिकतम बिजली मांग (एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति) 23 अप्रैल को 240.12 गीगावाट दर्ज की गई।

जो 22 अप्रैल के 239.70 गीगावाट से थोड़ी अधिक है और इस मौसम की सर्वाधिक है। विशेषज्ञों के अनुसार, देश में तापमान बढ़ने और लू के कारण अधिकतम बिजली मांग जल्द ही सितंबर 2023 में दर्ज 243.27 गीगावाट के दूसरे सबसे ऊंचे स्तर को पार कर सकती है। मई 2024 में अधिकतम बिजली मांग लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। इससे पहले सितंबर 2023 में 243.27 गीगावाट का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। पिछले वर्ष बिजली की अधिकतम मांग जून में 242.77 गीगावाट दर्ज की गई थी। आंकड़ों के अनुसार, इस महीने के पहले पखवाड़े में अधिकतम बिजली मांग अपेक्षाकृत कम रही और यह पिछले वर्ष अप्रैल के औसत 235.32 गीगावाट से नीचे बनी रही। इस वर्ष 16 अप्रैल को अधिकतम पूरी की गई बिजली मांग 234.81 गीगावाट दर्ज की गई थी जबकि अगले दिन यह बढ़कर 238.94 गीगावाट हो गई। 18 अप्रैल को मांग लगभग इसी स्तर पर 238.80 गीगावाट रही लेकिन 19 अप्रैल को घटकर 225.69 गीगावाट हो गई। इसके बाद 20 अप्रैल को फिर बढ़कर 237.43 गीगावाट पहुंच गई। 21 अप्रैल को यह घटकर 236.73 गीगावाट रह गई थी। देश में तापमान बढ़ने के साथ बिजली की मांग और खपत और बढ़ेगी क्योंकि घरेलू एवं व्यावसायिक उपभोक्ताओं द्वारा एयर कंडीशनर, एयर कूलर तथा अन्य उपकरणों का उपयोग अधिक होगा।

# नये दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास कोष की उम्मीद

नयी दिल्ली। दूरसंचार राज्य मंत्री पेम्मासानी चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार अक्टूबर तक अधिक परिव्यय के साथ एक नया दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास कोष (टीटीडीएफ) पेश करने की योजना बना रही है। उन्होंने सीओएआई डिजीकॉम समिट 2026 में कहा कि मंत्रालय ने अब तक टीटीडीएफ योजना के तहत 100 से अधिक कंपनियों को लगभग 540 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं और उनमें से कई 6जी क्षेत्र में हैं।

हम और भी अधिक परिव्यय एवं अधिक सह-वित्तपोषण तंत्र के साथ एक प्रौद्योगिकी विकास कोष लेकर आ रहे हैं, ताकि यह कोष वास्तव में वह काम कर सके जिसके लिए इसे बनाया गया है। इस कोष की पेशकश के समय के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि प्रक्रिया शुरू हो गई है और अक्टूबर तक इसे अंतिम मंजूरी मिलने की उम्मीद है। मंत्री ने उद्योग में नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में निवेश बढ़ाने पर जोर दिया जिसके लिए सरकार वित्तीय सहायता भी दे रही है। सरकार 12,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एक पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना लेकर आई है जिसमें लगभग 42 कंपनियों ने भाग लिया तथा इससे करीब 62,000 करोड़ रुपये की बिक्री हुई।

# कच्चा तेल वायदा कीमत में गिरावट

एजेंसी




नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमतें मामूली रूप से गिरकर 9,127 रुपये प्रति बैरल रह गईं, जबकि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक बेंचमार्क ऊपर चढ़ गये।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का मई माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 48 रुपये या 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 9,127 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 12,549 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि मुनाफावसूली के कारण घरेलू तेल कीमतों में गिरावट आई जबकि आपूर्ति चिंताओं के कारण वैश्विक बाजारों में मजबूती बनी रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार, न्यूयॉर्क में, जून अनुबंध वाले ब्रेंट क्रूड वायदा का दाम 2.18 डॉलर या 2.07 प्रतिशत बढ़कर 107.25 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जबकि इसी महीने की डिलीवरी वाले वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट 1.90 डॉलर या 2 प्रतिशत बढ़कर 97.75 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

# सर्राफा कीमतों में गिरावट



नयी दिल्ली। मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच कमजोर वैश्विक रुख को देखते हुए वायदा कारोबार में शुक्रवार को सोने की कीमत 462 रुपये की गिरावट के साथ 1.51 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 462 रुपये यानी 0.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ।,51,299 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसमें 8,310 लॉट का कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि डॉलर मजबूत होने तथा कच्च तेल की ऊंची कीमतों के साथ साथ महंगाई की बढ़ती चिंताओं के कारण बहुमूल्य धातुओं की कीमतों पर दबाव रहा। अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में, न्यूयॉर्क में जून अनुबंध वाले कॉमेक्स सोना वायदा 33.54 डॉलर या लगभग। प्रतिशत घटकर 4,690.46 डॉलर प्रति औंस रह गया।

## स्पीड, स्केल, सिंक्रोनाइजेशनः पूरे भारत में निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति को कैसे सशक्त बना रहा है एचपीसीएल

लखनऊ। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड देश भर में बदलती मांग के बीच निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए, स्पीड, स्केल और सिंक्रोनाइजेशन से संचालित समन्वित प्रणाली के माध्यम से भारत के ऊर्जा वितरण तंत्र को और मजबूत कर रहा है। 1 से 23 अप्रैल 2026 के बीच एचपीसीएल ने देशभर में 290 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की, जिसे एक त्वरित और तकनीक-आधारित सप्लाई चेन का समर्थन मिला। एचपीसीएल का देशव्यापी नेटवर्क बड़े पैमाने पर संचालित होता रहा है, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों बाजारों में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। लचीले ऊर्जा समाधानों की बढ़ती मांग स्पष्ट है—5 किलोग्राम के 6.18 लाख से अधिक फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर और 2 किलोग्राम के 25,000 से अधिक सिलेंडर की आपूर्ति की गई, जिससे विभिन्न उपभोक्ता वर्गों तक स्वच्छ ईंधन की पहुंच का विस्तार हुआ। बढ़ती मांग के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए एचपीसीएल ने अपनी परिचालन गतिविधियों को तेज किया, जिसके तहत इस अवधि में 1,77,693 से अधिक टैंकरों की डिस्पैचिंग की गई। अब 99.2% एलपीजी बुकिंग डिजिटल होने से कंपनी वास्तविक समय में अनुरोधों को प्रोसेस कर पा रही है—जिससे तेज आवंटन, बेहतर रूट प्लानिंग और शीघ्र डिलीवरी संभव हो रही है। एचपीसीएल की ताकत उसकी सिंक्रोनाइज्ड प्रणाली में है।

## एसबीआई लाइफ ने शुरू की थैंक्स ए डॉट पहल

नई दिल्ली। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 25 वर्षों की उत्कृष्टता के अवसर पर जीवन की सुरक्षा और सशक्तिकरण के अपने उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए अपनी प्रमुख ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता पहल थैंक्स ए डॉट को आगे बढ़ाया। यह पहल ब्रेस्ट हेल्थ को घर-परिवार की सामान्य बातचीत का हिस्सा बनाने और रोकथाम संबंधी देखभाल पर सक्रिय चर्चा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस पहल का समर्थन करते हुए छात्रों को अपने स्वास्थ्य और भविष्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं लेने के लिए प्रेरित किया। इस सत्र के बाद छात्र अधिक जागरूक, आत्मविश्वासी और स्वास्थ्य के प्रति सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित हुए। एसबीआई लाइफ की प्रमुख ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता पहल थैंक्स ए डॉट एक साधारण हॉट वॉटर बैग को प्रतीकात्मक संकेत के रूप में उपयोग करती है।

पेज एक का शेष

### बंगाल की

की। साथ ही विद्यासागर सेतु और हावड़ा ब्रिज को करीब से देखने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि हर बंगाली के लिए गंगा की विशेष अहमियत है। मोदी ने कहा कहा जा सकता है कि गंगा बंगाल की आत्मा में प्रवाहित होती है। इसके पवित्र जल में एक संपूर्ण सभ्यता की शाश्वत भावना बहती है। आज सुबह कोलकाता में मैंने हुगली नदी के तट पर कुछ समय बिताया, जो मां गंगा के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर था।

### राघव चड्ढा

था। जम्मू कश्मीर में आप का पहला विधायक 2024 में चुना गया। संसद में अब पार्टी के छह सदस्य रह गए हैं, जिनमें से तीन लोकसभा में और तीन राज्यसभा में हैं।

### उज्बेकिस्तानी

रही पुलिस को उसकी गतिविधियों पर शक हुआ। उसके बाद उसे पकड़कर मिशन शक्ति केंद्र लाया गया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम मुबीन और खुद को उज्बेकिस्तान की निवासी बताया। मामले की सूचना एलआईयू और अन्य खुफिया एजेंसियों को दी गई। दूतावास से संपर्क करने पर पता चला कि महिला का वास्तविक नाम खुजेविया जियोडा है। पुलिस जांच में सामने आया है कि महिला के पास मौजूद वीजा भी फर्जी है। इस पर पानदरीबा पुलिस चौकी में तैनात दरोगा नीरज कुमार सिंह की तहरीर पर विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी अभिनव वर्मा ने बताया कि महिला के खिलाफ नाका थाने में 23 अप्रैल की शाम एफआईआर दर्ज कर ली गई। उसका पासपोर्ट जांच के लिए भेजा गया है। वह शहर में कहां रह रही थी और भारत आने का उसका उद्देश्य क्या था। सवालों के आधार पर गहन जांच की जा रही है।

छोटे उपभोक्ताओं

लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए गए हैं। अब तक लगभग 30 लाख नए विद्युत खंभे स्थापित किए जा चुके हैं। साथ ही ट्रांसफार्मरों की क्षमता में भी व्यापक वृद्धि की गई है। ऊर्जा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाला राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में प्रदेश की जनता को बिजली की दृष्टि से किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सरकार पूरी तरह से सजग है और निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### यूपी में

क्षमता रखता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग-अलग देशों और क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न एग्रो-क्लाइमेटिक जोन होने के कारण नीतियां भी उसी अनुरूप तय की जानी चाहिए। यदि अलग-अलग जोन में इस प्रकार की गोष्ठियां आयोजित की जाएं तो उसके सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। मुख्यमंत्री ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि गत वर्ष विकसित कृषि अभियान और खेती की बात, खेत में कार्यक्रम के दौरान उन्हें कई जनपदों में जाने का अवसर मिला, जहां किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और कृषि शिक्षा से जुड़े प्रशिक्षुओं में अभूतपूर्व उत्साह व जिज्ञासा देखने को मिली। पहली बार इनोवेशन को सीधे व्यावहारिक धरातल पर उतारने का अवसर मिला है। पहले लैब में होने वाले अनुसंधान को लैंड तक पहुंचने में काफी समय लगता था, लेकिन अब लैब टू लैंड की अवधारणा साकार हो चुकी है और तकनीक सीधे खेत तक पहुंच रही है। इस अभिनव पहल के लिए मुख्यमंत्री ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस अवधारणा को व्यवहारिक रूप से देशभर में लागू करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, आवश्यकता केवल प्रभावी नेतृत्व की है, जिसकी शुरूआत भारत सरकार के स्तर से होती है और राज्य उसे तेजी से अपनाते हैं। पहले नीतियां केवल औपचारिक आयोजनों तक सीमित रह जाती थीं, लेकिन अब उनके ठोस परिणाम सामने आ रहे हैं। अन्नदाता किसानों को योजनाओं की सही जानकारी दी जाए, तो वे स्वयं बेहतर परिणाम देने में सक्षम हैं। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 की स्थिति का जिक्र करते हुए बताया कि उस समय प्रदेश में मात्र 69 कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) थे, जो लगभग निष्क्रिय अवस्था में थे और उनके वैज्ञानिक भी अन्य संस्थानों में अटैच थे। इसके बाद केंद्र सरकार की ओर से 20 नए केवीके की पहल के साथ-साथ मौजूदा केंद्रों को सशक्त बनाने की कार्ययोजना पर काम हुआ। आज स्थिति यह है कि सभी केवीके सक्रिय होकर नवाचारों को बढ़ावा दे रहे हैं और प्रदेश के सभी 9 एग्रो-क्लाइमेटिक जोन में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से कृषि विकास को नई दिशा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ये वैज्ञानिक स्थानीय स्तर पर डेमोंस्ट्रेशन करते हैं और फिर किसानों के खेत में जाकर उसे लागू करते हैं, लगातार दौरे करते हैं, निरंतर गोष्ठियां चलती हैं और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही भारत सरकार के साथ उनका सतत संवाद बना रहता है। इसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश की कृषि विकास दर 8 से बढ़कर लगभग 18 प्रतिशत तक पहुंच गई है। परिणाम बताते हैं कि हम इससे भी बेहतर उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। सीएम ने कहा कि मेरा मानना है कि आजादी के समय भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान लगभग 41-42 प्रतिशत था। समय के साथ इसका योगदान घटता गया। यदि कृषि व मैन्युफैक्चरिंग के बीच बेहतर समन्वय हो, तो विकास की गति और तेज हो सकती है। वर्तमान में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान अब भी लगभग 15-16 प्रतिशत के आसपास है, जबकि कृषि का हिस्सा घटकर लगभग 20-21 प्रतिशत तक सीमित रह गया। अब आवश्यकता है कि कृषि को वैल्यू एडिशन के साथ जोड़ा जाए। इसके लिए नए प्रयासों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने तथा प्रभावी ढंग से विस्तार देने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक आज के दौर में अत्यंत निर्णायक भूमिका निभा सकती है। उन्होंने भारत सरकार और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश में विभिन्न उत्पादों के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र स्थापित करवाए हैं। उदाहरण के तौर पर, वाराणसी में इंटरनेशनल राइस इंस्टीट्यूट की स्थापना हुई है, जो बेहतरीन परिणाम दे रहा है। यहां से नई-नई किस्में विकसित की गई हैं। अलग-अलग एग्रो-क्लाइमेटिक जोन के अनुसार कौन-सी किस्म उपयुक्त होगी, कौन-सी तकनीक अपनाई जानी चाहिए, क्वालिटी सीड किस प्रकार उत्पादन बढ़ा सकते हैं, ये सभी परिणाम अब स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि कुछ क्षेत्रों में प्रति हेक्टेयर धान का उत्पादन 100 कुंतल तक पहुंच गया है, जो पहले 50-60 कुंतल तक सीमित था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अल नीनो के कारण गेहूं और उद्यान फसलों, विशेष रूप से आम पर प्रभाव पड़ा है, लेकिन यह एक सतत चुनौती है। इसके बावजूद, लागत कम करके उत्पादन बढ़ाना, समय पर अच्छे बीज उपलब्ध कराना, केमिकल फर्टिलाइजर और पेस्टिसाइड के उपयोग को कम करते हुए नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा देना, इन सभी क्षेत्रों में निरंतर प्रयास आवश्यक हैं।

### एक मई से

तक पूरा किया जाएगा। साथ ही बताया कि किसी भी गन्ना कृषक के सर्वेक्षित भूमि का सत्यापन राजस्व विभाग की वेबसाइट से किया जा सकता है। चीनी मिलें गन्ना सर्वेक्षण के अंतिम आंकड़े सीधे विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन पोर्ट करेंगी और अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित करेंगी। विभाग के मुताबिक गन्ना सर्वेक्षण के दौरान नए सदस्यों (किसान) का पंजीकरण भी किया जाएगा। 30 सितम्बर 2026 तक पंजीकृत कृषकों को ही गन्ना आपूर्ति का लाभ मिलेगा। उपज बढ़ोत्तरी के लिए गन्ना सर्वेक्षण से लेकर 30 सितम्बर 2026 तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए अनुसूचित जाति व जनजाति के कृषकों, लघु कृषकों और अन्य कृषकों से क्रमशः 10, 100 एवं 200 रुपये प्रति कृषक शुल्क जमा कराया जाएगा।

### प्रदेश में

जिलों में वार्म नाइट की आशंका जताई गई है। आंचलिकमौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 26 अप्रैल से एक नए विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश भर में बादलों की सक्रियता बढ़ेगी और पश्चिमी यूपी समेत विभिन्न इलाकों में बूंदाबांदी से पारे में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आएगी।

फिलहाल बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नोज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मधुरा, हाथरस, कासगंज एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर संभल, बदायूं, जालोन, हमीरपुर, महोबा, झांसी भयंकर हीट वेव की चपेट में हैं।

### एटा : गड्ढे

जुटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस बीच, घायल बच्चों के अभिभावकों ने वाहन की फिटनेस और चालक की योग्तता की जांच कराने के साथ ही इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग की है।

### विपक्ष ने

संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़े और उन्हें सम्मानजनक प्रतिनिधित्व मिल सके लेकिन विपक्ष ने राजनीतिक स्वार्थों के कारण इस ऐतिहासिक पहल को आगे नहीं बढ़ने दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान ने बेटियों के प्रति समाज की सोच बदली, उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को धुएं से राहत दिलाई, जन धन योजना ने उन्हें बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा, जबकि स्टार्टअप इंडिया और लखपति दीदी जैसी योजनाओं ने आर्थिक आत्मनिर्भरता का नया रास्ता खोला है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं।

### विराज सागर

पदयात्रा निकाली थी उसमें अथाह जनसमूह उमड़ पड़ा था और योगीजी ने संकल्प लिया है कि वह महिलाओं को उनका हक दिलवाकर रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा के मण्डल अध्यक्ष (मध्य मण्डल-2) धर्मेन्द्र मिश्रा''रिंकू'', मण्डल महामंत्री (मध्य मण्डल-2) अमन कुमार सोनकर, मण्डल महामंत्री (मध्य मण्डल-2) अंकित गुप्ता, जेसी बोस वार्ड के उपविजेता पार्षद अमित तिवारी उपस्थित थे। बालदा कालोनी, कैसरबाग में शुक्रवार को विशेष सेवा शिविर में सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को दैनिक उपयोगी सामग्री बांटी गयी। उल्लेखनीय है कि विगत 12 अप्रैल को पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार एवं पूर्व मेयर लखनऊ की पुण्यतिथि पर लखनऊ के सैकड़ों की संख्या में बुजुर्ग महिलाओं, पुरुषों एवं गरीब परिवारों के लोगों के निःशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच के लिए कैम्प लगाये गये थे। उस दिन सभी लोगों के नेत्र की जांच नेत्र चिकित्सकों द्वारा की गयी थी। नेत्र चिकित्सा की जांच के उपरान्त उन सभी लोगों को नजर के चश्मे वितरित किए गए थे।




# आरसीबी ने गुजरात को पांच विकेट से हराया

## विराट और पडिक्कल के शानदार अर्धशतक लगाया



बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात ने साई सुदर्शन की शतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 18.5 ओवर में पांच विकेट पर 206 रन बनाए। उनके लिए विराट कोहली ने 81 और देवदत्त पडिक्कल 55 रनों की पारियां खेलीं। वहीं, गुजरात के लिए राशिद खान ने दो विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज, जेसन होल्डर और मानव सुथार ने एक-एक सफलता हासिल की।

वहीं गुजरात ने आरसीबी के सामने 206 रनों का लक्ष्य रखा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात ने साई सुदर्शन की शानदार शतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट पर 205 रन बनाए। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार, हेजलवुड और सुयश ने एक-एक विकेट झटके। आज आईपीएल 2026 का 34वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस के बीच चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया। आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। कप्तान रजत पाटीदार ने बताया कि फिल सॉल्ट चोट के कारण इस मुकाबले में नहीं खेलेंगे। उनकी जगह जैकब बेथेल को मौका मिला है। वहीं, गुजरात ने दो बदलाव करते हुए जेसन होल्डर को डेब्यू कैप थमाई है। इसके अलावा मानव सुथार को टीम में शामिल किया गया है। गुजरात को तीसरा झटका भुवनेश्वर कुमार ने दिया। उन्होंने हेजलवुड के हाथों वाशिंगटन सुंदर को कैच कराया। वह 16 गेंदों में 25 रन बनाकर लौटे। अब सुंदर का साथ देने जेसन होल्डर आए हैं। साई सुदर्शन शतकीय पारी खेलकर पवेलियन लौटे। उन्होंने 58 गेंदों में 100 रनों की पारी खेली। अब बटलर का साथ देने वाशिंगटन सुंदर आए हैं।

गुजरात को पहला झटका सुयश शर्मा ने दिया। उन्होंने पडिक्कल के हाथों शुभमन गिल को कैच आउट कराया। वह 32 रन बनाकर आउट हुए। पहले विकेट के लिए गिल ने साई सुदर्शन के साथ 128 रनों की साझेदारी निभाई। अब क्रीज पर जोस बटलर आए हैं। 13 ओवर के बाद एक विकेट पर 131 रन है। साई सुदर्शन ने आरसीबी के खिलाफ गुजरात को शानदार शुरूआत दिलाते हुए अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। शुभमन गिल भी उनका भरपूर साथ दे रहे हैं और गुजरात ने आठ ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए 78 रन बना लिए हैं। पावरप्ले समाप्त हो चुका है और गुजरात ने बिना कोई विकेट गंवाए 57 रन बना लिए हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स के सामने अजेय पंजाब किंग्स की कड़ी चुनौती



नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए शनिवार को यहां होने वाले मुकाबले में तालिका में शीर्ष पर चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से 47 रन से हार का सामना करने वाली दिल्ली के लिए वापसी की राह काफी चुनौतीपूर्ण होगी। इसके लिए उसके ज्यादातर खिलाड़ियों को एक साथ अच्छा प्रदर्शन करना होगा। छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ दिल्ली फिलहाल अंकतालिका के छठे स्थान पर है, जबकि पंजाब किंग्स छह मुकाबलों में 11 अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज है। उनका एकमात्र अंक तब गया था जब कोलकाता में मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। दिल्ली की सबसे बड़ी समस्या उसकी बल्लेबाजी में अस्थिरता रही है। केएल राहुल, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी ने कुछ पारियों में योगदान दिया है, लेकिन पूरी टीम एक साथ प्रदर्शन करने में नाकाम रही है। सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में असफल रहे हैं, जिससे मध्यक्रम पर दबाव बढ़ गया है। कप्तान अक्षर पटेल से भी उम्मीद की जा रही है कि वह बल्ले और रणनीति दोनों में अधिक जिम्मेदारी निभाएं। पिछले मैच में उनके कुछ निर्णयों पर भी सवाल उठे हैं, खासकर गेंदबाजी बदलावों को लेकर। विस्फोटक अभिषेक शर्मा के खिलाफ उन्होंने कामचलाऊ गेंदबाज नितीश राणा को लगातार इस्तेमाल किया, जो असरदार साबित नहीं हुआ। दिल्ली का क्षेत्ररक्षण भी चिंता का विषय रहा है। टीम ने कुछ मैचों में स्टंपिंग के मौके गंवाए, रन-आउट में गलतियां कीं और आसान कैच छोड़े, जिसका उसे काफी नुकसान हुआ है। बल्लेबाजों की तुलना में गेंदबाजी इकाई अपेक्षाकृत बेहतर रही है, लेकिन शानदार लय में चल रहे पंजाब के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने के लिए उसमें अधिक आक्रामकता की जरूरत है। पंजाब किंग्स की टीम इस समय पूरी लय में नजर आ रही है। उन्होंने हाल ही में लखनऊसुपर जायंट्स के खिलाफ इस सत्र का सबसे बड़ा स्कोर, सात विकेट पर 254 रन, बनाया।

टीमेंः दिल्ली कैपिटल्सः अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब नबी डार, नीतीश राणा, टी. नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगिसानी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।

पंजाब किंग्सः श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), विष्णु विनोद (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, कूपर कोनोली, मार्को यानसन, मुशीर खान, मिचेल ओवेन, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, बेन ड्वारशुइस, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विशाल निशाद, विजयकुमार वैशाख, यश ठाकुर।

समयः मैच दोपहर 03:30 बजे शुरू होगा।

संक्षेप

## शांभवी, दिव्यांशु ने एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता

नई दिल्ली। निशानेबाज शांभवी क्षीरसागर और दिव्यांशु देवांगन ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में 499.9 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता जिससे भारत ने शुक्रवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में अपना चौथा स्वर्ण पदक पदक हासिल किया। इस जोड़ी ने क्वालीफिकेशन दौर में कुल 632.0 अंक से शीर्ष स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। चीनी ताइपे के त्साई चिएह-यिंग और चेन यू-एन ने 498.3 अंक से रजत पदक जबकि फ्रांस की जोड़ी टिफेन पोमेस और गैस्पर्ड लेसीउर ने 434.4 से कांस्य पदक जीता। जूनियर विश्व कप में अब कुल 12 पदक हो गए हैं। पदक तालिका में भारत चार स्वर्ण पदक, पांच रजत और तीन कांस्य पदक से सबसे आगे है। अभी प्रतियोगिता के दो दिन बाकी हैं और छह स्वर्ण पदक पदक के नतीजे आने बाकी हैं। समीर ने 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल पुरुषों की जूनियर स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर में 573 अंक से फाइनल में जगह बनाई जिसमें वह सातवें स्थान पर रहे।

## दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के लिए कोनोली उपलब्ध

नयी दिल्ली। स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने पुष्टि की कि ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑलराउंडर कूपर कोनोली शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पंजाब किंग्स के इंडियन प्रीमियर लीग मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। कोनोली (22 वर्ष) अपनी पीठ के स्कैन के लिए कुछ समय के लिए ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया उनकी गेंदबाजी फिटनेस पर नजर रख रहा था। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर पंजाब किंग्स के कोच बहुतुले ने कहा, हां, वह पूरी तरह से उपलब्ध हैं। वह बस वहां गया और वापस आ गया। वह तैयार हैं और खेलने के लिए उत्सुक हैं। कोनोली ने अपने पहले आईपीएल सत्र में पंजाब को अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 163.97 के स्ट्राइक रेट से 223 रन बनाए हैं जिसमें नाबाद 72 और 87 रन की पारियां शामिल हैं। हालांकि इस स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर ने टूर्नामेंट में अभी तक गेंदबाजी नहीं की है।

# दीप्ति की फॉर्म चिंता का विषय है लेकिन वह वापसी करेंगीः मजूमदार



जोहानिसबर्ग। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा के राष्ट्रीय टीम के साथ लंबे समय से चल रहे खराब दौर को चिंताजनक करार देते हुए उम्मीद जताई कि वह जल्द ही फॉर्म में वापसी करेंगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में लगातार तीन मैच हारकर श्रृंखला गंवा चुकी है। इस दौरान दीप्ति का गेंदबाजी प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और वह अब तक एक भी विकेट हासिल नहीं कर सकी हैं। इस श्रृंखला के तसरे मैच में लॉरा वोल्वार्ट और सुने लुस ने दीप्ति की गेंदबाजी की जमकर धुनाई करते हुए उनके 3.3 ओवर में 46 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने इस मैच में 192 रन का लक्ष्य एक विकेट गंवा कर हासिल कर लिया। पिछले 10 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों (तीनों प्रारूपों में) में दीप्ति का योगदान भी सीमित रहा है, जहां उन्होंने केवल 51 रन बनाए और सात विकेट ही लिए हैं। चौथे मैच से पहले मजूमदार ने कहा, मैं बात घुमाना नहीं चाहता, दीप्ति के मामले में यह निश्चित रूप से थोड़ी चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि लय अस्थायी होती है और कौशल स्थायी। यह एक आम कहावत है, लेकिन सभी खिलाड़ियों पर लागू होती है। इसमें कोई संदेह नहीं कि वह कमाल की खिलाड़ी है। हमने विश्व कप और बड़े टूर्नामेंटों में दबाव की परिस्थितियों में उनके प्रदर्शन को देखा है। उन्होंने कहा कि यह केवल समय की बात है कि वह लय में लौटें और मुझे तथा पूरे देश को उम्मीद है कि यह कल से ही शुरू हो जाए। वह लंबे समय से टीम की अहम खिलाड़ी रही हैं और मध्यक्रम में बड़ी जिम्मेदारी निभाती आई हैं। इस समय वह भारतीय महिला क्रिकेट की प्रमुख स्तंभों में से एक हैं। जून में इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले कम समय बचा है, ऐसे में मजूमदार चाहते हैं कि गेंदबाजी इकाई खासकर पावरप्ले ओवरों में बेहतर प्रदर्शन करे। उन्होंने कहा, अगर इस श्रृंखला को भारतीय नजरिए से देखें तो हमारी सबसे बड़ी चिंता पावरप्ले में विकेट नहीं लेना है। इस पर हमने गंभीर चर्चा की है। यह इस दौरे की प्रमुख चिंताओं में से एक है, लेकिन मुझे विश्वास है कि गेंदबाज आने वाले मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

# म्हात्रे, सूर्यवंशी को टेस्ट के लिए सही सोच की जरूरत

## एकमात्र जायसवाल सभी प्रारूप के बल्लेबाजः हरभजन




मुंबई। दिग्गज क्रिकेटर हरभजन सिंह के अनुसार वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे जैसे युवा बल्लेबाजों को टेस्ट क्रिकेट के लिए सही सोच रखने की जरूरत होगी और वे यशस्वी जायसवाल को अपना आदर्श मान सकते हैं जो भारत के सभी प्रारूपों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं।

हरभजन ने जायसवाल को अगली पीढ़ी का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज कहने में जरा भी हिचकिचाहट महसूस नहीं की क्योंकि उनके पास सभी प्रारूप के लिए सही तकनीक मौजूद है। सचिन तेंदुलकर के 53वें जन्मदिन के मौके पर आयोजित लीजेंड्स क्लब के एक कार्यक्रम में हरभजन ने कहा कि उन्हें (आने वाले बल्लेबाजों को) अपनी जगह खुद बनानी होगी और इतना अचछा प्रदर्शन करना होगा कि टेस्ट क्रिकेट की टीम में शामिल होने के लिए उनकी दावेदारी मजबूत हो जाए। हरभजन ने कहा कि अगर इन सभी में से कोई सबसे बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहा है, तो वह यशस्वी जायसवाल हैं और हम उनके बारे में तो बात भी नहीं कर रहे हैं। उनके पास टी20 और टेस्ट क्रिकेट, दोनों के लिए जरूरी चीजों का एकदम सही मेल है। उनके पास ऐसी सोच है कि वे एक सत्र तक गेंद छोड़ सकते हैं और अगले सत्र में रन बनाना शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की सोच रखने वाले बहुत कम खिलाड़ी होते हैं और जायसवाल ने अपनी जगह खुद बनाई है। मुझे लगता है कि जायसवाल, सूर्यवंशी और यहां तक कि ईशान किशन की भी सोच गेंद को जोर से मारने वाली है। लेकिन साथ ही आपको यह भी समझना होगा कि जब गेंद में मूवमेंट हो और हालात अलग हों तो आपके पास ऐसी तकनीक भी होनी चाहिए जिससे आप गेंद को डिफेंड कर सकें। हरभजन ने कहा कि भारत को सूर्यवंशी जैसे खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार करने हेतु उन्हें सही तरीके से तराशना होगा। उन्होंने कहा कि आखिरकार वे सीख ही जाएंगे, चाहे उन्हें उतार-चढ़ाव का सामना ही क्यों नहीं करना पड़े। अगर कोई 15 साल का लड़का गेंद को जोर से मार सकता है तो वह उसे डिफेंड भी सकता है। यह सब सोच की बात है। अगर आप उसे मौका देंगे तो वह उस माहौल में खुद को ढाल लेगा। उन्होंने कहा, लेकिन अगर आप उसे पहले दौरे के लिए इंग्लैंड भेजते हैं, जहां गेंद स्विंग करेगी तो यह समझदारी की बात नहीं होगी। अगर हम चाहते हैं कि वह टेस्ट क्रिकेट खेले, तो हमें उसे तराशना होगा। पूर्व भारतीय स्पिनर ने कहा कि भारत में टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहतर पिचें होना बहुत जरूरी है, जिससे सिर्फ बल्लेबाजों का ही आत्मविश्वास नहीं बढ़ेगा बल्कि इसका मतलब यह भी होगा कि स्पिनरों को आसानी से विकेट नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता दी जानी चाहिए क्योंकि यहीं आपको बेहतरीन क्रिकेट और बेहतरीन क्रिकेटर मिलते हैं। टेस्ट क्रिकेट में आपको सबसे कड़ा मुकाबला देखने को मिलता है क्योंकि यह पांच दिनों तक चलता है और हर दिन चुनौती अलग होती है। इस महान स्पिन गेंदबाज ने कहा कि स्पिन गेंदबाजी की कला अब खत्म होती जा रही है। स्पिन गेंदबाजी की कला अब खत्म होती जा रही है। मैं बहुत कम ही लोगों को गेंद स्पिन करते हुए देखता हूं। स्पिनरों का काम ही गेंद को स्पिन करना होता है।

## सीएबी ने बीसीसीआई की तर्ज पर कोच व सहयोगी स्टाफ के लिए पहली बार सार्वजनिक विज्ञापन जारी किया



कोलाकाता। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने राज्य की सीनियर टीम के कोच लक्ष्मी रतन शुक्ला के उत्तराधिकारी की तलाश की प्रक्रिया शुरू करते हुए पहली बार कोचिंग और सहयोगी स्टाफ के विभिन्न पदों के लिए सार्वजनिक विज्ञापन जारी किया है।

सीएबी ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर हम नियुक्ति कर रहे हैं... हमारी टीम से जुड़े संदेश के साथ यह विज्ञापन जारी किया, जो अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित चयन प्रक्रिया की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। यह पहल मुख्य रूप से सीनियर टीम के नए मुख्य कोच की नियुक्ति के लिए है, हालांकि इसमें महिला और आयु वर्ग (अंडर-16, 19 और 23) टीमों के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सीएबी ने यह कदम भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन प्रक्रिया से प्रेरित होकर उठाया है, जिसमें विज्ञापन जारी करने, आवेदनों की समीक्षा और साक्षात्कार के बाद अंतिम चयन किया जाता है। सीएबी सचिव बाबलू कोले द्वारा जारी नोटिस में पात्रता और जिम्मेदारियों का भी उल्लेख किया गया है। पूर्व भारतीय विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा को पहले सीनियर टीम के संभावित कोच के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन सीएबी ने स्पष्ट किया है कि किसी नाम पर पहले से विचार नहीं किया जा रहा है और सभी नियुक्तियां निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही होंगी। सीएबी अध्यक्ष सौरव गांगुली अंतिम चयन में अहम भूमिका निभा सकते हैं, जबकि बोर्ड देशभर से उम्मीदवारों को आकर्षित कर योज्ञता आधारित और पारदर्शी चयन सुनिश्चित करना चाहता है। लक्ष्मी रतन शुक्ला ने 2022 में अरुण लाल की जगह सीनियर टीम की कोचिंग संभाली थी। उनके कार्यकाल में बंगाल ने रणजी ट्रॉफी में निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया, 2022-23 सत्र में उपविजेता रहा और 2025-26 सत्र में सेमीफाइनल तक पहुंचा।

# रॉयल्स की नजरें सनराइजर्स के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने पर



जयपुर। राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में शनिवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान पर उतरेगी, तो उसकी कोशिश अपने घरेलू मैदान पर दबदबा कायम रखने के साथ-साथ दोनों टीमों के बीच हुए पिछले मुकाबले का हिसाब बराबर करने की भी होगी।

यह मुकाबला आईपीएल के इस चरण में बेहद अहम माना जा रहा है, जहां दोनों टीमें जरूरी अंक हासिल करने की कोशिश में होंगी। सनराइजर्स ने प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन की शानदार गेंदबाजी के बूते दोनों टीमों के बीच 13 अप्रैल को खेले गए पहले चरण के मुकाबले को 57 रन से जीता था। रॉयल्स ने हालांकि उस हार से उबरते हुए लखनऊसुपर जायंट्स के खिलाफ 40 रन की जीत से अच्छी वापसी की है। टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद इस सत्र में उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए चौथे स्थान पर है, लेकिन उनकी आक्रामक बल्लेबाजी किसी भी टीम के लिए खतरा बनी हुई है। रॉयल्स को दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले मुकाबले में हर विभाग (पावरप्ले, मध्य ओवर और आखिरी ओवर) में संघर्ष करना पड़ा था, और टीम इस बार माकूल जवाब देने के इरादे से उतरेगी। सनराइजर्स की बल्लेबाजी की ताकत उनके शीर्ष क्रम में है, जहां इशान किशन और हेनरिक क्लासेन पहले ही कई मौकों पर आक्रामक प्रदर्शन कर चुके हैं। हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शतक लगाने वाले अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड भी तेज शुरुआत देने की कोशिश करेंगे। हिंगे और साकिब दोनों ने रॉयल्स के खिलाफ अपने आईपीएल पदार्पण में चार-चार विकेट लिए, लेकिन सनराइजर्स की गेंदबाजी अपेक्षाकृत अनुभवहीन है। टीम कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में संघर्ष कर रही है, हालांकि हाल के मैचों में कुछ सुधार देखने को मिला है। रॉयल्स की टीम मध्यक्रम की बल्लेबाजी को छोड़कर लगभग हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। टीम के नाम सात मैचों में पांच जीत हैं। उनकी बल्लेबाजी की रीढ़ युवा खिलाड़ियों पर टिकी है। यशस्वी जायसवाल ने 245 रन बनाकर स्थिरता और आक्रामकता दोनों दिखाई है। पंद्रह वर्षीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी 254 रनों के साथ टीम के शीर्ष स्कोरर हैं और उनका स्ट्राइक रेट 220 से ऊपर है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने भी उपयोगी योगदान दिया है, हालांकि कप्तान रियान पराग और अनुभवी शिमरोन हेटमायर का बल्ले से प्रदर्शन अब तक उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर ने 11 विकेट लेकर टीम की अगुवाई की है और वे इस मैच में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। वहीं अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने पिछले मैच में नाबाद 43 रन और एक महत्वपूर्ण विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई थी और वे इस मुकाबले में भी आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे।

**टीमें: सनराइजर्स हैदराबादः** इशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, हर्ष दुबे, केन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी। राजस्थान रॉयल्सः रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिम्रोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रविंद्र जड़ेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नंद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई, संदीप शर्मा।

मैच शाम 07:30 बजे शुरू होगा।

# बंगाल में नहीं होगा बाबरी मस्जिद का निर्माण

## अमित शाह ने हुगली में चुनावी रैली को संबोधित किया

उत्तरपाड़ा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि जब तक पश्चिम बंगाल में भाजपा का एक भी कार्यकर्ता जीवित है, भाजपा वहा बाबरी मस्जिद का निर्माण नहीं होने देगी।


हुगली जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा और उन पर निलंबित पार्टी विधायक हुमायूं कबीर को मुर्शिदाबाद जिले में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद का निर्माण शुरू करने की अनुमति देने का आरोप लगाया। शाह ने कहा, ममता दीदी, याद रखिए कि जब तक बंगाल में एक भी भाजपा कार्यकर्ता जीवित है, हम यहां बाबरी मस्जिद का निर्माण नहीं होने देंगे। भाजपा नेता ने पश्चिम बंगाल सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह शासन, सुरक्षा और रोजगार के मुद्दों पर वह विफल रही है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव बंगाल को आतंक, दंगों और घुसपैठियों से मुक्त करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, घुसपैठिए गरीबों की नौकरियां और राशन छीन रहे हैं। पांच मई के बाद उनकी पहचान कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। उन्होंने राज्य में अपनी पार्टी की जीत का पूरा भरोसा जताया।



विधानसभा चुनाव के नतीजे चार मई को घोषित किए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि सत्ता परिवर्तन के बाद महिलाएं रात के दो बजे भी बिना किसी डर के स्वतंत्र रूप से घूम सकेंगी। राज्य की अर्थव्यवस्था में सुधार का आश्वासन देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद राज्य के सभी बंद उद्योगों को फिर से खोला जाएगा, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

# सीईसी के खिलाफ नये नोटिस में विपक्ष ने लगायी आरोपों की झड़ी

नयी दिल्ली। विपक्ष ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रस्ताव लाने का नया नोटिस देते हुए उनके विरूद्ध कई आरोप लगाए हैं, जिनमें सत्तारूढ़ दल के साथ निकटता, आचार संहिता से जुड़ी कार्वाइयों में पक्षपात और त्रुटिपूर्ण विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को पूरे देश में क्रियान्वित करना प्रमुख हैं।



विपक्ष के 73 राज्यसभा सदस्यों के हस्ताक्षर वाला नया नोटिस शुक्रवार को राज्यसभा सचिवालय को सौंपा गया। सूत्रों ने बताया कि विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मुख्य रूप से नौ आरोप लगाए हैं। सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी दलों ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के कार्यान्वयन में पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने, निर्वाचन आयोग के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से एक मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल की पक्षपातपूर्ण और सार्वजनिक ढंग से निंदा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने केरल में आयोग के एक दस्तावेज पर भाजपा की मुहर होने की घटना का हवाला देते हुए दावा किया है कि यह सीईसी की सत्तारूढ़ दल के साथ निकटता का साक्ष्य है। विपक्षी दलों ने एसआईआर का हवाला देते हुए कहा है कि पश्चिम बंगाल में बड़ी संख्या में लोगों को मताधिकार से वंचित किया गया तथा 90 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि पश्चिम बंगाल में आयोग के अधिकारियों द्वारा अलग-अलग शिकायतों पर जानबूझकर कार्वाई नहीं की गई। विपक्षी सांसदों का यह दावा भी है, दोषपूर्ण एसआईआर को राष्ट्रव्यापी स्तर पर करने की संतुति दी गई। उच्चतम न्यायालय को पश्चिम बंगाल अनुच्छेद 142 के तहत हस्तक्षेप करना पड़ा और विधानसभा चुनाव के समय नौकरशाहों के स्थानांतरण और तैनाती के लिए शक्ति का अवैध रूप से दुरुपयोग किया गया। विपक्षी दलों ने एसआईआर का हवाला देते हुए कहा है कि पश्चिम बंगाल में बड़ी संख्या में लोगों को मताधिकार से वंचित किया गया तथा 90 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए।

## संक्षेप

### कांग्रेस नेता के बेटे की हत्या की

जांजगीर (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में तीन अज्ञात हमलावर एक स्थानीय कांग्रेस नेता के घर में घुस गए और गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें उनके एक बेटे की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बिर्रा पुलिस थाना क्षेत्र के करही गांव में देर रात करीब 12:30 बजे हुई। जांजगीर-चांपा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने बताया कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक, तीन नकाबपोश हमलावर मोटरसाइकिल पर आए और सम्मेलाल कश्यप के घर में घुस गए। सीमेंट और रेत का कारोबार करने वाले कश्यप कांग्रेस की ब्लॉक इकाई के पूर्व उपाध्यक्ष हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमलावरों ने कश्यप के दोनों बेटों पर गोलियां चलाईं, जिसमें आयुष कश्यप (19) की मौके पर ही मौत हो गई। उसके सीने में दो गोलियां लगी थीं। वहीं उसका छोटा भाई आशुतोष (16) घायल हो गया। आशुतोष के हाथ में गोली लगी है। उन्होंने बताया कि घायल आशुतोष को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा।

# चीनी कंपनियों पर ट्रंप प्रशासन कार्रवाई करेगा


वाशिंगटन। ट्रंप प्रशासन ने विदेशी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा अमेरिकी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मॉडल के दुरुपयोग पर नकेल कसने का संकल्प जताया है। माना जा रहा है कि अमेरिकी प्रशासन के निशाने पर विशेष रूप से चीन रहेगा, क्योंकि वह एआई की दौड़ में अमेरिका से कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहा है। बृहस्पतिवार को जारी एक मेमो में, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मामलों के राष्ट्रपति के मुख्य सलाहकार माइकल क्रैट्सियोस ने आरोप लगाया कि मुख्य रूप से चीन में स्थित विदेशी प्रतिष्ठान अमेरिका में निर्मित अग्रणी एआई मॉडल का दुरुपयोग कर रहे हैं।

ऐसी कंपनियां अमेरिकी विशेषज्ञता और नवाचार का दोहन कर रही हैं। क्रैट्सियोस ने लिखा कि अमेरिकी प्रशासन ऐसी गतिविधियों की पहचान करने, बचाव के उपाय विकसित करने और अपराधियों को दंडित करने के तरीके खोजने के लिए अमेरिकी एआई कंपनियों के साथ मिलकर काम करेगा। यह मेमो ऐसे समय में आया है, जब चीन कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती दे रहा है।

# आरएसएस क्लैन का भारतीय संस्करण नही, उसके बारे में कई गलतफहमियां हैं : होसबाले

वाशिंगटन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में कहा कि आरएसएस अमेरिकी श्वेत वर्चस्ववादी समूह कु क्लक्स क्लैन का कोई भारतीय संस्करण नहीं है। साथ ही उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में संगठन के कार्यों पर प्रकाश डाला।

हडसन इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित न्यू इंडिया कॉन्फ्रेंस में संवादात्मक सत्र के दौरान होसबाले ने कहा कि अमेरिका में भारत के बारे में गलतफहमियों की तरह ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बारे में भी गलत धारणाएं हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को लेखक वाल्टर रसेल मीड के साथ चर्चा के दौरान कहा, दशकों से जानबूझकर या अनजाने में अन्यथा किसी एजेंडा के तहत इस तरह की धारणा गढ़ी गई है कि आरएसएस एक हिंदू वर्चस्ववादी संगठन है या यह ईसाई विरोधी, अल्पसंख्यक विरोधी, विकास विरोधी और आधुनिकीकरण का विरोधी है। होसबाले ने कहा, इसलिए सकारात्मक कार्यों को कभी उजागर नहीं किया गया। इसके बजाय हमेशा गलत छवि का ही प्रचार किया जाता रहा है... जैसे हम कु क्लक्स क्लैन का कोई भारतीय संस्करण हों, जो कि हम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू दर्शन और संस्कृति पूरे विश्व को एक परिवार की तरह देखती है और यह वर्चस्ववाद का समर्थन नहीं करती। आरएसएस सरकार्यवाह ने कहा, हम सजीव और निर्जीव, हर चीज में एकता देखते हैं। जब यही हिंदुओं का मूल दर्शन है, तो श्रेष्ठता का प्रश्न ही नहीं उठता। इतिहास में हिंदुओं ने कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया है। होसबाले ने आरएसएस को भारत की सांस्कृतिक और सभ्यतागत विचारधारा में निहित एक स्वयंसेवी आंदोलन के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा, आरएसएस भारत के प्राचीन समाज की सांस्कृतिक नैतिकता और सभ्यतागत मूल्यों से प्रेरित एक जन स्वैच्छिक आंदोलन है जिसे सामान्यतः हिंदू संस्कृति के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा, चरित्रवान, आत्मविश्वासी, समाज सेवा का भाव रखने वाले और समाज को संगठित करने में सक्षम स्वयंसेवकों को तैयार करने के लिए आरएसएस एक घंटे की दैनिक और साप्ताहिक शाखाओं का आयोजन करता है। इन एक घंटे की शाखाओं के माध्यम से हम जीवन के मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। होसबाले ने कहा कि आरएसएस हिंदू पहचान को धार्मिक नहीं बल्कि सभ्यतागत पहचान के रूप में देखता है। उन्होंने कहा, अल्पसंख्यक समूहों और पड़ोसी देशों के साथ तनाव राजनीतिक हितों और इतिहास की गलत व्याख्याओं से पैदा होता है। उन्होंने यह भी कहा कि गलतफहमियों को दूर करने के लिए अल्पसंख्यक समुदायों के साथ निरंतर संवाद महत्वपूर्ण है। पड़ोसी देशों के बीच तनाव के कई कारण हैं।



# उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी अब बीजिंग में संभालेंगे पदभार

लंदन। विक्रम दुरईस्वामी ने ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त के रूप में इस सप्ताह अपना कार्यकाल पूरा किया और अब वह बीजिंग रवाना होंगे, जहां वह चीन में भारत के नए राजदूत के रूप में पदभार संभालेंगे। ब्रिटेन के विदेश कार्यालय में हिंद-प्रशांत मामलों की मंत्री सीमा मल्होत्रा ने लंदन में तीन वर्ष से अधिक के दुरईस्वामी के कार्यकाल के दौरान भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय साझेदारी को नयी उंचाई पर ले जाने में उनकी भूमिका की सराहना की।

ब्रिटिश-भारतीय मंत्री ने पिछले वर्ष द्विपक्षीय संबंधों की प्रमुख उपलब्धियों में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के सफल निष्कर्ष तक पहुंचाने में दुरईस्वामी के शांत स्वभाव और आकर्षक व्यक्तित्व का विशेष उल्लेख किया। हाल ही में लंदन में आयोजित विदाई समारोह में मल्होत्रा ने कहा, आपने (दुरईस्वामी ने) हमारे देशों के बीच साझेदारी को नए स्तर पर पहुंचाया। मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में आपने अहम भूमिका निभाई और यह सुनिश्चित किया कि इस समझौते के रास्ते में आने वाली हर चुनौती का समाधान हो। उन्होंने कहा कि आपके कार्य ने ब्रिटेन-भारत इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग ब्रिज के जरिए नए निवेश के रास्ते खोले हैं। ये मजबूत नींव आने वाले वर्षों में भी हमारी कहानी, हमारे रिश्तों और एक-दूसरे के देशों में निवेश को आगे बढ़ाती रहेगी... बीजिंग का लाभ, लंदन की हानि होगी। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 1992 बैच के अधिकारी दुरईस्वामी मंदारिन भाषा में पारंगत हैं। इससे पहले वह सितंबर 1996 से लगभग चार वर्षों तक बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास में तैनात रह चुके हैं। उन्होंने सांसदों, सरकारी अधिकारियों और प्रवासी भारतीय प्रतिनिधियों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ भी कभी पूरी तरह समाप्त नहीं होता। यह लगातार प्रगति की प्रक्रिया है और हमेशा ऐसी ही रहेगी। मुक्त व्यापार समझौता हमें व्यापार बढ़ाने, निवेश प्रवाह तेज करने और निवेश बढ़ाने का मंच देता है कि भारत की वृद्धि और सफलता में ब्रिटेन की वृद्धि और सफलता निहित है और इसके विपरीत भी। इसलिए यह काम अभी बाकी है और कभी रुकने वाला नहीं है। लंदन में डिप्लोमैटिक कोर के मार्शल एलिस्टेयर हैरिसन ने भी इंडिया हाउस पहुंचकर महाराज चार्ल्स तृतीय की ओर से उन्हें विदाई तथा शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह भारत-ब्रिटेन राजनयिक संबंधों की मजबूती, निरंतरता और साझा परंपराओं को दर्शाता है। विदेश मंत्रालय में सचिव और 1992 बैच के ही आईएफएस अधिकारी पेरियासामी कुमारन को ब्रिटेन में भारत का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है और वह जल्द ही लंदन में अपना कार्यभार संभालेंगे।

# अपने श्रमिकों का सम्मान करने वाले देश की प्रगति कोई नहीं रोक सकता: मांडविया

बडगाम (जम्मू कश्मीर)। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि जो देश अपने श्रमिकों की गरिमा को महत्व देता है, वह प्रगति की राह पर निरंतर आगे बढ़ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसलिए श्रमिकों का कल्याण शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

केंद्रीय श्रम और रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री मांडविया ने मध्य कश्मीर जिले के ओमपुरा में 30 बिस्तरों वाले कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल का उद्घाटन किया। मांडविया ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जो देश अपने श्रमिकों की गरिमा को महत्व देता है, वह प्रगति की राह पर निरंतर आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, हमारी सामाजिक सुरक्षा कवरेज 2015 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64.3 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने बताया कि 2025 में अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ द्वारा इस दिशा में देश के प्रयासों को मान्यता दी गई थी। केंद्रीय मंत्री ने पिछले साल लागू किए गए चार श्रम कानूनों के प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि ये सुधार श्रमिकों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच, अनिवार्य नियुक्ति पत्र और न्यूनतम मजदूरी सहित लंबे समय से प्रतीक्षित सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ईएसआईसी की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ जुड़ने से सूचीबद्ध अस्पतालों में लाभार्थियों को कैशलेस इलाज की सुविधा और अधिक व्यापक रूप से मिल रही है।


## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म 'राका' में कम नहीं होगा दीपिका का रोल

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया है। इस खबर के सामने आने के बाद से ही उनकी अपकमिंग फिल्म 'राका' को लेकर तरह-तरह के दावे किए जा रहे थे। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि प्रेग्नेंसी की वजह से फिल्म में दीपिका का रोल छोटा किया जा सकता है या उन्हें रिप्लेस किया जा सकता है। अब फिल्म की टीम ने इन सभी खबरों को पूरी तरह गलत बताते हुए स्थिति साफ कर दी है। दीपिका

**मेकर्स ने रिप्लेसमेंट और रोल छोटा करने की खबरों को बताया गलत**

ने पिछले रविवार को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की जानकारी दी थी। रिप्लेसमेंट की खबरें बेबुनियाद फिल्म 'राका' की टीम ने कहा है कि दीपिका को रिप्लेस करने या उनका रोल छोटा करने की खबरें पूरी तरह बेबुनियाद हैं।



टीम के मुताबिक, सब कुछ तय प्लान के हिसाब से चल रहा है। दीपिका पादुकोण फिल्म 'राका' का एक बेहद अहम हिस्सा हैं और सेट पर पूरी एनर्जी के साथ शूटिंग चल रही है। मेकर्स ने साफ किया है कि फिल्म की स्क्रिप्ट में प्रेग्नेंसी की वजह से कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है। प्रेग्नेंसी के दौरान करेंगी एक्शन सीन्स इंडस्ट्री के सूत्रों के मुताबिक, दीपिका अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान भी डायरेक्टर एटली की इस फिल्म की शूटिंग जारी रखेंगी। फिल्म में उनके कुछ इंटेंस एक्शन सीक्वेंस भी हैं, जिन्हें वे सावधानी के साथ पूरा करेंगी। बताया जा रहा है कि दीपिका और मेकर्स ने सुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम किए हैं। 2027 में रिलीज होगी फिल्म फिल्म 'राका' का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर एटली कर रहे हैं और इसे सन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। फिल्म में साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन लीड रोल में नजर आएंगे। हाल ही में अल्लू अर्जुन के 44वें जन्मदिन पर मेकर्स ने उनका फर्स्ट लुक रिवील किया था, जिसमें वे बिना बालों (गंजा लुक) के काफी रफ और टफ अवतार में दिखे थे।

यह फिल्म साल 2027 में बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। दूसरी बार पेरेंट्स बनने वाले हैं दीपिका-रणवीर दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने एक जॉइंट इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की जानकारी दी थी। दीपिका और रणवीर सिंह ने साल 2018 में इटली के लेक कोमो में शादी की थी। शादी के करीब 6 साल बाद सितंबर 2024 में उन्होंने अपनी पहली बेटी 'दुआ' का स्वागत किया था।

### जातिवाद पर छलका 'पंचायत' एक्टर का दर्द, आज भी मंदिर में नहीं मिलती एंट्री

**मुंबई**। वेब सीरीज पंचायत में नए सचिव जी के किरदार से चर्चा में आए विनोद सूर्यवंशी ने हाल ही में बताया कि उनके कर्नाटक स्थित गांव में आज भी उन्हें एक मंदिर में प्रवेश नहीं मिलता। विनोद सूर्यवंशी ने सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत में कहा कि उनके गांव में आज भी जातिगत आधार पर भेदभाव होता है। उन्होंने बताया कि गांव दो हिस्सों में बंटा हुआ है, जहां एक तरफ उच्च जाति के लोग रहते हैं और दूसरी तरफ दलित जाति के लोग। विनोद ने बताया कि आज भी एक ऐसा मंदिर है जहां हमें जाने (दलित समुदाय) की अनुमति नहीं है। हम मंदिर के अंदर नहीं जा सकते। हमें बाहर ही तेल देना पड़ता है, नारियल चढ़ाना पड़ता है और फिर पुजारी अंदर जाकर चढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं कुछ समय पहले मंदिर में

# सुकेश ने जैकलीन को जेल से लेटर लिखा, प्यार और जंग में सब जायज

**मुंबई**। सुकेश को 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग और जबरन वसूली मामले में अक्टूबर 2019 में गिरफ्तार किया गया था। 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस के अप्रूवर बनने के आवेदन के बीच आरोपी सुकेश

**एक्ट्रेस ने गवाह बनने की अर्जी दी थी**

चंद्रशेखर ने जेल से उन्हें फिर लेटर लिखा है। 21 अप्रैल को लिखे इस लेटर में सुकेश ने जैकलीन को बेबी बोम्मा और माय जैकी कहा। लेटर में उसने लिखा कि प्यार और जंग में सब जायज है और वह हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा, चाहे कुछ भी हो जाए। सुकेश ने अपने मैसेज में यह भी कहा कि तुम मेरी हो और मैं तुम्हारा हमेशा रहूंगा। उसने जैकलीन के लिए यह भी लिखा कि वह उन्हें बहुत याद करता है और यह रिश्ता उसके लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है।



# शाहरुख खान की 'जवान 2' की तैयारी

**मुंबई**। शाहरुख खान अपनी फिल्म 'किंग' की शूटिंग पूरी करने के बाद 'जवान' के सीक्वल पर काम शुरू करेंगे। 'जवान 2' का शुरूआती काम पूरा हो चुका है। फिल्म की स्क्रिप्ट पिछले कई महीनों से लिखी जा रही थी, जिसे अब फाइनल कर लिया गया है। स्क्रिप्ट तैयार हुई, अब विलेन की तलाश 'जवान 2' का आइडिया काफी समय से पाइपलाइन में था। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की स्क्रिप्ट अब पूरी तरह तैयार है। 'जवान' में विजय सेतुपति ने विलेन का दमदार रोल निभाया था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब सीक्वल के लिए मेकर्स किसी बड़े साउथ सुपरस्टार को विलेन के तौर पर साइन करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म की कास्टिंग को लेकर जल्द ही बड़े खुलासे हो सकते हैं। एटली एक बार फिर साथ काम करेंगे इस सीक्वल के जरिए शाहरुख खान और डायरेक्टर एटली एक बार फिर साथ काम करेंगे।



**किंग के बाद शुरू होगी शूटिंग, साउथ के बड़े एक्टर को विलेन बनाने की तैयारी**

'जवान' के साथ एटली ने हिंदी सिनेमा में अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। जानकारी के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग अगले साल यानी 2027 में शुरू हो सकती है। शाहरुख इस बार 'जवान' के यूनिवर्स को और भी बड़ा बनाना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि फिल्म का स्केल और मास अपील पहले से कहीं ज्यादा हो। हालांकि, मेकर्स की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।






Viraj

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com